# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 26 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-39 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# तय योजनाओं पर बेहतर ढंग से कार्य शुरू करें : नीतीश

## समृद्धि यात्रा के दौरान बक्सर और भोजपुर पहुंचे मुख्यमंत्री

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के क्रम में आज बक्सर और आरा पहुंचे। जहां उन्होंने करोड़ों रूपए की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। वहीं जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की, साथ ही जनसंवाद कार्यक्रम में भी शामिल हुए। सीएम ने बक्सर के किला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में जिले से संबंधित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा में प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक के दौरान बक्सर डीएम श्रीमती साहिला ने प्रगति यात्रा से संबंधित योजनाओं, सात निश्चय-2 तथा सात निश्चय-3 की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान सीएम ने कहा कि प्रगति यात्रा से संबंधित जिन योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, उनका क्रियान्वयन तेजी से करें। सात निश्चय-2 और 3 के तहत जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनका बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें और जो योजनाएं निर्धारित की गई हैं, उस पर बेहतर ढंग से कार्य शुरू करें। सीएम ने कहा कि हमलोगों ने राज्य को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने हेतु सात निश्चय-3 के कार्यक्रमों को लागू किया है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ योजनाओं को क्रियान्वित करें ताकि बिहार देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि बिहार में उद्योगों को और ज्यादा बढ़ावा मिले, बिहार के युवा दक्ष एवं आत्मनिर्भर हों तथा उन्हें अधिक से अधिक रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप नीति बनाई गई है ताकि युवा अपना रोजगार शुरू कर सकें। समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय कुमार चौधरी, मो. जमा खान, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, संबद्ध विभागों के अपर मुख्य सचिव, सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेश कुमार पराशर, शाहाबाद प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ. सत्यप्रकाश सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### सीएम ने बक्सर-भोजपुर को दी 1058 करोड़ की सौगात

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में बक्सर जिलान्तर्गत 592 करोड़ रुपये की लागत से 64 विकासात्मक योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 486 करोड़ रुपये की लागत से 23 योजनाओं का शिलान्यास एवं 106 करोड़ रुपये की लागत से 41 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। वहीं सीएम ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को दिये तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उधर, मुख्यमंत्री ने भोजपुर जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने इसी परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर भोजपुर जिले के लिए 197 करोड़ रुपये की लागत से 494 योजनाओं का उद्घाटन एवं 269 करोड़ रुपये की लागत से 227 योजनाओं का शिलान्यास किया।

## कोइलवर-बक्सर मैरिन ड्राइव का होगा निर्माण : सम्राट

**कनेक्टिविटी और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा**

**पटना/बक्सर/आरा (एनएसबी)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को कहा कि पटना के बाद अब कोइलवर से बक्सर तक मैरिन ड्राइव का निर्माण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र में यातायात और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। श्री चौधरी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ समृद्धि यात्रा के दौरान बक्सर पहुंचे। उपमुख्यमंत्री ने बक्सर के किला मैदान में आयोजित जनसभा में कहा कि जिले में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। बक्सर में हाल ही में सीमेंट प्लांट का उद्घाटन किया गया है और यहां देश का सबसे बड़ा कोल्ड ड्रिंक बॉटलिंग प्लांट भी स्थापित किया गया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि बक्सर-चौसा सड़क का निर्माण जारी है और गंगा नदी पर फोरलेन पुल बनाया जा रहा है, जिससे कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। उन्होंने बताया कि राज्य में सड़कों का विस्तार के बाद 1 लाख 40 हजार किलोमीटर सड़क है जबकि पहले यह आंकड़ा महज 6 हजार किलोमीटर था।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को मंगलवार रात पेट में इंफेक्शन की शिकायत के बाद दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। बुधवार को अस्पताल द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, सोनिया गांधी को मंगलवार रात 10:22 बजे सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के चेयरमैन डॉ अजय स्वरूप ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि डॉक्टर उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

### राजस्थानः भरतपुर में लूट के दौरान ज्वेलर की गोली मारकर हत्या

**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले में बुधवार शाम एक दिल दहला देने वाली वारदात में 45 वर्षीय ज्वेलर की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी और सोने-चांदी के गहनों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। मृतक की पहचान योगेंद्र चोपड़ा के रूप में हुई है, जिन पर उनके घर से महज 100 मीटर की दूरी पर हमला किया गया। वह दुकान बंद कर स्कूटर से घर लौट रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना शाम करीब 7:15 बजे नदबई के पंजाबी कॉलोनी इलाके में हुई।

### निमार्णाधीन पुल के पिलर का ढांचा गिरने से दो मजदूरों की मौत

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के उभांव थाना के बेल्थरारोड कस्बे के समीप स्थित मधुबनी गांव में एक निमार्णाधीन पुल के एक पिलर का ढांचा ढहने से चार मजदूर दब गए। इस दुर्घटना में दो मजदूरों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हुए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार आज सुबह पुल निर्माण कार्य में लगे मजदूर पिलर के लिए सरिया बांध रहे थे। तभी असंतुलन के कारण अचानक लोहे का ढांचा भरभरा कर गिर पड़ा। जिसकी चपेट में आकर चार मजदूर दब गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद ठेकेदारों ने तत्काल जेसीबी मशीन की मदद से मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर पहुंचाया।

## वैशाली खनन कार्यालय में निगरानी का छापा

# 50 हजार घूस लेते दो कर्मी गिरफ्तार



**हाजीपुर/पटना (एनएसबी)।** बुधवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए वैशाली जिले के हाजीपुर में खनन विभाग में 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए डाटा इंट्री ऑपरेटर और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। यह राशि गिट्टी की दुकान के लाइसेंस जारी करने के लिए ली जा रही थी। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के एक अधिकारी ने बताया कि वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले जिमदार कुमार ने पटना ब्यूरो मुख्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि गिट्टी भंडारण दुकान के लिए लाइसेंस निर्गत करने के एवज में खनन विभाग के डाटा ऑपरेटर राहुल कुमार रौशन द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। ब्यूरो द्वारा प्राप्त शिकायत की जब जांच कराई गई तो आरोपी द्वारा रिश्वत मांगे जाने का प्रमाण पाया गया। प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने के बाद इस मामले की एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई और पुलिस उपाधीक्षक सदानंद कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि निगरानी विभाग ने मामले में कार्रवाई की। जैसे ही डाटा ऑपरेटर और उसके सहयोगी प्रमोद कुमार ने रिश्वत की रकम अपने हाथ में ली, पहले से जाल बिछाकर बैठी निगरानी विभाग की टीम ने उन्हें रंगे हाथों दबोच लिया। बताया गया कि यह कार्रवाई जिला खनन विभाग के कार्यालय से की गई है। आरोपियों के पास से घूस की पूरी राशि बरामद कर ली गई है। अधिकारी ने बताया कि बाकी पकड़े गए लोगों से पूछताछ के बाद उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। ब्यूरो के अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा इस साल यह 36वें मामले की प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें ट्रैप संबंधित यह 28वां मामला है। अभी तक 25 आरोपियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।

## हम पाकिस्तान की तरह दलाल देश नहीं : एस जयशंकर



**सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने कहा था-ईरान जंग में PAK मध्यस्थता कर रहा, भारत मूकदर्शक बना**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को संसद में हुई सर्वदलीय बैठक में कहा कि भारत पाकिस्तान जैसा दलाल देश नहीं है और हम किसी के लिए भी मध्यस्थता नहीं करते। उन्होंने यह जवाब कांग्रेस नेता तारिक अनवर के बयान पर दिया। बैठक में तारिक अनवर ने कहा था कि पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है, जबकि भारत मूकदर्शक बना हुआ है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 2 घंटे चली बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात और देश में तेल और गैस की उपलब्धता पर चर्चा हुई। इस दौरान विपक्ष ने आरोप लगाया कि भारत चुप क्यों है। इस पर सरकार ने कहा कि वह लगातार स्थिति पर प्रतिक्रिया दे रही है। सरकार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से कहा है कि युद्ध जल्द खत्म होना चाहिए, क्योंकि इससे सभी को नुकसान हो रहा है। हालांकि विपक्ष ने सरकार के जवाबों को असंतोषजनक बताया और संसद के दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। हालांकि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मीटिंग में शामिल नहीं हुए। तृणमूल कांग्रेस (TMC) ने भी बैठक में हिस्सा नहीं लिया।

## गंगा नदी में डूबकर तीन युवकों की मौत

### एक लापता

**पटना सिटी (एनएसबी)।** मालसलामी थाना क्षेत्र स्थित दमराही घाट पर बुधवार सुबह चैती छठ पूजा के दौरान तीन युवक गंगा नदी में डूब गए। इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई है, जबकि तीसरे युवक की तलाश अब भी जारी है।

हादसे के बाद घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मृतकों की पहचान गणेश कुमार (18) और रोहित कुमार (19) के रूप में हुई है। दोनों कंकड़बाग स्थित हनुमान नगर के निवासी बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, छठ पर्व के अवसर पर दमराही घाट पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित थे और गंगा नदी में स्नान कर पूजा-अर्चना कर रहे थे। इसी दौरान तीन युवक भी स्नान करने के लिए नदी में उतरे। बताया जाता है कि नदी की गहराई अधिक होने और पानी की धारा तेज होने के कारण तीनों युवकों का संतुलन बिगड़ गया। देखते ही देखते वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घाट पर मौजूद लोगों ने जब युवकों को डूबते देखा तो तुरंत शोर मचाया। स्थानीय लोगों की तत्परता और प्रशासन की मदद से दो युवकों को किसी तरह नदी से बाहर निकाला गया। दोनों की हालत गंभीर थी, जिसके बाद उन्हें तुरंत एनएमसीएच ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीसरे युवक का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। उसकी तलाश के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम और स्थानीय गोताखोरों द्वारा गंगा नदी में सघन खोज अभियान चलाया जा रहा है। मालसलामी थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि युवक निर्धारित सुरक्षित क्षेत्र से आगे बढ़ गए थे, जिसके कारण वे तेज धारा की चपेट में आ गए।

### रोहतास में थार ने बाइक सवार तीन को रौंदा, दो मरे

**डेहरी आन सोन (एनएसबी)।** बिहार में रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र के डेहरी- बिक्रमगंज मार्ग पर भरकुडिया गांव के निकट अनियंत्रित थार वाहन ने बुधवार को बाइक सवार तीन युवकों को रौद दिया, जिससे दो युवकों की मौत हो गई, जबकि गंभीर घायल एक का इलाज सासाराम सदर अस्पताल में चल रहा हैं। घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल डेहरी ले जाया गया है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और थार को जब्त कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत डेहरी बिक्रमगंज मुख्य सड़क एस एच 15 पर बुधवार की सुबह अनियंत्रित थार ने भरकुडिया गांव निवासी बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दिया।

## गुजरात विधानसभा में समान नागरिक संहिता बिल पारित

**गांधीनगर (एजेंसी)।** गुजरात विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक आज बहुमत से पारित हो गया है। इसके साथ ही उत्तराखंड के बाद गुजरात यूसीसी लागू करने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया है। बिल पारित होने के बाद सदन में सत्तापक्ष के सदस्यों ने समर्थन जताते हुए जय श्री राम के नारे लगाए और मेज थपथपाकर स्वागत किया। सदन में बिल के विरोध में विपक्षी सदस्यों ने सवाल उठाएं। वहीं सत्तापक्ष के सदस्यों ने इस बिल को समानता, न्याय और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाला बताया। गुरुवार को विधानसभा में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया। जिसके बाद सदन में 7 घंटे में लंबी चर्चा हुई। चर्चा के दौरान हलाला प्रथा, शाह बानो केस, अभिनेता धर्मेंद्र के दूसरे विवाह और श्रद्धा वाकर जैसे मामलों का भी उल्लेख किया गया।

## सड़क हादसे में पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत

**सोनभद्र (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में करमा थाना क्षेत्र में राबर्ट्सगंज मीरजापुर मार्ग पर मंगलवार की देर रात एक बजे दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकी दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि राबर्ट्सगंज-मीरजापुर मार्ग पर करकी ग्राम पंचायत के पास देर रात में एक बजे दो मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। इस घटना में एक मोटरसाइकिल पर सवार जौनपुर जिले के जय सिंह, उनकी पत्नी सरिता सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

## केंद्र से UDAN 2.0 योजना को मंजूरी, 100 एयरपोर्ट बनेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए हैं। इनमें 2030-35 के नए पर्यावरण लक्ष्य तय करना, मोडिफाइड UDAN योजना को मंजूरी और इमिग्रेशन सिस्टम के आधुनिकीकरण के लिए IVFRT 3.0 योजना शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि कैबिनेट ने मोडिफाइड रीजनल एयर कनेक्टिविटी योजना UDAN 2.0 को मंजूरी दी है। इसके तहत 100 नए एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे। इस पर 28,840 करोड़ रुपए खर्च होंगे। कैबिनेट ने इमिग्रेशन, वीजा और विदेशी नागरिक ट्रैकिंग से जुड़ी IVFRT 3.0 योजना को 31 मार्च 2031 तक 5 साल के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी है। इसके लिए ₹1,800 करोड़ का बजट रखा गया है, जिसका इस्तेमाल इमिग्रेशन चेक पोस्ट पर अक टूल्स, आइरिस स्कैनिंग (आंखों की स्कैनिंग) और बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के लिए इस्तेमाल होगा।



**इमिग्रेशन, वीजा और विदेशी नागरिक ट्रैकिंग से जुड़ी IVFRT योजना 5 साल के लिए बढ़ी**

**UDAN 2.0 योजना-टियर-2 और टियर-3 शहरों में कनेक्टिविटी बढ़ेगी :** केंद्र के मुताबिक, 100 नए एयरपोर्ट्स बनाने के लिए सरकार उन एयरस्ट्रिप्स का इस्तेमाल करेगी जो अब तक इस्तेमाल में नहीं है। हर एयरपोर्ट पर करीब 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए 12,159 करोड़ रुपये का अलग से बजट रखा गया है। इसके अलावा हिमालयी राज्यों, नॉर्थ-ईस्ट और द्वीपों के लिए 200 नए हेलीपैड्स बनाए जाएंगे। इसके लिए 3,661 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

## रूस ने यूक्रेन पर दागे 1000 से ज्यादा ड्रोन व मिसाइलें, सात की मौत

**मास्को (एजेंसी) ।** रूस ने यूक्रेन पर अब तक के सबसे बड़े हवाई हमले को अंजाम देते हुए करीब 1,000 ड्रोन और मिसाइलें दागीं। इस हमले में कई लोगों की मौत हुई, दर्जनों घायल हुए और ल्वीव समेत कई शहरों में भारी तबाही देखने को मिली। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब युद्ध खत्म करने की कोशिशों के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यूक्रेन पर रूस ने हाल के दिनों में अब तक के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक को अंजाम दिया है। अधिकारियों के अनुसार करीब 24 घंटे के भीतर रूस ने लगभग 1,000 ड्रोन और मिसाइलें दागीं, जिनमें कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बताया गया है कि रात के समय करीब 400 लंबी दूरी के ड्रोन और 23 क्रूज मिसाइलें दागी गईं। इसके बाद दिन में भी असामान्य रूप से 556 ड्रोन से हमला किया गया, जिसने पश्चिमी यूक्रेन के कई शहरों को निशाना बनाया।

# डोनाल्ड ट्रम्प की शर्तों पर जंग खत्म नहीं होगी : ईरान

## अमेरिका का प्रस्ताव धोखा है, सीजफायर के लिए 5 शर्तें रखीं

**तेल अवीव/ तेहरान/वॉशिंगटन (एजेंसी)।** ईरान ने अमेरिका के सीजफायर प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। उसने कहा है कि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शर्तों पर जंग खत्म नहीं करेगा। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका ने मध्यस्थ देशों के जरिए जो प्रस्ताव भेजा, वह धोखा है और जमीनी हकीकत से कटा हुआ है और इसका मकसद सिर्फ दबाव बनाना है। ईरान ने कहा है कि युद्ध का अंत तभी होगा जब उसकी शर्तें पूरी होंगी।

**इसके लिए उसने 5 प्रमुख शर्तें रखी हैं :** 1. ईरान के खिलाफ हमलों और टारगेटेड किलिंग्स पर पूरी तरह रोक

2. भविष्य में दोबारा युद्ध न होने की ठोस गारंटी, 3. युद्ध में हुए नुकसान का मुआवजा, 4. सभी मोर्चों पर संघर्ष का पूर्ण अंत, 5. होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान के अधिकार को अंतरराष्ट्रीय मान्यता। ईरान ने यह भी कहा कि जब तक उसकी शर्तें पूरी नहीं होतीं, तब तक जवाबी कार्रवाई जारी रखेगा। उसका कहना है कि अमेरिका बार-बार अपनी शर्तें बदलता है, जबकि तेहरान अपने रुख पर स्थिर है।





**अमेरिका ने ईरान को 15 प्वाइंट का प्लान भेजा:** अमेरिका ने ईरान को युद्ध खत्म करने के लिए 15 प्वाइंट का प्लान भेजा है। यह प्लान पाकिस्तान के जरिए तेहरान तक पहुंचाया गया। NYT की रिपोर्ट के मुताबिक इस प्रस्ताव में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और न्यूक्लियर प्रोग्राम के साथ-साथ स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में समुद्री आवाजाही जैसे अहम मुद्दों को शामिल किया गया है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ इस बातचीत में अहम मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### दानापुर पुलिया हादसा सरकार की लापरवाही का नतीजा : राजेश राम

**पटना।** दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ढिबरा गांव में विजय सिंह पथ-ढिबरा सड़क परियोजना के तहत निर्माणाधीन पुलिया की दीवार ढहने की घटना अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है। इस हादसे में दो मजदूर मलबे में दब गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। ये बातें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहीं। उन्होंने घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा बिहार सरकार की घोर लापरवाही, भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण का सीधा परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में विकास के नाम पर सिर्फ कागजी योजनाएं चल रही हैं, जबकि जमीनी स्तर पर गुणवत्ता और सुरक्षा की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आखिर किसकी जिम्मेदारी तय होगी, क्या सरकार बताएगी कि बिना मानक के निर्माण कार्य कैसे हो रहा था, मजदूरों की सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम किए गए थे, यह साफ है कि सरकार ठेकेदारों को खुली छूट देकर जनता की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है। राजेश राम ने राज्य सरकार से मांग की कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा घायल मजदूरों का समुचित इलाज सुनिश्चित करते हुए उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए।

### रामनवमी पर न्यू मार्केट व्यवसायिक संघ करेगा देखभाल

**पटना।** श्री रामनवमी पूजा समिति, न्यू मार्केट व्यावसायिक संघ पिछले 42 वर्षो से श्रद्धालुओं की सुविधाओं की व्यवस्था करता आ रहा है। इस कड़ी में इस वर्ष भी 27 मार्च को रामनवमी के उपलक्ष्य में श्री रामनवमी पूजा समिति, न्यू मार्केट व्यावसायिक संघ रामभक्तों की सभी सुविधा का देखभाल करेगा। यह जानकारी संघ द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में न्यू मार्केट व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष अरुण रस्तोगी ने दी। वहीं अपने संबोधन में संघ के सचिव संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में विगत वर्षो की तरह इस वर्ष भी लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इस उपलक्ष्य में हमारे कार्यकर्ता राम भक्तों की सुविधा के लिए महिला एवं पुरुष पंक्तियों की समुचित, सुचारु एवं अनुशासित व्यवस्था, बिजली, पंखा, पर्याप्त बत्ती, रोशनी की व्यवस्था करेंगे। संघ के उपाध्यक्ष गोपाल जयसवाल ने कहा कि इन सुविधाओं के साथ ही स्वच्छ जल, शरबत पेय, शीतल पेय, प्राथमिक उपचार, खोया - पाया घोषणा डेस्क की सुचारु व्यवस्था की जाएगी। कोषाध्यक्ष बैजनाथ अग्रवाल ने बताया कि हमारी संस्था वर्ष 2017 से महाभंडारे का भी आयोजन करते आ रही है। इस वर्ष जागरण का भी आयोजन होने जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 27 मार्च को प्रातः 10 बजे से हमारी संस्था द्वारा कार्यक्रम प्रारम्भ किया जाएगा। मौके पर संघ के संस्थापक सदस्य प्रदीप गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक रणवीर जैन, सदस्य सुमन सिकदर, राजकुमार जयसवाल, अंकित मेहरा, शशांक प्रसाद, सचिन, रितेश सिंघल, विजय शर्मा, महेश बहरूस सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 3800 करोड़ का राजस्व हासिल करेगा खनन विभाग

**पटना।** खान एवं भूतत्व विभाग चालू वित्तीय वर्ष के निर्धारित राजस्व के लक्ष्य को हासिल कर लेगा। अब तक विभाग को 3252 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इसके अलावा 400 करोड़ रुपये कार्य विभागों और 150 करोड़ रुपये घाटों से प्राप्त होंगे। इस तरह विभाग को लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य की प्राप्ति हो जाएगी। यह जानकारी उप-मुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कही। वे बुधवार को विकास भवन सचिवालय स्थित अपने विभागीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 10 से अधिक जिलों ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक राजस्व संग्रह किया है। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के 78 बालू घाटों ने बिना राजस्व लक्ष्य हासिल किए सरेंडर कर दिया गया है। ऐसी कंपनियों को दोबारा बालू घाटों के टेंडर में शामिल होने का मौका नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि खनन विभाग ने 2021-22 में 1600 करोड़ रुपये राजस्व संग्रह किया था। 2024-25 में राजस्व संग्रह में दोगुना की बढ़ोतरी हुई है और यह 3536 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। मौके पर विजय सिन्हा ने 24 लोगों को 5 हजार रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से बिहारी खनन योद्धा का पुरस्कार प्रदान किया। यह राशि इन सभी प्रतिभागियों के बैंक खाते में सीधे ट्रांसफर की गयी है। बिहारी खनन योद्धा पुरस्कार योजना के अंतर्गत विभाग की तरफ से अवैध खनन या ढुलाई में शामिल ट्रैक्टर को पकड़वाने पर 5 हजार रुपये प्रति ट्रैक्टर और ट्रक को पकड़वाने पर 10 हजार रुपये प्रति वाहन की दर से ईनाम देने का प्रावधान है। 12 मार्च बिहारी खनन योद्धा पुरस्कार के अंतर्गत 72 लोगों को पुरस्कृत किया गया था। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने चार वृह्द खनन ब्लॉक का टेंडर किया है। इसमें तीन खनिज ब्लॉक रोहतास और एक गया में मौजूद हैं। रोहतास में ग्लूकोनाइट तथा गया में निकेल, क्रोमियम और प्लेटिनियम के खनिज पदार्थ हैं।

### चकाचक ग्रामीण सड़कों से बदल रही गांवों की तस्वीर’

**पटना।** बिहार के गौरवशाली इतिहास और अस्मिता के महापर्व बिहार दिवस पर राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय भव्य समारोह में उत्साह और उल्लास का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इस राज्यस्तरीय आयोजन में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा स्थापित विशेष पवेलियन आमलोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा है। इससे पहले बिहार दिवस के उद्घाटन के अवसर पर इस पवेलियन में विभाग की ऐतिहासिक उपलब्धियों को करीब से देखने और जानने के लिए भारी संख्या में आमजन आये। विभाग ने अपने इस पवेलियन के माध्यम से विभागीय विकास यात्रा की सुखद तस्वीर पेश की। इस भव्य प्रदर्शनी में विभाग की प्रमुख उपलब्धियों और दूरगामी योजनाओं को बेहद आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। सुदूर टोलों और बसावटों तक पहुंची पक्की सड़कों एवं नदियों पर बने नए पुलों को आकर्षक मडलों तथा डिजिटल डिस्प्ले के जरिए जनता के सामने रखा गया। इस भव्य प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण वहां स्थापित 3-डी मॉडल रहा। इस मॉडल के माध्यम से विभाग ने बहुत ही रचनात्मकता और रोचक ढंग से यह दर्शाया कि किस प्रकार सुदूर टोलों और बसावटों तक पहुंची पक्की सड़कों ने ग्रामीण जीवन की पूरी दशा और दिशा बदल कर रख दी है। उस मॉडल के माध्यम से यह बताया गया कि कैसे एक मजबूत बारहमासी पक्की सड़क गांव के बच्चों को सीधे उनके विद्यालय से जोड़ रही है, जिससे शिक्षा की राह आसान हुई है। साथ ही, कैसे किसी आपात स्थिति में एम्बुलेंस बिना किसी मौसमी बाधा के कच्ची पगडंडियों की बजाय पक्की सड़क से होते हुए मरीज के दरवाजे से सीधे अस्पताल पहुंच रही है। इसके अलावा कृषि विपणन की सुलभता को दशति हुए किसानों को अपनी ताजी उपज आसानी से मुख्य बाजारों तक ले जाते हुए भी प्रदर्शित किया गया। विकास के इस सकारात्मक प्रभाव को दशनि वाला यह 3-डी मॉडल मेले में आए दर्शकों विशेषकर युवाओं और बच्चों को बेहद रोमांचित कर रहा था। मॉडल इतना आकर्षक था कि लोग वहां रुककर विकास की इस तस्वीर को निहारते रहे और इस 3-डी मॉडल के सामने खड़े होकर तस्वीरें खिंचवाते रहे। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आमजनों को विभाग के उन अथक प्रयासों और पारदर्शी कार्यप्रणाली की स्पष्ट जानकारी प्रदान करना था, जिनके कारण आज सुदूर गांव भी सीधे शहरों और मुख्य राजमार्गो से जुड़ रहे हैं। प्रदर्शनी में दी गयी जानकारियों से लोगों में यह स्पष्ट संदेश गया कि सुशासन के निरंतर प्रयासों से ग्रामीण कार्य विभाग का सुढ़ सड़क, सुलभ संपर्क, समग्र विकास का मूल संकल्प अब धरातल पर पूरी तरह साकार हो रहा है, जो एक सशक्त और आत्मनिर्भर बिहार की नींव रख रहा है।

# हड़ताली राजस्व कर्मचारियों के समर्थन में महासंघ

**गोप गुट ने पटना सहित अन्य जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर जताया समर्थन**

**हड़ताली राजस्व कर्मचारियों और पदाधिकारियों की मांगों को अविलम्ब पूरा करने की मांग**

**पटना (एनएसबी)।** जून 2025 में हड़ताल बाद सरकार के साथ हुए लिखित समझौता वाली 17 सूत्री मांगों के क्रियान्वन को लेकर 11 फरवरी से हड़ताल कर रहे राजस्व कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों के समर्थन में बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट ) के राज्यव्यापी आह्वान पर आज पटना के गर्दनीबाग में गोप गुट से जुड़े सैकड़ों कर्मियों ने प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

महासंघ (गोप गुट) के राज्य सचिव मंडल की बैठक के आलोक में हड़ताली राजस्व कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों के समर्थन में बुधवार को गर्दनीबाग में जिला गोप गुट द्वारा प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व राज्य अध्यक्ष निरंजन कुमार सिन्हा, महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा, जिला सचिव मनोज कुमार यादव, राष्ट्रीय सचिव रणविजय कुमार आदि ने किया।

प्रदर्शन के बाद संक्षिप्त सभा हुई जिसकी अध्यक्षता गोप गुट राज्याध्यक्ष निरंजन कुमार सिन्ह एवं संचालन जिला सचिव मनोज कुमार यादव ने किया। सभा को




प्रदर्शन में शामिल हड़ताली राजस्व कर्मचारी।

सम्बोधित करते हुए महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा ने कहा कि आज बिहार के सभी जिला मुख्यालयों पर राजस्व कर्मचारियों सहित राजस्व पदाधिकारियों की हड़ताल के समर्थन में प्रदर्शन किया जा रहा है और जिला पदाधिकारी को ज्ञापन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री से कारगर हस्तक्षेप करते हुए तत्कालीन विभागीय अपर मुख्य सचिव के साथ हुए 17 सूत्री मांगों (गृह जिला में पदस्थापन, ग्रेड पे 1900 के बदले 4200 करने, प्रोन्नति देने, राजस्व कर्मचारी के बदले असिस्टेंट रेवेन्यू अफिसर का पदनाम करने, सभी कर्मचारियों की सेवा सम्पुष्टी, बायोमेट्रिक अटेंडेंस से मुक्ति, लैपटॉप रिचार्ज की व्यवस्था करने एवं क्षेत्र भ्रमण हेतु सरकारी वाहन उपलब्ध कराने आदि) को पूरा करने की मांग की।

ऐक्टू के राष्ट्रीय सचिव रणविजय कुमार ने कहा कि धमकी से हड़ताल समाप्त होने वाली नहीं है बल्कि समझौते को लागू करने पर ही हड़ताल समाप्ति संभव है। बिहार के कर्मचारियों ने कई तानाशाह मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को देखा है जिन्हें बिहार की जनता एवं कर्मचारी ने मिलकर इतिहास के कूड़ेदान में फेंक दिया है। इसलिए धमकी देने के बदले पूर्व में हुए समझौते के बिंदुओं को तत्परता से लागू करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जिला सचिव मनोज कुमार यादव, अविनाश कुमार पवन, राकेश कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने विभागीय मंत्री एवं अफसर से संवैधानिक व्यवस्था एवं परम्परा का सम्मान करने एवं तत्काल पूर्व के समझौते को लागू करने की मांग की। प्रदर्शन में जिला कोषाध्यक्ष नीतेश आनंद, सलाहकार छठुलाल, राजस्व कर्मचारी के पटना जिला अध्यक्ष संजय कुमार, मनीष कुमार, नचिकेता कुमार सहित महासंघ (गोप गुट) से जुड़े सैंकड़ों लोग शामिल हुए।

## 12 प्रोबेशर आईएएस को पंचायती राज में प्रशिक्षण

**पटना (एनएसबी)।** बुधवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (2024) बैच के 12 परीक्ष्यमान प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने पंचायती राज विभाग में विभागीय संरचना एवं कार्यप्रणाली से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया। विभाग के सचिव मनोज कुमार ने प्रशिक्षु पदाधिकारियों को विभागीय पदाधिकारियों से परिचित करवाया। उन्होंने विभागीय संरचना, प्रशाखावार आवंटित कार्य, विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाएं यथा पंचायत सरकार भवन, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना, 15वीं वित्त आयोग, छठें राज्य वित्त आयोग, ग्राम कचहरी इत्यादि से संबंधित जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रदान की। सचिव ने क्षेत्र में उप- विकास आयुक्त के पद पर कार्य करने के दौरान आने वाली चुनौतियों से संबंधित जानकारी भी प्रशिक्षु पदाधिकारियों को दी और क्षेत्र में सकारात्मक सोच के साथ त्रि- स्तरीय पंचायती राज संस्थान के जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर जनहित में कार्य करने की सलाह दी। साथ ही बिहार पंचायती राज अधिनियम - 2006 के प्रावधानों को गंभीरतापूर्वक समझने के लिए कहा।

## बिहार-वन से जनकल्याणकारी योजनाओं की तेज डिलीवरी

पटना (**एनएसबी**)। राज्य सरकार इतिहास, विरासत और ज्ञान की समृद्ध परंपरा के ध्वजवाहक शासन-प्रशासन को नया आयाम देने और उसे आम लोगों को नजदीक लाने की क्रांतिकारी योजना पर काम कर रही है। यह केवल सरकारी पहल नहीं, बल्कि दूरदर्शी कदम है, जहां तकनीक के माध्यम से जीवन को सरल, तेज और अधिक पारदर्शी बनाया जा रहा है। राज्य 'बिहार वन' के साथ देश में ई-गवर्नेंस सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पटना डिजिटल परिवर्तन के उभरते केंद्र के रूप में पूर्वी भारत में अपनी पहचान बना रहा है। इसका नेतृत्व कॉरपोरेट इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड (सीआईपीएल) कर रही है। 'बिहार वन' के तहत बिहार सरकार से इस कंपनी को 87 करोड़ का निविदा मिली है, जिसे इसी साल जुलाई में गो-लाइव करने की समय सीमा तय की गई है। इस परियोजना से सरकारी सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान हो जाएगी। इसके वजह से लोगों को लंबी कतारों में खड़ा होना नहीं पड़ेगा और न ही दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ेंगे।

# घर बैठे मिलेगा घरेलू पाइप्ड नेचुरल गैस का कनेक्शन

**नव संदेश ब्यूरो**

**इच्छुक उपभोक्ता निःशुल्क कर सकते हैं आवेदन**

**सिटी गैस डिस्ट्रब्यूशन कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर करना होगा ऑनलाइन आवेदन**

**बतौर जमानत राशि पांच सौ और साढ़े चार हजार रुपए वाली दो योजनाओं में से कर सकते हैं किसी एक का चयन**

**पटना।** राज्य में स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से घरेलू पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं उपभोक्ता अनुकूल बनाया गया है। अब आम नागरिक घर बैठे ही अनलाइन माध्यम से घरेलू पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिससे उन्हें पारंपरिक गैस सिलेंडर पर निर्भरता से मुक्ति मिलेगी और निरंतर गैस आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

राज्य के पटना जिले में गेल, बांका जिले में एचपीसीएल, बेगूसराय जिले में थिंक गैस, गयाजी एवं नालंदा जिले में आईओएजीपीएल, दरभंगा, गोपालगंज, मधुबनी, पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी, सिवान, एवं सुपौल जिलों में बीपीसीएल तथा राज्य के शेष जिलों में आईओसीएल सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनी के स्तर से घरेलू पीएनजी गैस कनेक्शन दी जा रही है। इच्छुक उपभोक्ता अपने जिले के संबंधित सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर निःशुल्क ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

आवेदन के बाद उपभोक्ता को निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेज जैसे पहचान प्रमाण एवं पता प्रमाण अपलोड करना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों के सफल सत्यापन के बाद उपभोक्ता को यूनिक बीपी (बिजनेस पार्टनर) नंबर जारी किया जाएगा, जो आगे की सभी सेवाओं एवं बिलिंग प्रक्रिया के लिए आवश्यक होगा।

घरेलू गैस कनेक्शन सक्रियण के दौरान उपभोक्ता के मौजूदा एलपीजी स्टोव को पीएनजी उपयोग हेतु उपयुक्त बनाया जाता है तथा सभी सुरक्षा मानकों के अनुरूप जांच के बाद गैस आपूर्ति प्रारंभ कर दी जाती है। घरेलू पीएनजी गैस कनेक्शन की पूरी प्रक्रिया पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित की जाती है, जिससे उपभोक्ताओं की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित हो सके। घरेलू पीएनजी कनेक्शन उपलब्धता संबंधित क्षेत्र में सीजीडी नेटवर्क के विस्तार पर निर्भर करेगी। उपभोक्ता अपने जिले में कार्यरत संबंधित सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनी से संपर्क कर इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## टीचर ऑफ द मंथ के लिए 22 शिक्षकों का किया गया चयन

**अपर मुख्य सचिव ने चयनित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

**पटना (एनएसबी)।** शिक्षा विभाग ने 'टीचर ऑफ द मंथ' के तहत फरवरी माह में राज्य के 22 शिक्षकों का चयन किया है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य्य सचिव ने इन चयनित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

राज्य सरकार ने सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को प्रोत्साहिता करने के लिए 'टीचर ऑफ द मंथ' से सम्मानित करने का निर्णय लिया है। ताकि प्रखंड स्तर पर बेहतर करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जा सके। इसके लिए प्रत्येक माह में 1 से 10 तारीख तक ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि निर्धारित है। इसके बाद शिक्षकों के असाधारण शिक्षण कौशल, समर्पण, छात्रों पर सकारात्मक प्रभाव और स्कूल शिक्षा विभाग के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के आधार पर उनका चयन किया जाता है। 'टीचर ऑफ द मंथ' के तहत फरवरी माह में राज्य के जिन 22 शिक्षकों का चयन किया गया है, उनमें भोजपुर के 9, खगड़िया के 6, मुजफ्फरपुर के 3 जबकि समस्तीपुर, मधेपुरा, किशनगंज और कैमूर के 1-1 शिक्षक शामिल हैं। इन चयनित शिक्षकों को अपर मुख्य सचिव डॉ. बी राजेंद्र ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। शिक्षा विभाग ने एससीएस द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र संबंधित शिक्षकों के विद्यालयों में भेज दिया है।

## अब निजी विद्यालयों में भी मिलेगा दिव्यांग बच्चों को नामांकन

**अपर मुख्य शिक्षा सचिव और समाज कल्याण सचिव ने बैठक के बाद दिए गए निर्देश**

**दिव्यांग बच्चों के शिक्षा अधिकार पर मंथन के लिए हुई बैठक**

**दिव्यांग बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में बनेगी समिति**

**समाज कल्याण विभाग की सचिव बन्दना प्रेयषी ने दिव्यांग बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने में आ रही चुनौतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की**

**पटना (एनएसबी)।** राज्य में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत दिव्यांग बच्चों का नामांकन अब निजी विद्यालयों में भी होगा। इसको ध्याम में रखते हुए बुधवार को समाज कल्याण विभाग की सचिव बन्दना प्रेयषी और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी राजेन्दर ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि निहित प्रावधान के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों का निजी विद्यालयों में नामांकन के लिए विशेष पहल की जाएगी।

इस क्रम में अपर मुख्य सचिव डॉ. बी राजेन्दर ने प्राथमिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में समिति गठित करने का निर्देश दिया। यह समिति राज्य के निजी विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर सुझाव देगी। इसके साथ ही उन्होंने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने, निजी विद्यालय संघ प्रतिनिधियों के साथ संबंधित विषय पर तुरन्त बैठक करने का निदेश दिया।

इससे पूर्व समाज कल्याण विभाग की सचिव बन्दना प्रेयषी की ओर से दिव्यांग बच्चों को शिक्षा उपलब्ध्ध कराने में आ रही चुनौतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। उनके माध्यम से ऐसे बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में उल्लेखित प्रावधान के आलोक में निजी विद्यालयों में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के नामांकन एवं पठन-पाठन के लिए विभिन्न सुझाव भी दिये। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्च्चों को बेहतर शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए समाज कल्याण विभाग की ओर से यथासंभव सहयोग प्रदान किया जायेगा।

बैठक में दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय के निदेशक योगेश कुमार सागर, प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर समेत अन्ध्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## पंचायती राज संस्थाओं को मिले 1203 करोड़

**पंचायती राज मंत्रालय ने जारी की 15 वें वित्त आयोग के दूसरे टाइड अनुदान की राशि**

**पटना (एनएसबी)।** केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और महाराष्ट्र में पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत टाइड और अनटाइड अनुदान के रूप में 4,383.98 करोड़ रुपये जारी किया है। इसके तहत बिहार के त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को टाईड अनुदान की दूसरी किश्त के रूप में 1203.60 करोड़ जारी किए गए हैं। इसके साथ ही पहली किश्त के रोके गए हिस्से से 2.09 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि उन 3 ब्लॉक पंचायतों और 7 ग्राम पंचायतों के लिए भी जारी कर दी गई है जो अब पात्र हो गई हैं। इसके पहले 27 जनवरी को पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की थी और विभाग से जुड़े विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञापन सौंपा था। 15वें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित अनुदान के तहत 803.79 करोड़, स्वास्थ्य क्षेत्र अनुदान के रूप में अवशेष 2622.65 करोड़ रुपये व राज्य की ग्राम पंचायतों में निर्मित पंचायत सरकार भवनों के क्रियान्वयन एवं रख-रखाव के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया था। उन्होंने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत केन्द्रांश मद की अवशेष 83 करोड़ रुपये की राशि विमुक्त करने का अनुरोध भी किया था। साथ ही जिला पंचायत संसाधन केंद्रों में कंप्यूटर लैब के सुदृढ़ीकरण और ई-गवर्नेंस के लिए बजट में वृद्धि का आग्रह किया था।

## मुंगेर से मिर्जा चौकी का सफर होगा बेहद आसान, बनेगी टू-लेन सड़क

**सेकेंड फेज में मिर्जा चौकी से भागलपुर के बीच बन रही 10 मीटर चौड़ी एक्जिस्टिंग सड़क**

**इससे करीब डेढ़ घंटे में पूरी होगी 120 किमी लंबी यात्रा**

**पटना (एनएसबी)।** बहुप्रतिष्ठित भागलपुर से मिर्जा चौकी तक पेल सोल्जर के साथ बन रही दो लेन सड़क का कार्य अप्रैल 2026 में पूरा हो जाएगा। इस सड़क से स्थानीय नागरिकों को जाम समेत दूसरी अन्य समस्याओं से स्थाई तौर पर छुटकारा मिल जाएगा। वहीं मुंगेर से भागलपुर के बीच आने-जाने वाले लोगों को यात्रा में भी काफी सहूलियत मिलेगी।

भागलपुर से मिर्जा चौकी को जोड़ने वाली तत्कालीन पांच मीटर चौड़ी सड़क वर्ष 2018 में आई बाढ़ के बाद कई स्थानों पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। सड़क पर जगह-जगह पानी बहने लगने के कारण इसकी स्थिति दिन ब दिन बदतर होती जा रही थी। इस सड़क पर ट्रैफिक का इतना दबाव रहता है कि मुंगेर से भागलपुर, भागलपुर से कहलगांव और उसके आगे तक की यात्रा में को काफी चुनौती आती है। मौजूदा सड़क के निर्माण के लिए भागलपुर इंडस्ट्री ट्रक एसोसिएशन के साथ दूसरे कई संगठन और अन्य जिलों के प्रमुख लोग अलग-अलग मंचों से आवाज भी उठा चुके हैं। इसके मद्देनजर राज्य सरकार ने संपूर्ण सड़क को 10 मीटर चौड़ी कर दो लेन विद पेव्ड शोल्डर सड़क बनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए प्राक्कलन तैयार कर राज्य सरकार ने स्वीकृति के लिए एनएचएआई को भेजा। एनएचएआई की ओर से हरित क्षेत्र मार्ग पर सड़क निर्माण की योजना थी, इसीलिए प्राधिकरण की ओर से उपरोक्त सड़क के लिए पर्याप्त राशि की स्वीकृति नहीं दी गई।

पहले से मौजूदा रोड के निर्माण के लिए फिर से प्राक्कलन तैयार कर केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भेजा गया। साथ ही इस सड़क से आवागमन के दौरान होने वाली समस्या को देखते हुए राज्य सरकार इसका समाधान निकालने में निरंतर प्रयासरत रही है। नतीजा भारत सरकार की ओर से इस संपूर्ण मौजूदा सड़क के लिए न सिर्फ 10 मीटर चौड़ीकरण की स्वीकृति दी गई बल्कि ओवरटॉप करने वाले हिस्से को एक मीटर तक रेज करने, ढलाई वाली सड़क के रूप में विकसित करने की अनुमति भी दी गई। विभाग के अभियंताओं का कहना है कि पहले पैकेज में मुंगेर से भागलपुर के बीच सड़क निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। दूसरे पैकेज में 566.15 करोड़ की लागत से भागलपुर से मिर्जा चौकी के बीच 47.714 किलोमीटर लंबी सड़क का काम अप्रैल में पूरा कर लिया जाएगा। इससे मुंगेर से मिर्जा चौकी के बीच करीब 120 किमी का सफर डेढ़ से दो घंटे में पूरा कर पाएंगे।

# सूर्य मंदिर तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**छठ की खुशियां मातम में बदलीं**

**दनियावां (एनएसबी)।** सूर्य मंदिर परिसर में बुधवार को उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब महापर्व छठ के समापन के दौरान 18 वर्षीय युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सूर्योदय के समय दूसरे अर्घ्य के दौरान हुए इस हादसे ने पूरे इलाके में सन्नाटा पसार दिया। मृतक की पहचान शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के छोटी केवई गांव निवासी अखिलेश यादव के पुत्र आकाश कुमार (18 वर्ष) के रूप में हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार, आकाश अपने रिश्तेदार के घर छठ पूजा में शामिल होने दनियावां आया था। बुधवार सुबह वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सूर्य मंदिर तालाब घाट पर पहुंचा था। अर्घ्य और पूजा के बीच वह तालाब में स्नान करने लगा। इसी दौरान वह कब गहरे पानी में चला गया और डूब गया, इसका पता किसी को नहीं चल पाया।

हैरानी की बात रही कि पूजा संपन्न होने के बाद परिजन अपने-अपने घर लौट गए। जब काफी देर तक आकाश घर नहीं पहुंचा, तब परिजनों को किसी अनहोनी का संदेह हुआ। आनन-फानन में सभी वापस घाट पर पहुंचे और खुद ही तालाब के पानी में उसकी तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद आकाश का शव पानी से बरामद हुआ। शव निकलते ही घाट पर मौजूद परिजनों में कोहराम मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही दनियावां पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया। थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया कि घटनास्थल पर पुलिस टीम को भेजकर मामले की छानबीन की गई है। पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

इस घटना के बाद छोटी केवई गांव और दनियावां स्थित मृतक के रिश्तेदारों के घर मातम छाया हुआ है। जिस घर में सुबह तक महापर्व के गीतों की गूंज थी, वहां अब केवल परिजनों के रोने की आवाजें सुनाई दे रही हैं।

### अर्घ्य के दौरान गंगा में डूबा 12 साल का छोटू

**फतुहा (एनएसबी)।** नदी थाने के सबलपुर स्थित गंगा घाट पर बुधवार की सुबह अर्घ्य के दौरान 12 वर्षीय किशोर की गंगा में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक 12 वर्षीय छोटू कुमार अपने मामा गुलमहियाचक निवासी मुन्ना पासवान के घर आया हुआ था। बुधवार की सुबह वह परिजनों के साथ सबलपुर गंगा घाट पर अर्घ्य देने आया था। इस दौरान वह स्नान करने लगा और गंगा के गहरे पानी में डूब गया। इस घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है।

# दयानन्द के विचार आज भी प्रासंगिक, हम सभी को अपनाने की जरुरत : शिव गोपाल मिश्रा

**दरभंगा (एनएसबी)।** डी ए वी पब्लिक स्कूल, दरभंगा में वार्षिकोत्सव आभार का आयोजन अत्यंत ही हर्षोल्लास वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर दरभंगा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिव गोपाल मिश्रा मुख्य अतिथि, जिलाधिकारी कौशल कुमार सम्मानित अतिथि एवं प्रतिभा मिश्र और उर्वशी रानी विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे, जिन्हें विद्यालय की ओर से पुष्पगुच्छ एवं शॉल से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रो के साथ दीप प्रज्वलित करके किया गया। विद्यालय की प्राचार्या स्निग्धा स्नेहा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की हमारे शैक्षिणिक संस्थान स्वामी दयानन्द के मार्गदर्शन एवं विचारों का अनुसरण करते हुए वैदिक मूल्यो एवं नैतिक चेतना के साथ आगे बढता है। आज के परिवेश में भी डी ए वी संस्था बच्चों में वैदिक मूल्यो के साथ झ साथ नवाचार के द्वारा शिक्षा दे रही है। शिक्षा हमें ज्ञान देती है, सेवा समाज के प्रति



कार्यक्रम में भाग लेते जिला जज, जिलाधिकारी एवं अन्य।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

जिम्मेदारी का भाव जगाती है, और संस्कार नैतिक दिशा प्रदान करते हैं। यह समारोह छात्रों को आत्म-विश्वास और नेतृत्व की भावना से ओत-प्रोत करने का एक शुभ अवसर है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा बच्चों की मेधाशक्ति जागृत होती है तथा परस्पर स्पर्धा की भावना बढती है।

मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिव गोपाल मिश्रा ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज और देश को आपसी प्रेम और समता का संदेश देते हैं। दयानन्द के विचार आज भी प्रासंगिक हैं जिन्हे हम सभी को अपनाने की जरुरत है। वहीं जिलाधिकारी कौशल किशोर ने कहा कि आज के भौतिकवादी युग में भी डी ए वी संस्था नवसमाज निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है। आर्य समाज और डी ए वी संस्था सामाजिक कुरीतियों को हटाकर शिक्षा के द्वारा राष्ट्र को सबल बना रही है। अतिथियों एवं अभिभावको के द्वारा दयानंद पर आधारित कार्यक्रम, तबला तरंग, मेरा भारत महान जैसे कार्यक्रमों की भूरि झ भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर डी ए वी जोन जी झ के अन्य स्कूलो के प्राचार्यगण एवं शहर के कई गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहें । बच्चों ने झ आभार कार्यक्रम के द्वारा अपने देश, राज्य, अभिभावकों एवं शिक्षकों के प्रति नृत्य झ संगीत के द्वारा आभार प्रकट किया। इस अवसर पर बच्चों को अपनी कक्षा के शैक्षणिक योग्यता

**नवसमाज निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही डी ए वी : कौशल कुमार**

**वैदिक मूल्यो के साथ झ साथ नवाचार के द्वारा शिक्षा दे रही है डी ए वी : स्निग्धा स्नेहा**

प्रमाण पत्र, खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को, एन सी सी में सर्वोच्य प्रदर्शन करने वाले बच्चों तथा अन्य गतिविधियों मे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी उनके अभिभावको के साथ सम्मानित किया गया । आभार कार्यक्रम में लगभग 350 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया तथा 20 से ज्यादा कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में 3000 बच्चें एवं इनके अभिभावक शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्राचार्य ,डी ए वी बखरी, मुजफ्फरपुर रमेश चंद्र शर्मा के द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### चरित्र प्रमाण पत्र सत्यापन के नाम पर अवैध उगाही का वीडियो वायरल, पुलिस पर उठे सवाल

**बहादुरपुर (एनएसबी)।** फेकला थाना में चरित्र प्रमाण पत्र सत्यापन के नाम पर अवैध उगाही का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है कि थाना क्षेत्र का एक व्यक्ति चरित्र प्रमाण पत्र के सत्यापन हेतु फेकला थाना पहुंचता है, जहां मौजूद सत्यापनकर्ता द्वारा रिपोर्ट भेजने के नाम पर उनसे रुपये की मांग की जाती है। हालांकि, वायरल वीडियो की पुष्टि हम नहीं करते हैं। इस संबंध में जब फेकला थाना अध्यक्ष वशिष्ठ कपार से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस तरह की किसी घटना की जानकारी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी कर्मी द्वारा इस प्रकार की अनुचित हरकत की गई है, तो पीड़ित व्यक्ति को थाना में आकर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। शिकायत मिलने के बाद जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### खैनी नही देने पर पीटकर किया जख्मी

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के रामपुरा मे खैनी नही देने पर बदमाशो ने गांव के ही युवक को फाइटर पंच से मारकर जख्मी कर दिया। जख्मी मो सुहैब को इलाज के लिए सिंहवाड़ा सीएचसी मे ले जाया गया । इस मामले मे मौके पर पहुंची पुलिस ने मो अमन, मो सहादत को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले मे रामपुरा निवासी मो० सुहैब ने सिंहवाड़ा थाना मे एफआईआर दर्ज कराया है, जिसमे गांव के ही मो अमन, मो रियाज, मो अली, मो शहादत, मो राहत को नामजद आरोपित किया है। दर्ज एफआईआर मे बताया है कि देर शाम कलिता चौक रामपुरा में सडक किनारे बैठा हुआ था। उसी समय मो अमन खैनी मांगने लगा मैने देने से मना करने किया तो उपरोक्त अन्य आरोपी ने पीछे से पकर लिया एवं रॉड, लोहे का फैटर से मेरे मुह नाक पर मारकर जख्मी कर दिया। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की गिरफ्तार बदमाश को न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है।

### विश्वविद्यालय में तीन दिनों का अवकाश

**दरभंगा (एनएसबी)।** संस्कृत विश्वविद्यालय में तीन दिनों का अवकाश रहेगा। इस दौरान विश्वविद्यालय मुख्यालय, स्नातकोत्तर विभाग, शिक्षा शास्त्र विभाग एवं इसके अंतर्गत सभी अंगीभूत, सम्बद्ध शास्त्री एवं उपशास्त्री महाविद्यालयों में काम-काज बंद रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि 26 मार्च को सम्राट अशोक जयंती, 27 को रामनवमी एवं 31 मार्च को महावीर जयन्ती है। इसलिए इस अवसर पर तीन दिनों का अवकाश रहेगा। इस आशय की विभागीय सूचना कुलसचिव प्रो. ब्रजेशपति त्रिपाठी ने बुधवार को जारी कर दी है।

### शिवराम गांव में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के शिवराम गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्याम बिहारी महाराज ने राजा परीक्षित की घटना का वर्णन किया।मुख्य घटना श्राप की कथा : ऋषि शमिक के पुत्र सिंगी ने क्रोधित होकर राजा परीक्षित को श्राप दिया कि मृत सर्प 7 दिनों में जीवित होकर उन्हें डस लेगा, जिससे उनकी मृत्यु हो जाएगी। राजा का प्रश्नः समाचार सुनकर राजा परीक्षित गंगा तट पर सुखदेव गोस्वामी सुखदेव मुनि के पास पहुँचे। उन्होंने पूछा—मरणासन्न व्यक्ति को क्या करना चाहिए, क्या नहीं, किसका जाप स्मरण चिंतन ध्यान करना चाहिए?सुखदेव जी का उपदेश सुखदेव परमहंस चूड़ामणि ने स्पष्ट उत्तर दिया।भगवान श्री हरि (विष्णु) की कथा सुननी चाहिए। उनके पवित्र नाम का स्मरण करना चाहिए।उन्हीं का ध्यान और चिंतन करना चाहिए। मृत्यु के समय भगवान की कथा, नाम और ध्यान ही मोक्ष का साधन है।

### भगवान श्री राम का विवाह अनन्य प्रेम और मर्यादा की लीला है : नंदजी महाराज

**बेनीपुर (एनएसबी)।** सझुआर महावीर जी मंदिर परिसर में चल रहे राम कथा महायज्ञ के सातवें दिन नंद जी महाराज ने राम-सीता विवाह प्रसंग की विस्तृत



व्याख्या की। उन्होंने इसे मात्र पौराणिक घटना नहीं, बल्कि जीवात्मा और परमात्मा के दिव्य मिलन का जीवंत उत्सव बताया। रामचरितमानस के बालकांड पर आधारित इस कथा में महाराज जी ने विवाह को 'नीत-नूतन परम पुरातन' कहा, जो हर बार नई अनुभूति देता है।मिथिला के विदेह नगर में हुए इस विवाह को उन्होंने जीवात्मा-परमात्मा के मिलन का प्रतीक माना। भगवान के विभिन्न अवतारों में केवल राम अवतार में ही यह सुंदर विवाह लीला हुई। श्री कृष्ण के 16,108 विवाहों के विपरीत, राम का विवाह अनन्य प्रेम और मयार्दा की लीला है। 'धेन अधूरी' यानी शाम का समय चुने जाने को उन्होंने प्रेम-मिलन का प्रतीक बताया।कथावाचन में जनकपुर की नारियों द्वारा गाली देने के प्रसंग को महाराज जी ने हास्य और प्रेम का अद्भुत समन्वय बनाया, जिससे श्रोता आनंदित हो उठे। 'राम सरहि सीता और समाधि दशरथ, जनक पुनीता' कहकर उन्होंने राम-दशरथ और सीता-जनक के महान परिवारों के मिलन को रेखांकित किया। यह कथा मात्र श्रवण नहीं, बल्कि प्रेम, समर्पण और विश्वास की विद्या है, जो भक्त को सीधे भगवान से जोड़ती है। गायक अजीत पाठक और तबले पर बम बम झा ने 'मंगल आज जनकपुर' भजन गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### बाबा भूतनाथ दीनाराम ब्रह्मस्थान नव दुर्गा मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा दुर्गा पूजा

**हायाघाट (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को चैत्र नवरात्र अंतर्गत सप्तमी को लेकर अहले सुबह माता का पट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोला गया।इसी क्रम में अनारकोठी स्थित बाबा भूतनाथ दीनाराम ब्रह्मस्थान नव-दुर्गा मंदिर प्रांगण में तथा लक्ष्मीपुर ड्योढ़ी प्रांगण में वासंती दुर्गापूजा का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। अनारकोठी दीनाराम ब्रह्म स्थान नवदुर्गा मंदिर प्रांगण में जानकी नंदन चौधरी (बाबा भूतनाथ) के नेतृत्व में पूजा का आयोजन किया जा रहा है! बुधवार को माता रानी का पट खुलते ही भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। इस स्थान पर वर्ष में चार दुर्गा पूजा मनाया जाता है! मान्यता है कि इस स्थान पर लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है इसलिए यहाँ दरभंगा के अलावे अन्य जिले से भी लोग माता के दर्शन करने आते है ! पूजा के संरक्षक बाबा भूतनाथ ने कहा कि ये पूजा विश्व कल्याणार्थ किया जा रहा है साथ ही उन्होंने सभी भक्तों से शांतिपूर्वक पूजा कर मेला भ्रमण का अपील की। इस मौके पर मुरली मनोहर चौधरी, उदय पासवान, सावित्री नंदन, पंडित मुरारी जी, अंजनी नंदन एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के शीघ्र पहल के लिए सांसद ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को सौंपा पत्र**

# दरभंगा को स्वच्छ व प्रदूषणमुक्त बनाने की कवायद

नव संदेश ब्यूरो

**दरभंगा।** दरभंगा शहर को स्वच्छ तथा प्रदूषणमुक्त बनाने एवं शहर के सर्वांगीण विकास के लिए शहर में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की शीघ्र पहल किए जाने के लिए स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने संसद भवन स्थित शहरी विकास मंत्रालय परिसर में केंद्रीय शहरी विकास एवं आवास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंटकर इस संबंध में एक आग्रह पत्र सौंप कर उनके साथ दरभंगा शहर के साथ साथ बिहार बेनीपुर बिरौल बहेड़ी जैसे नगर निगम तथा नगर परिषद क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के मुद्दे विस्तार से चर्चा की।

दरभंगा शहर में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की आवश्यकता को अनिवार्य बताते हुए लिखा है कि दरभंगा शहर का लगातार विस्तार हो रहा है। यहाँ उचित सिवरेज सिस्टम नहीं होने के कारण लोगों के द्वारा अव्यवस्थित तरीके से जलनिकासी तथा शौचालय के लिए


केंद्रीय मंत्री से मिलते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ।

सैप्टिक टंकी का उपयोग किया जा रहा है जिसके कारण प्रदूषण का बढ़ना लगातार जारी है जिसके निदान के लिए नमामि गंगे योजना से दरभंगा शहर के लिए प्रस्तावित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना के शीघ्र पहल शुरू किया जाना आवश्यक है।

उचित सिवरेज सिस्टम नहीं रहने के कारण दरभंगा शहर में प्रदूषण का बढ़ना लगातार जारी है तथा शहर के समग्र विकास में काफी परेशानी उत्पन्न हो रही है जिसे सिवरेज सिस्टम के माध्यम से व्यवस्थित कर शहरवासियों के सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सकता है तथा गंदगी के कारण अनावश्यक रूप से फैलने वाली कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है। बिहार सरकार से समन्वय बनाकर नमामि गंगे योजना अंतर्गत प्रस्तावित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अमल में लाने के लिए यथाशीघ्र पहल करने का आग्रह करते हुए लिखा है कि एयरपोर्ट के साथ विभिन्न प्रकार के प्रस्तावित औद्योगिक संभावनाओं के लिए भी शहर का व्यवस्थित तथा हर तरह से अनुकूल एवं सुरक्षित रखने के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित योजनाओं का धरातल पर साकार किया जाना जरूरी है।

## डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने राज्यसभा में उठाई दरभंगा में टेक्सटाइल पार्क बनाने की मांग

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने दरभंगा में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की मांग को राज्यसभा में जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे पर केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।


डॉ. धर्मशीला गुप्ता।

सांसद डॉ. गुप्ता ने कहा कि मिथिला क्षेत्र अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, मधुबनी पेंटिंग और हस्तकरघा उत्पादों के लिए देश-विदेश में प्रसिद्ध है, लेकिन औद्योगिक विकास के मामले में यह क्षेत्र अब भी अपेक्षित प्रगति से वंचित है। उन्होंने कहा कि दरभंगा एवं आसपास के जिलों में बड़ी संख्या में कारीगर, बुनकर और महिलाएं वस्त्र निर्माण से जुड़ी हैं, लेकिन उन्हें आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण और बाजार की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। दरभंगा में समेकित टेक्सटाइल पार्क की स्थापना से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और महिला सशक्तिकरण को मजबूती मिलेगी। साथ ही, इससे युवाओं का पलायन रुकेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। राज्यसभा सांसद डॉ गुप्ता ने केंद्र सरकार की पीएम मित्र स्कीम का उल्लेख करते हुए दरभंगा को इस योजना में शामिल करने की मांग की।

## मिल्लत महाविद्यालय में समर्थ पोर्टल हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**दरभंगा (एनएसबी)।** मिल्लत महाविद्यालय दरभंगा में समर्थ पोर्टल से संबंधित महाविद्यालय के नियमित शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य डॉ. सिद्धार्थ शंकर सिंह के नेतृत्व में समर्थ पोर्टल के नोडल पदाधिकारी डॉ. जावेद अख्तर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संपादन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से डॉ. जावेद अख्तर ने बताया कि महाविद्यालय कर्मियों द्वारा ली जाने वाली सभी प्रकार की छुट्टियां को 1 अप्रैल, 2026 से समर्थ पोर्टल के माध्यम से दी जाएगी। इसके लिए सभी नियमित कर्मियों को समर्थ पोर्टल के लिए अपना आईडी और पासवर्ड क्रिएट करना होगा। यह कार्य ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पदाधिकारी द्वारा की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार पांच- सदस्यीय समर्थ पोर्टल हेतु समिति का निर्माण कर लिया गया है, जिसमें तीन शिक्षक एवं दो शिक्षकेत्तर कर्मी इस कार्य को संपादित करेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सिद्धार्थ शंकर सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मुन्ना साह ने किया। डॉ. सियाराम प्रसाद चौरसिया, डॉ कीर्ति चौरसिया,डॉ. जमशेद आलम, डॉ. अब्दुल राफे, डॉ. शाहनवाज आलम, डॉ संजिल, डॉ सुभाष कुमार, डॉ .अतहर सादिक, डॉ. अब्दुस सलाम जिलानी, बासरा बरकाब तथा रमेश चौधरी, मो. बस्सार, मो. सिराज, श्री राजेश मंडल, टुनटुन राम आदि सभी कर्मियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाया।

### भाजपा नेता राहुल पासवान ने पेश की मानवता की मिसाल

**बहादुरपुर (एनएसबी)।** लहेरियासराय रेलवे स्टेशन परिसर में सोमवार देर रात एक असहाय महिला का आकस्मिक निधन हो गया। मंगलवार सुबह जैसे ही लोगों को इसकी जानकारी मिली,मौके पर भीड़ जुट गई।इसी दौरान वहां मौजूद लोगों के बीच एक मार्मिक दृश्य देखने को मिला,मृतक महिला का लगभग 10 वर्षीय पुत्र अपनी मां के शव के पास बिलखता हुआ दिखाई दिया।इसी बीच भाजपा जिला मंत्री एवं बहादुरपुर विधानसभा संयोजक राहुल पासवान जो अपने निजी कार्य से स्टेशन पहुंचे थे।उन्हें अपने गैस डिपो के कार्य से बेगूसराय जाना था,लेकिन मौके पर भीड़ और बच्चे की दर्दनाक स्थिति को देखकर वे रुक गए।बच्चे की हालत और उसकी असहायता ने उन्हें अंदर तक झकझोर दिया।राहुल पासवान ने तुरंत मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए अपने निजी कार्य को स्थगित कर दिया और घटना की जानकारी रेलवे पुलिस जीआरपी को दी।आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनके प्रयास से मृतक महिला का अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार उसके पुत्र के हाथों कराया गया।यह अंतिम संस्कार एकमी घाट स्थित नदी किनारे संपन्न हुआ।

## जनभावना को समझने एवं विकास की गति तेज करने बिहार का दौरा करेंगे निशांतः ईश्वर मंडल

**दरभंगा (एनएसबी)।** सर्वसम्मति से जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान पुनः संभालते ही जदयू विधायक ईश्वर मंडल ने सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात कर उन्हें बधाई दिया हैं। इसी कड़ी में विधायक ईश्वर मंडल ने जदयू के वरिष्ठ नेता सह सीएम नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार से मुलाकात कर बिहार को देश ओर दुनिया में मॉडल राज्य बनाने के विषय पर गहन चर्चा की।

विधायक ईश्वर मंडल ने कहा कि विकास पुरुष नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार इन दिनों जेडीयू संगठन में पूरी तरह

**जदयू जिलाध्यक्ष सह विधायक ईश्वर मंडल ने की सीएम नीतीश कुमार एवं उनके पुत्र निशांत से मुलाकात**

सक्रिय नजर आ रहे हैं। साथ ही बिहार के प्रगति को लेकर काफी गंभीर भी हैं। हाल ही में निशांत कुमार पटना स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां पार्टी के विधायकों, पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया था। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अपने पिता के दिखाए रास्तों और मार्गदर्शन पर चलकर पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। निशांत कुमार जल्द ही बिहार भर की यात्रा पर निकलेंगे। पार्टी में


मुख्यमंत्री से मिलते विधायक ईश्वर मंडल साथ में संजय झा।

शामिल होने के बाद से ही निशांत कुमार एक्शन मोड में हैं। उ वे जल्द ही बिहार के सभी 38 जिलों का दौरा करेंगे ताकि जनभावनाओं को समझ सकें।

## गड्ढे में पलटा पानी टैंकर, उपचालक की मौत

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** शोभन - मकिया पथ पर शोभन बांध के समीप पानी ढोने वाला ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर लगभग 40 से 50 फीट गड्ढे में पलटने से मौके पर सहचालक की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे सिमरी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से मशक्कत कर लाश को नीचे से निकाला। जख्मी चालक का उपचार किया जा रहा है। मृतक उपचालक की पहचान मुजफ्फरपुर सरैया थाना के बसंतपुर निवासी तीस वर्षीय अमोल महतो के रूप में की गई है, जबकि घायल चालक वैशाली मधवापुर थाना के सहदुल्लाहपुर चक फरीद निवासी अनीश कुमार सिंह बताया जाता है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि जख्मी चालक के बगल की सीट पर फंसे उपचालक के शव को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। उप चालक को डीएमसीएच में पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतक के परिजन प्रमोद कुमार को सौंप दिया है। बताया जाता है कि 24 मार्च की रात सड़क निर्माण के ट्रेक्टर टैंकर से पानी छिड़काव का कार्य चल रहा था।इस बीच टैंकर अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में पलट गया। सुनसान स्थल बांध के समीप घटना के बाद चालक के चीख पुकार के बाद स्थानीय मजदूर घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी मिलते हैं सिमरी पुलिस भी दलबल के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में कर लिया है।

# माँ दुर्गा से सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फलित होती है : पप्पू सिंह

**अलीनगर (एनएसबी)।** मिथिला की पावन धरती नरमा में विगत 43 वर्षों से आयोजित हो रहा भव्य चैत्र नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव इस वर्ष भी पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हो रहा है। आज महासप्तमी के पावन अवसर पर मंदिर के पट खुलते ही मां दुर्गा के दर्शन हेतु हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा वातावरण भक्तिमय ऊर्जा और उल्लास से सराबोर रहा।

इस भव्य आयोजन को ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर दरभंगा पूर्वी जिला भाजपा के महामंत्री संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि ऐसी मान्यता है कि मां दुर्गा से


मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु ।

सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फलित होती है और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि माँ दुर्गा की कृपा से गाँव में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है, और यही आस्था लोगों को हर वर्ष यहाँ खींच लाती है। पूजा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी भव्य आयोजन किया गया है। गुरुवार को अष्टमी के अवसर पर मिथिला के सुप्रसिद्ध गायक-गायिकाओं द्वारा भक्ति संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, वहीं शुक्रवार को भोजपुरी जगत के चर्चित गायक

**नरमा में विगत 43 वर्षों से आयोजित भव्य चैत्र नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव बना आस्था का केंद्र**

आलोक राज एवं प्रसिद्ध गायिका इंदु सोनाली अपनी प्रस्तुति से समां बांधेंगे। इस विशेष अवसर पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं एमएलसी डॉ. मदन मोहन झा ने भी उपस्थित होकर मां दुर्गा के दर्शन किए। इसके अलावा दरभंगा जिला पूर्वी भाजपा के जिलाध्यक्ष विनय पासवान भी पूजा स्थल पर पहुंचे।

पूजा आयोजन में मुख्य पुजारी सुभनारायण सिंह उर्फ बीके सिंह, पूजा समिति के अध्यक्ष दिनेश सिंह तथा स्थानीय मुखिया अनुराधा सिंह ने सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत किया और आयोजन की सफलता के लिए सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अभय नाथ झा, अमित सिंह, मिथिलेश सिंह, रामबिलास मुखिया, सरोज सिंह, दीपक सिंह, गोविंद साहू, बैधनाथ साहू, राजेश मंडल, दीपक सिंह आदि सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा दे सरकार : शाहीन

**ताजपुर (एनएसबी)।** एक निजी कार्यक्रम में ताजपुर प्रखंड के फाजिलपुर पहुंचने पर राजद कार्यकताओं ने पूर्व विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन भव्य स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर किसानों के एक शिष्टमंडल ने उनसे मुलाकात कर बारिश तथा ओलावृष्टि से हुई



फसलों के नुकसान की समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया और मदद की गुहार लगाई। पूर्व विधायक श्री शाहीन ने किसानों को भरोसा दिलाया कि, इस संबंध में जल्द ही कृषि विभाग के वरीय अधिकारियों से बात कर अपेक्षित पहल करने की मांग करेंगे। इस दौरान उन्होंने मीडिया कर्मियों को बतलाया कि पिछले दिनों बेमौसम बारिश, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने समस्तीपुर सहित कई जिलों में गेहूं, सरसों और आम/लीची की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इससे अन्नदाता किसानों की कमर टूट गई है। इसी क्रम में उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा (मुआवजा/राहत) देने की मांग की। उन्होंने कहा कि कटाई के करीब खड़ी गेहूं की फसल और सरसों, मसूर, तथा फलदार पेड़ों पर आए मंजर (फूल) गिर गए हैं। फसल बबार्दी से किसानों के सामने आजीविका का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। प्रभावित किसानों के नुकसान का आकलन (सर्वे) कराकर सरकारी सहायता तत्काल मुहैया कराया जाना चाहिए '

### टीवीएस ने ग्रामीण किसानों से किया सीधा संवाद, उत्प्रेरक जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित




**दलसिंहसराय (एसएनबी)।** प्रखंड के मुख्तियारपुर सलखन्नी पंचायत में बुधवार को शकुंतला टीवीएस के तत्वावधान में टीवीएस ने ग्रामीण किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। मुखिया प्रतिनिधि शंभू पासवान की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रबंधक राज दीपक ने बताया कि यह सम्मेलन ग्राहकों के साथ सीधे संवाद और उनकी जरूरतों को समझने के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री दीपक ने टीवीएस की बाइकों यथा, टीवीएस स्पोर्ट्स, टीवीएस रेडियन, टीवीएस रेडर और एक्सल 100 के नए मॉडल की विशेषता एवं गुणवत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि, ये बाइक ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर भी मजबूत प्रदर्शन देती हैं, कम मेंटेनेंस की जरूरत होती है तथा किफायती दामों में उपलब्ध हैं। किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इनके उपयोगिता पर जोर देते हुए उन्होंने कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता कर रहे मुखिया प्रतिनिधि शंभू पासवान ने भी टीवीएस बाइकों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इनकी मजबूती, कम रखरखाव और उचित मूल्य के कारण ये किसानी कार्यों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में ऐसी विश्वसनीय वाहनों की बड़ी भूमिका है। इस अवसर पर शकुंतला टीवीएस के प्रबंधक राज दीपक ने ग्रामीण विकास में योगदान देने वाले उत्प्रेरक जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में सुनील सिंह, ललित ठाकुर, चंदन कुमार, उमेश सिंह, शंकर पासवान सहित अन्य शामिल रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण उपस्थित होकर संवाद में भाग लिए। यह आयोजन ग्रामीणों और कंपनी के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने में सफल रहा।

### मो मेराज को मौलाना मजहरुल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के अध्यक्ष व सचिव ने दी बधाई।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** हाल ही में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप (ऑटिज्म) एवं 21वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप (सेरेब्रल पाल्सी) में महाविद्यालय के छात्र मो० मेराज आलम ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 100 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया। मौलाना मजहरुल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सचिव मो अबू सईद ने



एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त जानकारी देते हुए बताया कि, यह प्रतियोगिता 13 से 15 मार्च 2026 तक पटना के पटलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कंकड़बाग में आयोजित की गई, जिसमें देशभर से खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि, उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मेराज को अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भी चयनित किया गया है, जो न केवल संस्थान बल्कि जिले और बिहार राज्य के लिए गर्व का विषय है। मो. मेराज की इस सफलता पर महाविद्यालय के अध्यक्ष मो० अबू तमीम, सचिव मो० अबू सईद, निदेशक (बी०एड०) मो० अबू जाहिद, निदेशक (डी०एल०एड०) मो० अबू तनवीर, प्राचार्य डॉ० अंजुम वारिस तथा प्राध्यापकगण—अशोक कुमार अकेला, सविता कुमारी, डॉ० हरजिंदर कौर, डॉ० राहत करीम, डॉ० सेराज अहमद, डॉ० रंजीता कुमारी, रंजना कुमारी, मिर्जा काशिफ बेग, मो० नजीर, प्रशांत कुमार, शशि कुमार, रंजन कुमार, मो० जुल्फिकार आलम, राम शंकर राय, अवधेश कुमार राय, मो० महफूज आलम, प्रमोद कुमार एवं संजीत कुमार आदि ने उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### उदीयमान भास्कर को अर्घ्य दान के साथ लोक आस्था का अनोखा महापर्व संपन्न

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही प्रकृति पूजन की सांस्कृतिक परंपरा के तहत चार दिवसीय अद्भुत व अनोखा महानुष्ठान, लोक आस्था का महापर्व ह्यचैती छठह्न बुधवार को पौ फटते ही संपन्न हो गया। इस अवसर पर अहले सुबह व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार केलिए चिर आरोग्य, अक्षय स्वास्थ्य, व अमिट सुख-शांति के लिए भगवान भास्कर एवं छठी मईया से प्रार्थना की। पंडित या पुरोहित, भारी भरकम मंत्रों व हवन आदि के बिना संपन्न होने वाला यह भारतीय संस्कृति का एक ऐसा अनोखा लोक पर्व है जिसमें, चिर आरोग्य, अक्षय स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना से डूबते और उगते दोनों अवस्था में सूर्य की आराधना की जाती है। जिसमें सिर्फ और केवल सिर्फ आस्था, श्रद्धा, शुद्धता और पवित्रता के प्रति कठोरता की पराकाष्ठा और करीब 36 घंटे का कठोर निर्जल व्रत की प्रधानता है। बीते रविवार को नहाय-खाय के साथ चैती छठ का यह चार दिवसीय महानुष्ठान प्रारंभ हुआ था। इसी क्रम में सोमवार को खरना के अवसर पर कुलदेवी को नैवेद्य निमंत्रण देने के बाद मंगलवार को व्रतियों व श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया था। बुधवार को रात्रि के अंतिम प्रहर के आखिरी हिस्से में व्रती जलाशयों में खड़े होकर अक्षय ऊर्जा के स्वामी भगवान





भास्कर का ध्यान करते हुए उनके आगमन की प्रतीक्षा की। सुबह जैसे ही सूर्य की पहली झलक मिली व्रती अर्घ्य देने में जुट गयी। बताते चलें कि, जड़झचेतन सभी को प्रेम, और सम्मान देने वाली भारतीय संस्कृति में सिर्फ ईश्वर ही नहीं धरती-आकाश, सूर्य-चंद्रमा, खेत-खलिहान, पशु-पक्षी, कीड़े-मकोड़े, जड़-चेतन, पेड़-पौधे सभी के पूजन की परम्परा है। उगते हुए सूर्य को विभिन्न रूपों में पूरी दुनिया प्रणाम करती है, मगर सिर्फ भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में डूबते हुए सूर्य को पूजनझनमन की व्यवस्था है।बहरहाल, जिले भर में छठ पूजा को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल रहा। जिले भर में जगह-जगह छठ घाटों पर तो कई जगह श्रद्धालू घर के आसपास अस्थाई घाट निर्माण कर अर्घ्य दान करते दिखे। इस दौरान श्रद्धालुओं वो व्रतियों ने बांस से बने सूप में नारियल, मौसमी फल तथा अन्य पूजन सामग्री के साथ पानी में खड़े होकर प्राकृतिक ऊर्जा के अक्षय स्त्रोत सूर्य की आराधना की। प्रखंड के विद्यापतिधाम शिवगंगा पोखर, धमनी पोखर, के अलावा बाया नदी के विभिन्न घाटों सहित अपने-अपने दरवाजे पर ही गड्ढा खोदकर पूजा-अर्चना के लिए लोग घाटों पर उमड़े हुए थे। इस दौरान महिलाओं ने छठ मैया के गीतों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया था। वहीं घाटों पर अर्घ्य के पास जलाये गये दिप व अगरबत्ती की सुगंध से वातावरण सुगंधित हो गया था।

# कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान हमारी प्राथमिकता : उप विकास आयुक्त

## 'कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम' पर जिला स्तरीय

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिला मुख्यालय स्थित कपूरी सभागार में बुधवार को "कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (प्रतिषेध, निवारण और अधिनियम)" विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। सरकारी एवं निजी कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करने तथा संबंधित कानून के प्रावधानों के प्रति अधिकारियों व कर्मचारियों को जागरूक करने उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह सहित पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते पदाधिकारी व अन्य।

**जागरूकता से ही आएगा बदलाव :**

प्रशिक्षण सह कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि "महिलाओं की सुरक्षा के लिए कड़े कानून तो बने हैं, लेकिन जानकारी के अभाव या लापरवाही के कारण इनका पूर्ण लाभ लक्षित समूह को नहीं मिल पाता है। इसलिए कार्यस्थल पर होने वाले भेदभाव और यौन उत्पीड़न के विरुद्ध बने नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार अनिवार्य है। इस कार्यशाला का उद्देश्य यही है कि सभी कार्यालय प्रधान और कर्मचारी कानून की बारीकियों को समझें ताकि भविष्य में ऐसे अपराधों को शून्य पर लाया जा सके।"

**कार्यशाला के मुख्य बिंदुः**

कानूनी जानकारीः इस दौरान विधि विशेषज्ञों और अधिवक्ताओं ने अपने संबोधन में संबंधित अधिनियम की विभिन्न धाराओं और शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया पर विस्तृत प्रकाश डाला।

**आंतरिक शिकायत समितिः**

कार्यस्थलों पर 'आंतरिक शिकायत समिति' के गठन की अनिवार्यता और उसकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही, पीड़ित महिला को मिलने वाली कानूनी सहायता और दोषी के विरुद्ध की जाने वाली अनुशासनात्मक कार्रवाई के बारे में विस्तार से बताया गया।

इस महत्वपूर्ण सत्र में जिले के कई वरीय अधिकारियों और विशेषज्ञों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई, जिनमें मुख्य रूप से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनीता कुमारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश कुमार राय, जिला पंचायत राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल सहित विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रधान, अधिवक्ता और विधि विशेषज्ञ शामिल थे। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों को अपने-अपने कार्यालयों में इस अधिनियम का कड़ाई से पालन करने और एक भयमुक्त वातावरण तैयार करने का निर्देश दिया गया।

# श्री अन्न उत्पादन सह प्रसंस्करण तकनीक विषयक तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

**पूसा (एनएसबी)।** प्रखण्ड स्थित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केन्द्र, बिरौली में बिहार पोषक अनाज मूल्य श्रृंखला उत्कृष्टता केन्द्र परियोजना के तहत आयोजित मोटे अनाज के उत्पादन तकनीक विषय पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समारोहपूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केन्द्र के वरीय




कार्यक्रम में शामिल प्रशिक्षु व वैज्ञानिक।

वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. आर.के. तिवारी ने बताया कि, श्रीअन्न को पोषक तत्त्वों से परिपूर्ण होने के कारण न्यूट्रीसीरियल्स कहा जाता है। मौजूदा हालात में श्री अन्न की बढ़ती मांग ने बड़ा बाजार तैयार कर दिया है, जिससे किसानों की समृद्धि का नया मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस दौरान उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से मोटे अनाज की खेती उन्नत किस्मों के चयन के साथ करने पर बल दिया। अपने संबोधन में विश्वविद्यालय से पधारे वैज्ञानिक डॉ० शैलेश कुमार ने बताया कि, बदलते मौसम एवं प्रतिकूल परिस्थितियों में भी श्रीअन्न की खेती कम लागत में अच्छी पैदावार और अधिक मुनाफा देने वाली लघु धान्य फसल है। इस दौरान उन्होंने किसानों को उन्नत प्रभेद चयन, बुआई का समय एवं उर्वरक प्रबंधन के बारे में जानकारी साझा किया। वैज्ञानिक डॉ कौशल किशोर ने किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए ऊपरी जमीन का चयन करने की सलाह दी जिसमें जल निकासी की उचित व्यवस्था हो। साथ ही खरपतवार नियंत्रण एवं समेकित पोषक तत्त्व प्रबंधन के बार में जानकारी दी। दूसरे दिन ई. विनिता कश्यप, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृ.वि.के. बिरौली ने बताया कि पहले इन लघु धान्य फसल के प्रसंस्करण के लिए अच्छे मशीन उपलब्ध न होने के कारण बड़ी कठिनाई होती थी। मगर अब कई उन्नत तकनीक वाले उपकरण उपलब्ध हैं। इस क्रम में उन्होंने प्रसंस्करण के कई मशीनों के बारे में जानकारी दी जिससे उत्पाद बनाना आसान हो गया है। कृ.वि.के., बिरौली के सुमित कुमार सिंह ने मिलेट्स के कीट प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया वहीं डॉ. धीरू कुमार तिवारी ने मोटे अनाज के कटनी तथा भंडारण विषय पर चर्चा की तो निशा रानी ने मिलेटस के विभिन्न मूल्य संवर्धित उत्पाद के बारे में बताया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन विश्वविद्यालय वैज्ञानिक डॉ. मीनाक्षी द्विवेदी ने मिलेट्स में रोग प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ० श्वेता मिश्रा, ने परियोजना की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए किसानों को श्रीअन्न की विकसित किस्म, उन्नत उत्पादन तकनीक, मिलेट्स को प्रसंस्कृत कर मूल्य संवर्धित उत्पाद बनाने एवं बाजार में उचित दर पर विक्रय हेतु जागरूक किया। इस कार्यक्रम में जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए दर्जनाधिक किसान सम्मिलित थे।

# अनुमंडल स्तरीय समारोह में विद्यापतिनगर के बच्चों का जलवा

## अमित भूषण को उत्कृष्ट प्रधानाध्यापक सम्मान, कई अन्य शिक्षक भी हुए सम्मानित




पदाधिकारियों संग सम्मानित शिक्षक।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** बिहार दिवस के उपलक्ष्य में दलसिंहसराय में आयोजित अनुमंडल स्तरीय समारोह में प्रखंड के छात्र-छात्राओं और विद्यालयों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मंगलवार की देर शाम आयोजित सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अनुमंडल प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, वाजिदपुर की कक्षा 8 की छात्रा किंजल कुमारी ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। वहीं, इसी विद्यालय की माही कुमारी ने भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रभावशाली अभिव्यक्ति क्षमता का परिचय दिया। वहीं, विद्यापति +2 उच्च विद्यालय, मऊ बाजितपुर (उत्तर) की 9वीं की छात्रा रौशनी कुमारी को निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय तथा अंकिता आस्था को पेंटिंग प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

इधर, विद्यापति मॉडल इंटर विद्यालय, मऊ वाजिदपुर (दक्षिण) ने समूह गायन एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर सांस्कृतिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही विद्यालय में उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य के लिए प्रभारी प्राचार्य अमित भूषण को अनुमंडलाधिकारी किशन कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता दलसिंहसराय एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ प्रभात रंजन के द्वारा ह्लउत्कृष्ट प्रधानाचार्य सम्मानह्न से सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त प्राथमिक विद्यालय अतिपिछड़ा टोला, हरपुर बोचहा के प्रधान शिक्षक अंजनी कुमार के विद्यालय को भी एक सम्मान मिला। वहीं, बेहतर विद्यालय प्रबंधन एवं शैक्षणिक नवाचार के लिए राजकीय प्राथमिक मकतब कबई नयाटोल के प्रधान शिक्षक मो० मेराज को अनुमंडल पदाधिकारी दलसिंहसराय द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि बिहार दिवस जैसे आयोजन छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत कर आगे बढ़ने और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ प्रभात रंजन ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान से एक ओर जहां बच्चों का हौसला अफजाई होता है, वहीं दूसरी ओर उनमें कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है। मौके पर बड़ी संख्या में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक उपस्थित रहे।

# ताजपुर नगर परिषद में कुल ₹74 करोड़ 88 लाख रुपये लाभ का बजट पेश

**ताजपुर (एनएसबी)।** नगर परिषद् ताजपुरके सभा कक्ष में बुधवार को मुख्य पार्षद अनीता कुमारी की अध्यक्षता में विशेष बजट बैठक आयोजित की गई। जिसमे सभी उपस्थित सदस्यों ने मुख्य पार्षद द्वारा प्रस्तुत बजट को सर्व सम्मति से अनुमोदित कर दिया। बैठक का संचालन कार्यपालक पदाधिकारी राकेश कुमार रंजन ने किया। इस अवसर पर प्रधान सहायक अमरेश कुमार एवं मिडिया कर्मी भी उपस्थित थे। नगर परिषद् कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि, वित्तीय वर्ष झ 2026-27 में विभिन्न स्त्रोतों से कुल अनुमानित आय ₹102 करोड़ 1लाख रुपये है जबकि, कुल अनुमानित व्यय ₹101 करोड़ 26 लाख रुपये आंका गया है। इस प्रकार यह कुल ₹74 करोड़ 88 लाख रुपये का अनुमानित लाभ का बजट है। उन्होंने बताया कि, इस बजट में मुख्यमंत्री के नगर निकाय से सम्बंधित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओ का भी ध्यान रखा गया है जिसमें केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार से करीब 82 करोड़ 82लाख रुपये प्राप्ति का अनुमान है। चालू वित्तीय वर्ष के लिए 1करोड़ 20लाख रुपया सम्पत्ति कर से



बैठक में शामिल मुख्य पार्षद सहित अन्य।

वसूली का लक्ष्य रखा गया है क वहीं, विभिन्न योजनाओं पर कुल अनुमानित खर्च 68 करोड़ रुपये व्यय किये जाने का अनुमान है- जिसमे नगर पालिका के नए भूमि क्रय हेतु 1 करोड़, मार्केट काम्प्लेक्स के लिए 30 लाख, सामुदायिक भवन के लिए 50 लाख, रैन बसेरा के लिए 50 लाख, शवदाह गृह के लिए 1 करोड़, शहरी गरीबो के लिए बहुमंजिला आवासन के लिए 50 लाख, वेंडर जोन के लिए 20 लाख, पुस्तकालय के लिए 50 लाख, रोड एवं नाला निर्माण हेतु फ्र.30 करोड़, जलापूर्ति प्रणाली एवं जल जीवन हरियाली योजना हेतु 6 करोड़ 50 लाख, पब्लिक लाइट हेतु 8 करोड़, पार्किंग विकास 40 लाख, सफाई उपकरण एवं वाहन क्रय हेतु 6 करोड़, सम्पत्ति कर वसूली साफ्टवेयर एवं अन्य सॉफ्टवेयर डाटा बेस हेतु 50 लाख, डस्टबिन क्रय में 1 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान किया गया है कसाथ ही शहरी गरीबो के लिए आधार भूत सेवाओं पर उपलब्ध राशि का 27.05 % अर्थात फ्र. 27 करोड़ 58 लाख लगभग रुपया खर्च करने का उपबंध किया गया है।

# महापौर ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** महापौर अनिता राम ने बुधवार को डी.आर.एम. पूर्व मध्य रेलवे समस्तीपुर मंडल ज्योति प्रकाश मिश्रा से मुलाकात कर खाली प्रक्षेत्र के विकास पर चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने रेलवे के खाली पड़ी जमीन में दुकान लगाने एवं नला उड़ाही, वार्ड संख्या 20 में कचरा डंपिंग नहीं करने के संबंध में एक ज्ञापन भी डीआरएम को सौंपा। इस अवसर पर नगर आयुक्त ज्ञान प्रकाश, जिलाध्यक्ष, अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ भुपनेश्वर राम, वार्ड पार्षद धीरज कुमार शर्मा, राम बदन राय, सुजय कुमार, कमलेश कुमार कमल, पार्षद प्रतिनिधि श्री विजय कुशवाहा , पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।

# झंडोत्तोलन व शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ भाकपा माले ताजपुर का 7वां प्रखंड सम्मेलन का हुआ आगाज

**ताजपुर (एनएसबी)।** ताजपुर बाजार स्थित फलमंडी में बुधवार को भाकपा माले का 7वां प्रखंड सम्मेलन डॉ० प्रभात कुमार द्वारा झंडोत्तोलन एवं शहीदों को सामूहिक मौन श्रद्धांजलि देने के साथ आरम्भ हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पार्टी के पंचायत स्तर तक के सचिव व विभिन्न आंदोलनों के सक्रिय साथी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रथम सत्र खुला सत्र की अध्यक्षता प्रभात रंजन गुप्ता, ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह एवं आसिफ होदा की तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने की। वहीं संचालन सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। सम्मेलन को भाकपा माले समस्तीपुर जिला कमिटी सदस्य महेश कुमार, जयंत कुमार, उपेंद्र राय, अतिथि राज्य कमिटी सदस्य बंदना सिंह, डॉ. दीलीप कुमार आदि ने संबोधित किया।




बैठक में शामिल माले नेता व अन्य।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए शिक्षाविद सह साम्यवादी चिंतक कॉमरेड डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि, "भाकपा माले ने कपूरी ठाकुर की कर्मभूमि ताजपुर को, शोषण, दमन-उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष करते हुए, एवं विकास की रफ्तार को तेज करने केलिए तमाम प्रशासनिक एवं सामंती यातना झेलते हुए, सींचा है। यहां बड़ी भागीदारी वाला क्रांतिकारी आंदोलन विकसित होने से कई बार जन आधिकारों की रक्षा हुई है। विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं में लूट-भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाकर दलाल-माफिया पर करारा प्रहार भी किया गया है। पुलिस-अधिकारियों की मनमानी, तानाशाही एवं सामंती रोबदाब के खिलाफ जन संघर्ष चलाकर पुलिस- अधिकारियों पर कारवाई करवाई गई है। जन प्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार के खिलाफ भी माले निर्णायक संघर्ष किया है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री के कार्यकलापों और संवेदनशील मुद्दों पर खामोशी व भाव शून्यता को हाहाकारी एवं एक संप्रभु राष्ट्र के लिए खतरा बताया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधान मंत्री जैसा कमजोर, डरपोक एवं झूठा प्रधानमंत्री आज के पहले दुनिया ने नहीं देखा था। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं को एनडीए नेताओं के झांसे या प्रभाव में नहीं आने का आह्वान करते हुए कहा कि, जब तक भाकपा माले और समान विचार धारा वाली पार्टियां मौजूद हैं तब तक फिरका परस्त सांप्रदायिक संगठनों की दाल नहीं गलेगी। डॉ प्रभात ने कहा कि, अपने वैचारिक आन्दोलन को धारदार, और व्यापक बनाने के साथ साथ चिर स्थाई बनाने पर भी ध्यान देना होगा। इस केलिए सदस्य संख्या बढ़ाएं। घर घर जा कर फि रकापरस्त ताकतों एनडीए नेताओं की हकीकत लोगों को बताएं, और उन्हें भाकपा से जोड़ें। इस दौरान उन्होंने नए सदस्यों केलिए प्रशिक्षण के आयोजन की जरूरत और महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की। तत्पश्चात सांगठनिक सत्र की शुरूआत, निवर्तमान प्रखंड कमिटी द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों के बीच दस्तावेज वितरण एवं प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा 6 पेज के प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के बाद बहस सत्र आरम्भ हुआ। जिसमें 20 प्रतिनिधियों ने सुझाव रखा साथ ही सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने, जनसमस्याओं के समाधान और आगामी आंदोलनों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान वक्ताओं ने महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों-मजदूरों-युवाओं की समस्याओं को प्रमुख मुद्दा बताते हुए इनके समाधान के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों के खेतों में जाकर पदाधिकारी की टीम फसल नुकसान का किया जांच.



**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में आंधी तूफान के साथ आई तेज बारिश से किसानों की खेतों में लहलहाती फसल बर्बाद होने को लेकर कृषि विभाग के दिशा निर्देश के आलोक में बुधवार को बीडीओ सह सीओ बसंत कुमार सिंह,वीएओ कौशल कुमार मंडल, कृषि समन्वयक मो जुबेर अहमद, राकेश कुमार यादव एव किसान सलाहकार के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के चहुटा, रधौली, बलहा,बिस्फी, भैरवा सहित कई पंचायत का स्थलीय निरीक्षण किसानों के खेतों में जाकर किया. जांच रिपोर्ट उच्च पदाधिकारी को सौंप जाएगी. बारिश और आंधी तूफान की वजह से मक्का, गेहूं,आम,लीची,मसूर,सरसो, खेसारी की फसलों को भारी नुकसान को देखा. किसान शम्भू नारायण यादव, लक्ष्मण यादव, दुखी यादव, विंदेश्वर प्रसाद देवेंद्र यादव, अमरेश सहनी, नागेंद्र मंडल, कन्हैया मंडल, देबू मंडल, उपेंद्र यादव, जगदीश सदा, राजवंशी सहनी, नरेश सहनी, लालबच्चन सहनी ने बताया कि मक्का और गेहूं की फसलें आंधी तूफान से पूरी तरह बर्बाद हो चुका है.कर्ज लेकर खेती किया था. अच्छे उत्पादन के लिए काफी मेहनत और लागत लगाई थी. इस बारिश और तूफान ने सब कुछ चौपट कर दिया है.कहा कि हम लोग कृषि पर ही निर्भर हैं. किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है!

### मां की दरबार की पट खुलते ही श्रद्धालुओं की लगी भीड़



**बिस्फी (एनएसबी)।** चैती नवरात्रा को लेकर प्रखंड क्षेत्र के जगवन, खंगरैठा, नाहस, बिस्फी मे मां भगवती की पट खुलते ही श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ बुधवार की सुबह से ही जुट गया. कमेटी के द्वारा विधि विधान से बेल वृक्ष के पास पहुंचकर बेलतोरी व पूजा के साथ मंदिर का पट खोल दिया गया. श्रद्धालुओं के द्वारा खोईछ भरने, कुमारी बट्टक खिलाने एवं बलि प्रदान कार्यक्रम भी किए गए. सप्तशती पाठ, दुर्गा चालीसा सहित अन्य धार्मिक ग्रंथो का पाठ की जा रही है. जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है. श्रद्धालु आस्था और विश्वास के साथ मां दुर्गा की आराधना प्रार्थना में लगे हुए हैं. नवरात्रि के सातवें दिन बुधवार कोो मां कालरात्रि की वैदिक मंत्रो से विशेष पूजा किया गया. नवदुर्गा जन कल्याण सेवा समिति जगवन के अध्यक्ष पवन मिश्रा, उपाध्यक्ष नरेश लाल यादव ,सचिव दानी रावत, कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, महामंत्री सुमन मिश्रा बताया कि हर वर्ष की बात इस वर्ष भी विद्वान पंडितों के माध्यम से पूजा पाठ की जा रही है. इस मौके पर मदन मंडल लाल बाबू मंडल, सिकंदर रावत ,सतन मंडल, धीरज मंडल, धर्मेंद्र मंडल, रामकुमार साहू, अशोक सदा, संजय मिश्रा, शिवचंद्र मंडल, सुरेश सदा सहित कई लोग उपस्थित थे.

### एक अवैध देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**मधुबनी (एनएसबी)।** थानाध्यक्ष, कलुआही थाना को गुप्त सुचना मिली कि ग्राम हरिपुर मजरही टोल में सिकंदर मंडल उर्फ सिंकु, अपने घर में अवैध हथियार रखे हुए है उक्त सूचना वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए प्राप्त निदेशार्नुसार सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस बल के साथ ग्राम हरिपुर मजरही सिकन्दर मंडल उर्फ सिंकू के घर पहुँच कर उसके घर को विधिवत घेराबंदी करके घर में प्रवेश करने पर पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति घर से भागने लगा जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम/पता पूछने पर अपना नाम सिकन्दर मंडल उर्फ सिंकू, पे०-शुभचन्द्र मंडल उर्फ दुलाई मंडल सा०-हरिपुर मजरही, थाना-कलुआही, जिला-मधुबनी बताया। भागने का करण पुछने पर इनके द्वारा कोई भी संतोषजनक जबाब नही दिया गया। इनके घर का तलाशी लिया गया तो इनके घर में रखे लकड़ी के तख्ता पर कपड़ा में बांधकर रखा हुआ 01 देशी कट्टा तथा 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। बरामद सभी जप्त प्रदर्श को विधिवत जप्ती सूचि बनाकर जप्त किया गया तथा पकड़ाए हुए व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। इस घटना के संदर्भ में कलुआही थाना कांड सं0-66/26 आर्म्स एक्ट दर्ज कर विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### शिक्षिका वीणा कुमारी के विरुद्ध फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने का मामला दर्ज



**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरौल की शिक्षिका वीणा कुमारी के विरुद्ध फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने को लेकर स्थानीय में मंगलवार को एक मामला दर्ज किया गया है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना की मधुबनी टीम द्वारा दर्ज कराए गए मामले में शिक्षिका वीणा कुमारी पर सीपीएड के फर्जी अंकपत्र के आधार पर विभाग को अंधेरे में रखकर नौकरी करने का आरोप लगाया गया है। मामले में उल्लेख किया गया है कि शिक्षिका वीणा कुमारी का नियोजन वर्ष 2008 में क्रीड़ा व युवक सेवा संचालनालय महाराष्ट्र पुणे से निर्गत सीपीएड प्रमाण पत्र के आधार पर शारीरिक प्रशिक्षित शिक्षक के रूप में हुआ था। निगरानी विभाग द्वारा जांच के क्रम में संबंधित संस्थान से प्रमाण पत्र की जांच करवाने पर उनका अंकपत्र संस्थान के अभिलेख के विपरीत जाली व फर्जी पाया गया। इस प्रकार उक्त शिक्षिका पर अंकपत्र की कूट रचनाकार, कूट रचित अंकपत्र को असली के रूप में प्रयोग कर, धोखाधड़ी से नियोजन में लाभ प्राप्त करने का आरोप लगाया गया है। वहीं थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि निगरानी विभाग, मधुबनी के आवेदन के आलोक में मामला दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### चुनाव आयोग भाजपा का एजेंट बनकर काम कर रहा हैं : हनुमान राऊत

**मधुबनी(एनएसबी)।** चुनाव आयोग के द्वारा केरल के राजनितिक दलों को भेजे गए पत्र मे भाजपा का मोहर मारा हुआ था! क्या चुनाव आयोग का कार्यलय भाजपा कार्यलय मे शिफ्ट कर गया हैं!. ये बाते राजद के प्रदेश महाचिव हनुमान प्रसाद राउत ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा हैं!. राउत ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा का एजेंट बनकर काम कर रहा हैं यह आरोप सही साबित हो गया. उन्होंने वर्तमान चुनाव आयोग अपने कुकर्म से जहाँ आयोग की बिस्वस्नीयता को समाप्त किया हैं वहीं लोकतंत्र को खतरे मे डाल दिया हैं!. राउत ने महामहिम राष्ट्र पति एवं सर्वोच्य न्यालय से वर्तमान चुनाव आयोग को निलंबित कर न्यायिक पदाधिकारी के अधीन चुनाव कराने की अनुरोध किया हैं ता कि लोकतंत्र कायम रह सके!

# जयनगर में 251 बाइक रैली के साथ रामनवमी 2026 का भव्य आगाज



मोटरसाइकिल रैली।

**जयनगर (एनएसबी)।** प्रखंड में आगामी 27 मार्च 2026 को होने वाली रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो गया है। इसी कड़ी में बुधवार को बजरंग अखाड़ा अकौन्हा के तत्वावधान में जयनगर अध्यक्ष मोती लाल यादव के नेतृत्व में 251 बाइक रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों में जन-जागरण करना तथा रामनवमी शोभा यात्रा को दिव्य, भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देना रहा। यह विशाल बाइक रैली अकौन्हा गांव से प्रारंभ होकर बलडीहा, बलुवाटोल, वाटर वेज चौक, वीर कुंवर सिंह चौक, कमला रोड, शहीद चौक, स्टेशन रोड, पटना गद्दी चौक, यूनियन टोल, रजिस्ट्री ऑफिस, बाजार समिति, उछाल, पितवाटोल स्कूल, उसराही, देवधा, गरहा, रजौली, भदौर, बेलवाटोल, बेला गांव, बेला बांध, बेतोन्हा गांव, खोटका भंसार और कन्हार बाबा मंदिर सहित प्रखंड के विभिन्न प्रमुख स्थानों का भ्रमण करती हुई आगे बढ़ी।

रैली में सैकड़ों की संख्या में रामभक्त बाइक के साथ शामिल हुए। प्रतिभागियों ने भगवा ध्वज के साथ 'जय श्री राम' के गगनभेदी नारे लगाते हुए पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। पूरे मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों ने रैली का फूल-मालाओं और स्वागत नारों के साथ भव्य अभिनंदन किया, जिससे माहौल और भी उल्लासपूर्ण हो उठा। आयोजनकताओं ने बताया कि इस रैली के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगामी रामनवमी शोभा यात्रा में भाग लें और इसे ऐतिहासिक बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की शोभा यात्रा को विशेष रूप से आकर्षक और अनुशासित बनाने की तैयारी की जा रही है। रैली के दौरान सुरक्षा एवं अनुशासन का भी विशेष ध्यान रखा गया। स्वयंसेवकों की टीम पूरे कार्यक्रम में सक्रिय रही, जिससे रैली शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। इस भव्य बाइक रैली ने जयनगर क्षेत्र में रामनवमी को लेकर उत्साह को नई ऊंचाई प्रदान की है और आने वाले दिनों में धार्मिक आयोजनों की भव्यता का संकेत दे दिया है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की समीक्षा, कार्यों में तेजी लाने का निर्देश : डीएम



बैठक करते जिलाधिकारी।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कल देर शाम समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिले के तीनों डिवीजन के कार्यपालक अभियंताओं के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की विस्तृत समीक्षा की।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने योजना के अंतर्गत अब तक हुए कार्यों, लाभुकों के चयन, सोलर रूफटॉप इंस्टॉलेशन की प्रगति एवं तकनीकी प्रक्रियाओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभुकों तक शीघ्रता से पहुंचाया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आवेदन से लेकर स्वीकृति, इंस्टॉलेशन एवं सब्सिडी वितरण तक की पूरी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाया जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य आम लोगों को सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना तथा बिजली बिल में कमी लाना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा।बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि जिला इस योजना के क्रियान्वयन में अग्रणी बन सके।अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के साथ-साथ हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, अतः सभी संबंधित अधिकारी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ प्रभावी रूप से क्रियान्वित करें।

## नदियों के किनारे वृक्षारोपण से भू-क्षरण पर लगेगी रोक : डीपीओ आनंद अंकित



वृक्षारोपण करते।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला गंगा समिति (नमामि गंगे), मधुबनी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज जयनगर में वन विभाग के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और नदी तटों के हरितीकरण के उद्देश्य से कमला नदी के किनारे तथा नदी के समीप स्थित राम-जानकी मंदिर परिसर में महोगनी, कटहल, आंवला सहित कुल 50 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए।इस अवसर पर जिला गंगा समिति (नमामि गंगे), मधुबनी के डीपीओ आनंद अंकित ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नदियों के किनारे वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है, साथ ही यह नदी तटों के संरक्षण और भू-क्षरण को रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने स्थानीय लोगों से पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।वन विभाग के उप परिसर पदाधिकारी (वनरक्षी) विवेक कुमार ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि नदी तटों और सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जा रहे पौधे भविष्य में पर्यावरण को संतुलित रखने के साथ-साथ स्थानीय जैव विविधता को भी मजबूत करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें ताकि वे बड़े होकर समाज और पर्यावरण के लिए लाभकारी सिद्ध हों।इस मौके पर केटल गार्ड उदय चंद्र झा, मनीष रंजन दास, जयनगर के पूर्व प्रमुख चंद्रकेतु उर्फ पप्पू चौरीवार, अन्नपूर्णा कैंटीन के अमित कुमार, अधिवक्ता दिलीप झा, महंत बालक दास, अंकित कुमार यादव, राम अशीष यादव, दुलार चन्द्र पासवान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## एलपीजी गैस की आपूर्ति हो रही सामान्य,एलपीजी गैस सिलिंडर का बुधवार का स्टॉक 33 हजार 351 : डीएम



जिलाधिकारी आनंद शर्मा।

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति अब सामान्य होने लगी है। कुछ एजेंसियों को छोड़कर अधिकाधिक एजेंसियों के द्वारा गैस आपूर्ति की जा रही है, शेष एजेंसियों के द्वारा भी शीघ्र ही होम डिलीवरी शुरू कर दी जायेगी। एलपीजी गैस उपभोक्ताओं के समस्याओं का त्वरित गति से निराकरण भी किया जा रहा है!जिले में विभिन्न कंपनियों यथा-आई.ओ.सी.एल., एच.पी.सी.एल. तथा बी.पी.सी.एल के कुल-103 एलपीजी गैस एजेंसियों के द्वारा गैस वितरण में तीव्रता लायी जा रही है। सभी गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था की गयी है तथा महिलाओं, दिव्यांगों एवं बुजुर्गों के लिए अलग से विशेष लाईन की व्यवस्था की गयी है। शीघ्र ही जिले के शेष एजेंसियों के द्वारा भी होम डिलीवरी के माध्यम से गैस की आपूर्ति की जायेगी। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को जिला द्वारा उपलब्ध कराये गए लिंक पर अपने आवश्यकतानुसार डिमांड करने का निदेश दिया गया है, ताकि वस्तुस्थिति का आकलन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनको व्यवसायिक गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा गुगल लिंक एवं विभिन्न सोशल मीडिया यथा-फेसबुक, ट्विटर आदि से प्राप्त शिकायतों का नियमित रूप से निपटारा किया जा रहा है एवं कृत कार्रवाई को जिला प्रशासन के फेसबुक पेज पर भी अपलोड किया जा रहा है।

## चुनाव के दौरान पार्टी का विरोध करने पर महिला नेत्री समेत तीन लोगों से मांगा गया स्पष्टीकरण

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भाजपा बिहार प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने भाजपा समस्तीपुर के पूर्व जिला महामंत्री एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कौशल पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा गीतांजलि एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रभात ठाकुर को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण एक सप्ताह में स्पष्टीकरण देने केलिए पत्र जारी किया गया है। इस बाबत जानकारी देते हुए वरिष्ठ मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि बीते विधानसभा चुनाव में उक्त तीनों को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाया गया था। जानकार सूत्रों के मुताबिक इनपर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की अवहेलना का भी आरोप है।

### धूमधाम से मनाया गया चैती छठ

**बिथान (एनएसबी)।** लोक आस्था और श्रद्धा के महापर्व चैती छठ के अवसर पर बिथान क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस पावन पर्व को पूर्व सरपंच नारायण महतो ने अपने परिवार और स्थानीय लोगों के साथ पूरे विधि-विधान एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। चार दिवसीय इस पर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और सुबह अर्घ्य की परंपरा का पालन किया। वहीं घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था जहां व्रतियों ने डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और समाज की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर नारायण महतो ने कहा कि छठ पर्व हमारी संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो प्रकृति और सूर्य उपासना का संदेश देता है। उन्होंने सभी लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ इस पर्व को मनाने की अपील की। पर्व के दौरान घाटों पर भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। चैती छठ के इस आयोजन ने पूरे बिथान क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

### मन की सच्चाई और अच्छाई कभी व्यर्थ नहीं जाती : आरती किशोरी, श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बिथान (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के गांधी मैदान बिथान में आयोजित रामनवमी मेला सह चैती दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिस में दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालू पहुंच रहे हैं और कथा का आनंद ले रहे हैं। प्रख्यात कथा वाचिका साध्वी आरती किशोरी ने श्रद्धालुओं को भागवत कथा का विस्तारपूर्वक रसपान कराया। उन्होंने अपने मधुर वाणी और भावपूर्ण शैली से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने भगवान की भक्ति,सत्य और सदाचार के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। अपने प्रवचन में पंडित आरती किशोरी जी ने कहा कि ह्मन की सच्चाई और अच्छाई कभी व्यर्थ नहीं जाती। यह वह पूजा है जिसकी खोज स्वयं ईश्वर करते हैं।ह्व इस अवसर पर पूरे गांधी मैदान का वातावरण भक्तिमय हो गया। भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

### शिद्दत से याद किए गए शहीद प्रदीप महतो

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** समता पार्टी के नेता शहीद प्रदीप महतो के 30 वें शहादत दिवस पर मथुरापुर में उनके स्मारक पर जिला जनता दल यूनाइटेड की ओर से पुष्प एवं माला अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विधायक राजकुमार राय ने कहा कि श्री महतो जीवन भर लोगों की सेवा करते रहे। इस अवसर पर विधायक अश्वमेध देवी जी ने जीवन भर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जदयू के जिला अध्यक्ष डॉ दुर्गेश राय ने इस अवसर पर कहा कि, आज ही के दिन अहले सुबह शहीद साथी प्रदीप महतो की हत्या कर दी गई थी। इस जिले में समता पार्टी के निर्माण में उनकी अहम भूमिका थी। संगठन के जिस स्वरूप को उन्होंने मेरे साथ खड़ा किया था उसके बदौलत ही पार्टी ने इतनी लम्बी दूरी तय की है। हम जब भी उनको याद करते हैं तो एक बार फिर से नई ऊर्जा मिलती है और पार्टी की मजबूती में सभी साथी लग जाते है। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं ने श्रद्धांजली अर्पित किया। जिसमें विधान पार्षद डॉ तरुण चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष नीलम चौधरी, अनस रिजवान, मनोज जायसवाल, प्रदीप साह शिवे, बनारसी ठाकुर, राकेश राज, आदि मौजूद रहे।

### रामनवमी मेला एवं चैती

### दुगार्पूजा को लेकर निकली निशान शोभा यात्रा

**बिथान (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के बिथान बाजार के गांधी मैदान में रामनवमी मेला एवं श्री श्री 1008 सार्वजनिक चैती दुगार्पूजा का शुभारंभ करने के लिए बुधवार को निशान शोभायात्रा निकाली गई। इसमें 301 कुंवारी कन्याएं एवं महिलाएं शामिल हुई। जुलूस में गाजा-बाजा के साथ मां दुर्गा के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। जगह जगह पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। शोभायात्रा पूजा स्थल से जुलूस निकालकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पूजा स्थल पर पहुंची। पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई। चैती दुगार्पूजा को लेकर युवा वर्ग में काफी उत्साह देखा गया। माता के पंडाल को रंग बिरंगी लाइट से सजाया गया है। यहां ग्रामवासियों के सहयोग से पूजा होते है। निशान शोभा यात्रा का नेतृत्व पूजा समिति के सभी सदस्य कर रहे थे।

# चोरनिया कांड के पीड़ित परिवार को जल्द न्याय नहीं मिला तो होगा मुजफ्फरपुर बंद, न्याय में देरी से लीपापोती की आशंका : तेजस्वी यादव

## गायघाट पहुंचे तेजस्वी यादव ने गोलीकांड के पीड़ित परिवार से मिलकर जताई संवेदना, दोषी की अविलंब गिरफ्तारी की उठाई मांग

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बुधवार को गायघाट प्रखंड के बेरुआ पंचायत अंतर्गत चोरनियां गांव पहुंचे, जहां उन्होंने हाल ही में ग्रामीणों और पुलिस के बीच हुई हिंसक झड़प के दौरान गोली के शिकार हुए जगतवीर राय के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। वहीं तेजस्वी यादव ने घटना को बेहद दुखद और गंभीर बताते हुए राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आरोपी दारोगा को जिले के एक नेता जो स्वयं को जिले का मुख्यमंत्री समझते हैं, उनका संरक्षण प्राप्त है। 17 मार्च को हुई घटना के लगभग दस दिन हो गए, लेकिन अभीतक पीड़ित परिवार को न्याय नही मिला। तेजस्वी यादव ने कहा कि न्याय में देरी से मामले की लीपापोती की आशंका है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो जिले की जनता न्याय के लिए सड़क पर उतरेगी और आरोपी को संरक्षण देने वाले जिले के कथित मुख्यमंत्री को शायद प्रधानमंत्री भी नहीं बचा पाएंगे। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से मांग की कि जिस थानेदार ने गोली चलाई है, उसे कठोर से कठोर सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति



चिंताजनक हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में पुलिस ही अपराधी बन चुकी है। अपराधियों का काम अब पुलिस कर रही है। दारू पीकर दरोगा किसी को भी गोली मार देता है और उसका कुछ नहीं बिगड़ता। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि ये भ्रष्ट असामाजिक तत्व हमारे लोगों के संयम और अनुशासन को कमजोरी समझने की भूल न करें। उन्होंने प्रशासन से आरोपी दारोगा को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की। एनडीए सरकार पर हमला बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बिहार में अपराधी बेलगाम, पुलिस बदहाल और सरकार का इकबाल समाप्त हो गया है। इस दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जबाब में तेजस्वी यादव ने कहा कि जो विपक्ष को कमजोर समझ रहे हैं, वे गफलत में न रहें। चुनाव में भले हीं हमे सीटें कम मिली, लेकिन वोट प्रतिशत बढ़ा है, यानि जनता का समर्थन आज भी विपक्ष के साथ है। उन्होंने कहा कि यदि पीड़ित को अविलंब न्याय नहीं मिला और अगर जनता सड़क पर उतरी तो इसके बाद कि जबाबदेही सरकार और प्रशासन की होगी। इससे पूर्व तेजस्वी यादव ने मृतक जगतवीर राय के परिजनों से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली तथा उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। तेजस्वी यादव के पीड़ित के गांव पहुंचते ही मौके पर राजद नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे गांव में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई और घटना को लेकर लोगों में आक्रोश भी देखने को मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर विधायक ने उप-मुख्यमंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात कर कई समस्याओं को लेकर की चर्चा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर विधायक रंजन कुमार ने बुधवार को पटना में उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा से मिलकर क्षेत्र की जनसमस्याओं को गंभीरता से रखते हुए समाधान का आग्रह किया। इस दौरान नगर विधायक ने विशेष रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया। खनन विभाग से जुड़े स्थानीय समस्याओं के निराकरण की भी मांग की गई। नगर विधायक रंजन कुमार ने उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा से आम जनता की परेशानियों को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द समाधान का आग्रह किया। वहीं उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सभी बिंदुओं को ध्यानपूर्वक सुनकर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की बात कही।



### विश्वकर्मा समाज के संरक्षक ध्रुव नारायण शर्मा के निधन पर समाज में शोक की लहर

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** विश्वकर्मा समाज के संरक्षक और सीतामढ़ी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से सेवानिवृत वरीय सहायक नगर के गोशाला चौक मेहता कंपाउंड निवासी 65 वर्षीय ध्रुव नारायण शर्म के आकस्मिक निधन पर विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.हेम नारायण विश्वकर्मा सहित समाज के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। समाज के सदस्यों ने कहा कि ध्रुव नारायण शर्मा का हृदय गति रुकने के कारण उनके आकस्मिक निधन की खबर से हम सभी मर्माहत हैं। वे जीवन पर्यंत समाज को मुख्य धारा में लाने के लिए प्रयासरत रहें। उनके आकस्मिक निधन से विश्वकर्मा समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में बढ़ई विश्वकर्मा संघ ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक डा.सुरेन्द्र कुमार, इं राजेंद्र शर्मा, अध्यक्ष दिनेश शर्मा, महेश शर्मा, भोला ठाकुर, राजू ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर, प्रभाकर शर्मा, रणजीत शर्मा, सत्य नारायण शर्मा, संजय शर्मा, केशरदेव शर्मा, प्रमोद शर्मा, तरुण शर्मा, अशोक शर्मा, चंदन शर्मा, लोहार कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शर्मा, राजा ठाकुर, त्रिलोकी ठाकुर, सज्जन कुमार शर्मा,अरुण आर्ट,शत्रुघ्न शर्मा,मुकेश शर्मा आदि।



### महाविद्यालय कर्मचारियों का लंबित मांगो को लेकर कार्य बहिष्कार आंदोलन दूसरे दिन भी जारी

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर स्थानीय लंगट सिंह महाविद्यालय में चल रहा दो दिवसीय पूर्ण कार्य बहिष्कार बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलन के कारण महाविद्यालय के समस्त प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों पर असर पड़ा। महाविद्यालय इकाई के अध्यक्ष डॉ आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीन कार्यशैली' के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए डॉ आनंद ने स्पष्ट किया कि यह केवल सांकेतिक विरोध नहीं, बल्कि अपने अधिकारों की निर्णायक लड़ाई है। आंदोलन की मुख्य मांगों में तृतीय श्रेणी कर्मियों की अविलंब प्रोन्नति एवं एमएसीपी लाभ, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन और बकाया वेतन का त्वरित भुगतान, तथा विशेष रूप से वोकेशनल कोर्स के कर्मियों का समायोजन एवं उनके लंबित मानदेय का निस्तारण शामिल है। अध्यक्ष डॉ आनंद कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि हमने बार-बार स्मार पत्र के माध्यम से प्रशासन को जगाने का प्रयास किया, किंतु हमारी जायज मांगों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जब तक 11 सूत्री मांगों का समाधान नहीं होता, यह वैचारिक और धरातलीय संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। दूसरे दिन के प्रदर्शन में कॉलेज के विभिन्न विभागों के कर्मियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर कार्यकारिणी के सदस्यों सहित अन्य कई कर्मचारी कॉलेज परिसर में धरना प्रदर्शन में शामिल रहे। जिनमें आनंद चक्रपाणि, सत्येंद्र कुमार, रमन कुमार सिंह, ऋषि कुमार, विनोद कुमार, रणविजय कुमार, संजय कुमार सिंह, लालबाबू पटेल, फेकन पासवान, विश्वनाथ सिंह, अमित कुमार, सुधीर कुमार, मनोज शर्मा सुनील कुमार, चिंटू कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।



### मुजफ्फरपुर में एनीमिया के खिलाफ बड़ी पहल: 26 मार्च को होगा एफसीएम थेरेपी अभियान का शुभारंभ

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार में गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की गंभीर स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार 26 मार्च 2026 को मुजफ्फरपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में 'फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज (एफसीएम)' थेरेपी अभियान का राज्यस्तरीय शुभारंभ किया जाएगा। यह पहल विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए उम्मीद की किरण बनकर आई है, जो खून की अत्यधिक कमी के कारण प्रसव के दौरान जोखिम का सामना करती हैं। यह जानकारी देते हुए डीपीएम रेहान अशरफ ने बताया कि इस अभियान की आवश्यकता राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 के उन चिंताजनक आंकड़ों से महसूस की गई, जिनमें बताया गया है कि बिहार में लगभग 63 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिया से ग्रसित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी विकराल है, जहाँ 63.9 प्रतिशत महिलाएं इस समस्या से जूझ रही हैं। राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक इन आंकड़ों को देखते हुए भारत सरकार के दिशा-निदेर्शों पर मुजफ्फरपुर के स्वास्थ्य तंत्र को पूरी तरह से सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए मुजफ्फरपुर के चिन्हित स्वास्थ्य संस्थानों, जैसे जिला अस्पताल और प्रथम रेफरल इकाई में पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।



## जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम "प्रेरणा 1.0" के मंच से राज्य के मुख्य सचिव ने यूपीएससी 2025 में सफल 18 मेधावी युवाओं को किया सम्मानित




सम्मान समारोह में मंच पर अतिथियों के साथ सम्मानित सफल अभ्यर्थी गण।

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** एमआईटी के सभागार में बुधवार को जिला प्रशासन के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम "प्रेरणा 1.0" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में यूपीएससी-2025 की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले 18 मेधावी युवाओं को बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर यूपीएससी परीक्षा में सफल युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि किसी भी पेशे का महत्व उसकी प्रतिष्ठा से नहीं, बल्कि उस कार्य के प्रति आपकी निष्ठा और समर्पण से निर्धारित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सिविल सेवा की यात्रा की शुरूआत यहीं से होनी चाहिए और इसे समाज तथा देश सेवा के अवसर के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पद और कुर्सी अस्थायी होते हैं, लेकिन समाज के लिए किया गया कार्य स्थायी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे निर्णय लेने से न डरें और अपने राज्य तथा देश का नाम रोशन करें।

इससे पूर्व एमआइटी के सहायक प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ह्लप्रेरणा 1.0ह्व कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया जा रहा है और संस्थान के लगभग 70 वर्षों के इतिहास में इस प्रकार का यह पहला प्रेरणादायी आयोजन है। संस्थान के प्राचार्य प्रो डॉ एम के झा ने सभी अतिथियों को शॉल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया, जबकि मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत को विशेष रूप से मधुबनी पेंटिंग भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने स्वागत भाषण में कहा कि इस कार्यक्रम की परिकल्पना बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के मार्गदर्शन में की गई है, ताकि युवाओं को सिविल सेवा की दिशा में प्रेरित किया जा सके। उन्होंने मुख्य सचिव का विशेष धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल युवाओं को लक्ष्य निर्धारित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी, एसएसपी सहित अनेक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी द्वारा यूपीएससी-2025 में सफलता प्राप्त करने वाले कुल 18 मेधावी अभ्यर्थियों—राघव झुनझुनवाला, उज्जवल प्रियंक, यशस्वी राज वर्धन, प्राची हनी, आकाश कुमार, अभिषेक चौहान, राहुल कुमार, आयुष कृष्णा, वसीम उर रहमान, आयुष कुमार, संजीव कुमार, अभिषेक सिंह, श्रेया झा, मुकेश बरनवाल, निकित सिंह, नूर आलम, सौरभ कुमार एवं विवेक कुमार को शॉल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सभी सफल अभ्यर्थियों का अभिनंदन किया। इसके पश्चात तिरहुत प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह, डीआईजी चंदन कुशवाहा, जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने मुख्य सचिव के कार्यकुशलता और उनके सहज सरल व्यक्तित्व की सराहना करते हुए सफल अभ्यर्थियों को मुख्य सचिव से प्रेरणा लेने की सलाह दी। साथ ही सफल हुए सभी अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रत्यय अमृत के माता-पिता डॉ रिपुसूदन श्रीवास्तव एवं डॉ कविता वर्मा भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम को और अधिक गरिमामय बनाया।

## पड़ोसियों से विवाद के बाद सब्जी व्यवसायी का सिर और चेहरा कूच कर की हत्या, गांव में कोहराम



घटना को लेकर मृतक के घर पर महिलाओं की लगी भीड़।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के सरैया थाना क्षेत्र के राजारामपुर चौड़ की झाड़ी में बुधवार की सुबह 32 वर्षीय रामबाबू राय का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक वैशाली जिले के बेलसर थाना क्षेत्र के साइन बरौना गांव निवासी पेशे से सब्जी व्यवसायी थे। इस क्रूरतापूर्ण हत्या को लेकर पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि

शव की स्थिति इतनी भयावह थी कि उसे पहचानना मुश्किल हो रहा था।अपराधियों ने शव का चेहरा और सिर बुरी तरह कुंचकर शव की पहचान छिपाने की कोशिश की थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए सरैया एसडीपीओ सुश्री गरिमा और सरैया थाना पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने क्षेत्र को घेर कर साक्ष्य जुटाना शुरू कर दिया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मुजफ्फरपुर से फॉरेंसिक जांच टीम को भी बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य और तकनीकी नमूने इकट्ठा किए, ताकि हत्यारों तक पहुंचा जा सके। घटनास्थल की जांच के बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। इस घटना को लेकर साइन गांव और सरैया के सीमावर्ती इलाकों में तनाव और शोक व्याप्त है। सरैया एसडीपीओ सुश्री गरिमा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह मामला प्रथम दृष्टया निर्मम हत्या का प्रतीत होता है, क्योंकि मृतक का चेहरा बुरी तरह कूच दिया गया तथा गला कटा हुआ पाया गया है। इस संबंध में मृतक के परिजनों तथा ग्रामीणों ने बताया कि रामबाबू बीते मंगलवार को अपने ही पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर विवाद में उलझ गए थे। बताया जा रहा है कि झगड़े के दौरान दो-तीन अन्य लोग भी मौजूद थे, जिन्होंने रामबाबू को धमकी दी थी कि ह्लअंजाम बुरा होगा।ह्व इस विवाद के बाद से रामबाबू राय मंगलवार की शाम रहस्यमय तरीके से लापता हो गए थे। परिजनों को आशंका है कि इसी रंजिश के चलते उनकी हत्या की गई है। स्थानीय लोग और परिजन पुलिस से आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। वहीं पुलिस फिलहाल आपसी रंजिश और मंगलवार को हुए विवाद को मुख्य आधार मानकर मामले की जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम और थाना पुलिस मिलकर सभी संभावित साक्ष्यों का विश्लेषण करने में जुटे हैं, ताकि अपराधियों का पता लगाया जा सके।

## कांटी में गैस संकट को ले उपभोक्ताओं का भड़का आक्रोश, सिलेंडर सड़क पर रखकर किया जाम, एजेंसी पर मनमानी का आरोप, पहुंची पुलिस

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** चैती छठ पर्व के संपन्न होते ही घरेलू एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर कांटी थाना क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने बुधवार को हरिजन टोला के पास गैस सिलेंडर सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और जमकर प्रदर्शन किया। रसोई की आग बुझने से परेशान लोगों का गुस्सा इस कदर भड़क उठा कि पूरा इलाका रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। हंगामा बढ़ता देख मौके पर पहुंची कांटी थाना पुलिस ने हालात को काबू में करने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खत्म कराया और माहौल को शांत किया। हंगामा कर रहे उपभोक्ताओं ने बताया कि जैतपुर थाना क्षेत्र स्थित विदिशा गैस एजेंसी द्वारा कांटी इलाके में गैस की सप्लाई की जाती है। लेकिन छठ के बाद जब लोगों को सबसे ज्यादा गैस की जरूरत थी, उसी वक्त एजेंसी की लापरवाही और मनमानी ने हालात बिगाड़ दिए। सुबह से ही दर्जनों उपभोक्ता लाइन में खड़े रहे, लेकिन घंटों इंतजार के बावजूद एक भी सिलेंडर की सप्लाई नहीं की गई। इससे नाराज लोगों ने इंसाफ की मांग करते हुए सड़क पर सिलेंडर रखकर जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि एजेंसी ने न तो गैस की कमी की कोई पूर्व सूचना दी और न ही उनके कॉल का जवाब दिया। फोन तक नहीं उठाया जा रहा। इस स्थिति में उपभोक्ता क्या करे।



# गैस आपूर्ति में लापरवाही पर डीएम हुए सख्त, 4 दिनों में एजेंसियों को व्यवस्था सुधारने का दिया सख्त अल्टीमेटम

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** घरेलू गैस उपभोक्ताओं को समयबद्ध, पारदर्शी एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बुधवार को तीनों तेल कंपनियों आईओसीएल, एचपीसीएल एवं बीपीसीएल के प्रतिनिधियों तथा शहरी गैस वितरण परियोजना के मुख्य प्रबंधक के साथ समाहरणालय में समीक्षा बैठक की। बैठक में गैस आपूर्ति व्यवस्था में पाई गई खामियों पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताते हुए इसे गंभीर लापरवाही करार दिया और तत्काल व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि गैस कंपनियां अपने उपलब्ध स्टॉक के अनुपात में उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिलना गंभीर चिंता का विषय है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम ने तेल कंपनियों के विरुद्ध कड़ा रुख अख्तियार करते हुए गैस सिलेंडरों के बैकलॉग और लंबित वितरण को प्राथमिकता के आधार पर समाप्त करते हुए अधिकतम चार दिनों के भीतर आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी तथा एसडीओ पूर्वी एवं पश्चिमी को प्रतिदिन आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी करने और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो यह व्यवस्था संधारित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि वर्तमान में औसतन लगभग 20 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है, जो बढ़ती मांग के मुकाबले अपर्याप्त है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव एवं संबंधित रिफिलिंग प्लांट को पत्र लिखकर अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मांग में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि बॉटलिंग प्लांट से अपेक्षित मात्रा में गैस की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। उन्होंने अतिरिक्त सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि लंबित बुकिंग और बैकलॉग को नियंत्रित किया जा सके। वहीं

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अधिकतम उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए तथा ह्लफर्स्ट कम, फर्स्ट सर्वह्व के सिद्धांत पर वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि स्टॉक में गैस उपलब्ध रहने के बावजूद वितरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होना गंभीर लापरवाही को दशार्ता है, जिसे तत्काल सुधारना होगा। समीक्षा के दौरान एक और महत्वपूर्ण मुद्दा सामने आया कि कई उपभोक्ता पाइपलाइन गैस (पीएनजी) कनेक्शन होने के बावजूद एलपीजी कनेक्शन का भी लाभ उठा रहे हैं। जिलाधिकारी ने इसे नियमों के विरुद्ध बताते हुए ऐसे उपभोक्ताओं का सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जिले में शहरी गैस वितरण परियोजना के तहत पीएनजी कनेक्शन की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्तमान में जिले के 32,341 घरों में गैस मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से 14,238 कनेक्शन चालू हैं, जबकि 18,103 कनेक्शन अभी सक्रिय किए जाने बाकी हैं। इसपर आईओसीएल के मुख्य प्रबंधक अनीश कुमार ने बताया कि लगभग 10,000 कनेक्शन जल्द ही चालू कर दिए जाएंगे, जिनमें से करीब 2,000 मल्टीपल कनेक्शन वाले उपभोक्ता हैं। शेष 8,103 कनेक्शनों के लिए एमडीपीई कनेक्टिविटी का कार्य तेजी से प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने इस कार्य में तेजी लाने और जल्द से जल्द सभी कनेक्शन चालू करने के निर्देश दिए। अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों और कंपनियों को चेतावनी देते हुए कहा कि गैस आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।



तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ गैस वितरण की समस्या पर बैठक करते डीएम।

## संक्षिप्त खबरें

### मदरसा रहमानिया मेहसौल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 132 हाजियों व ग्रामीणों का हुआ इलाज

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** शहर के मदरसा रहमानिया मेहसौल परिसर में परिवार हेल्थ केयर की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। हाजियों को प्रशिक्षण देने के उपरांत आयोजित इस शिविर में कुल 132 हाजियों एवं आसपास के ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व इलाज किया गया।

शिविर के दौरान मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ आवश्यक दवाइयां भी मुफ्त में उपलब्ध कराई गईं। डॉक्टरों की टीम ने विभिन्न बीमारियों की जांच कर लोगों को जरूरी स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। विशेष रूप से हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों के स्वास्थ्य परीक्षण पर ध्यान केंद्रित किया गया, ताकि



स्वास्थ्य शिविर में हाजियों का जांच करते डॉ माहिद हसन।

वे पूरी तरह स्वस्थ होकर अपनी यात्रा पर जा सकें। इस अवसर पर डॉ. माहिद हसन ने कहा, हृसमाज के जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। इस तरह के निःशुल्क शिविर के माध्यम से हम उन लोगों की मदद कर रहे हैं, जो आर्थिक कारणों से समय पर इलाज नहीं करा पाते हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। शिविर के सफल आयोजन से स्थानीय लोगों में खुशी देखी गई और उन्होंने परिवार हेल्थ केयर की इस पहल की सराहना की। इस मौके पर हाजी इफ्तेखार आलम मुन्ना, मो. अरमान अली, मौलाना रिजवान कासमी, आलिम उर्फ आरजू, हाजी हन्ना, तबरेज, कमरूल जमा, मो. गुलाब, मो. अजमल, तनवीर शम्सी, मो. शकील समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### एसपी ने पुनौरा थाना का किया औचक निरीक्षण



**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने बुधवार को पुनौरा थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना के ओडी, हाजत, पहरा व्यवस्था, साफ-सफाई, सिरिस्ता कक्ष, वायरलेस व्यवस्था तथा अभिलेखों के रख-रखाव का गहन अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार एवं तत्परता बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### सीतामढ़ी जिले के अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे क्षेत्रों में सुदृढ़ विधि-व्यवस्था को लेकर डीएम ने की बैठक

# बॉर्डर के 15 किमी दायरे में हटेगा अतिक्रमण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के सीमावर्ती प्रखंडों एवं अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सीतामढ़ी एक संवेदनशील सीमावर्ती जिला है, जो अंतर्राष्ट्रीय सीमा से जुड़ा हुआ है। ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सतत एवं पैनी निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि सीमा से जुड़े प्रत्येक गांव और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ रहे। किसी भी प्रकार की संदिग्ध या अवैध गतिविधि पर कठोरतम कार्रवाई की जाय। सभी अधिकारी सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीमा पार से व्यक्तियों एवं वस्तुओं




समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में बैठक करते जिलाधिकारी व उपस्थित अन्य।

की आवाजाही पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की जमाखोरी और कालाबाजारी पर कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, पशु तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि शराब के साथ-साथ सूखा नशा के विरुद्ध भी व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, बॉर्डर क्षेत्र में संचालित अनाधिकृत दुकानों एवं संस्थानों की नियमित जांच करते हुए औचक छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। मानव तस्करी की रोकथाम को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने तथा प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

जिलाधिकारी ने बॉर्डर से 15 किलोमीटर के दायरे में अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए विशेष अभियान चलाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। वहीं, पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने बैठक में कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ कार्य करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि एसएसबी एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से कार्रवाई की जाए, ताकि अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता संजीव कुमार, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), जिला जन संपर्क पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, एसएसबी के वरीय अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रामनवमी पर सीतामढ़ी में निकलेगी भव्य शोभायात्रा, श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** रामनवमी (राम जन्मोत्सव) के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति सीतामढ़ी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 26 मार्च 2026 को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह शोभायात्रा प्रातः 6:00 बजे जानकी मंदिर प्रांगण, जानकी स्थान से प्रारंभ होगी।

आयोजकों ने बताया कि शोभायात्रा को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के माहौल में निकलने वाली इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों पर आधारित झांकियां, भजन-कीर्तन और आकर्षक सजावट मुख्य आकर्षण होंगे।

संगठन के पदाधिकारियों ने जिले के सभी हिंदू भाई-बहनों, माताओं एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शोभायात्रा को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालु समय पर सुबह 6:00 बजे जानकी मंदिर प्रांगण पहुंचकर यात्रा में शामिल हों और पुण्य के भागी बनें।

### चैती दुर्गा पूजा व रामनवमी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** चैती दुर्गा पूजा एवं आगामी रामनवमी पर्व को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी संवेदनशील स्थलों, पूजा-पंडालों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों एवं व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था पूरी तरह से कायम रहे और आमजन सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना सकें।

## सीतामढ़ी में 28 को लगेगा रोजगार मेला

### आईटीआई परिसर में 25 से अधिक कंपनियां देंगी युवाओं को नौकरी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए एक राहत भरी खबर सामने आ रही है। जिला नियोजन कार्यालय द्वारा आगामी 28 मार्च 2026 को एक दिवसीय विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य कार्यक्रम शांतिनगर, डुमरा स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के परिसर में आयोजित होगा। जिला नियोजन अधिकारी अमन कुमार ने बताया कि इस बार युवाओं में नौकरी के प्रति बढ़ती चाहत को देखते हुए विभाग ने व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। पिछले वित्त वर्ष में दो बार सफल आयोजनों के बाद, इस बार के मेले को और अधिक प्रभावी बनाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि जिले के अधिक से अधिक कुशल हाथों को काम मिल सके।

**"दोगुना रोजगार, दोगुनी आय" की थीम पर आधारित होगा आयोजन :** इस रोजगार मेले की मुख्य थीम "कुशल युवा, समृद्ध बिहार - दोगुना रोजगार, दोगुनी आय" रखी गई है। अमन कुमार के अनुसार, विभाग का मुख्य उद्देश्य केवल नौकरी दिलाना ही नहीं, बल्कि युवाओं की आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इससे पहले जिले के लगभग सभी प्रखंडों में छोटे स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन बारी-बारी से किया जा चुका है। उन्हीं क्षेत्रीय आयोजनों की सफलता की कड़ी में अब 28 तारीख को जिला स्तरीय मेगा इवेंट होने जा रहा है। यह आयोजन एक ही छत के नीचे जिले भर के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों की नामी कंपनियों से रूबरू होने का मौका प्रदान करेगा।

**मैट्रिक से बी.टेक तक के उम्मीदवारों के लिए 25 से अधिक कंपनियां :** रोजगार मेले की सबसे बड़ी विशेषता इसकी व्यापकता है। इस बार मेले में 25 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों के शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है। खास बात यह है कि इसमें केवल उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं के लिए ही नहीं, बल्कि हर तरह की शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवारों के लिए पद खाली हैं। मैट्रिक पास युवाओं से लेकर बी.टेक, बी.एससी (केमिस्ट्री ऑनर्स) और कॉमर्स बैकग्राउंड वाले अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार साक्षात्कार दे सकेंगे। तकनीकी योग्यता रखने वाले युवाओं के लिए विशेष तौर पर संबंधित उद्योगों को आमंत्रित किया गया है, जिससे जिले के स्किल्ड लेबर और प्रोफेशनल्स को स्थानीय स्तर पर ही करियर बनाने का अवसर मिले।

**पंजीकरण प्रक्रिया और महत्वपूर्ण निर्देशः पूरी तरह निःशुल्क है सेवा :** प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस मेले में शामिल होने की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निःशुल्क है। किसी भी स्तर पर उम्मीदवारों से किसी भी प्रकार के शुल्क या पैसों की मांग नहीं की जाती है। इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे समय रहते जिला नियोजन कार्यालय पहुँचकर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करा लें। पंजीकरण के बिना साक्षात्कार प्रक्रिया में कठिनाई हो सकती है। अभ्यर्थियों को अपने साथ सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और बायोडाटा की प्रतियां लेकर आना अनिवार्य है। यह एक दिवसीय अवसर जिले के हजारों युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

## फतहपुर स्थित मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राओं का इंटरमीडिएट में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

### 48 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

**सोनबरसा/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** फतहपुर स्थित मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर के इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। कोचिंग के कुल 48 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन किया। इनमें से 12 विद्यार्थियों ने 400 से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 5 छात्र-छात्राओं ने 450 से भी अधिक अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की।

**शिक्षा के माध्यम से बदल रही तस्वीर : राज किशोर राउत**

राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षक राज किशोर राउत ने मार्गदर्शन कोचिंग की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह परिणाम सिर्फ परीक्षा में सफलता नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति समर्पण और मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की पहल छात्रों को नई दिशा दे रही है। उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि निरंतर प्रयास से ही बड़ी उपलब्धियां हासिल होती हैं।

**ग्रामीण प्रतिभा को मिल रहा मंच : सदरे आलम खान**

पूर्व मुखिया सदरे आलम खान ने कोचिंग के परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर ने फतहपुर और आसपास के क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि यहां के छात्र-छात्राएं अब बड़े स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हो रहे हैं, जो पूरे समाज के लिए गर्व की बात है।

**गरीबी बाधा न बने, यही लक्ष्य : ब्रजेश पासवान**

कोचिंग के संस्थापक ब्रजेश पासवान ने कहा कि उनका उद्देश्य हमेशा से रहा है कि आर्थिक तंगी किसी भी बच्चे की पढ़ाई में बाधा न बने। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, गरीबी के कारण मैं बीएससी करने के बाद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख सका। इसी वजह से मैंने ठाना कि समाज के बच्चों को संसाधनों के अभाव में अपनी पढ़ाई नहीं छोड़नी पड़े। उन्होंने आगे कहा कि मार्गदर्शन कोचिंग का मुख्य लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, ताकि छात्र-छात्राएं अपने सपनों को साकार कर सकें। उन्होंने कोचिंग के शिक्षकों मोतीउर रहमान और विकास कुमार के सहयोग को सराहनीय बताते हुए कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण से ही यह सफलता संभव हो पाई है।

**छात्र-छात्राओं ने जताई खुशी :** सफल छात्र-छात्रा शगुफ्ता यासमीन, कहकशां प्रवीण, रौनक खातुन, मेहजबीं खातुन, मो. समीर खान, सानिया खातुन ने अपनी उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कोचिंग और शिक्षकों का आभार जताया। छात्रों ने कहा कि यहां उन्हें न सिर्फ पढ़ाई का बेहतर माहौल मिला, बल्कि हर विषय को सरल तरीके से समझाया गया, जिससे अच्छे अंक लाने में मदद मिली। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताया है।

## अभियोजन की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए कई निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में अभियोजन की बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित रंजन, विधि शाखा के प्रभारी पदाधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव, जिला अभियोजन पदाधिकारी, सहायक लोक अभियोजक, विशेष लोक अभियोजक, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य विधि पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी अभियोजन पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के साथ सामंजस्य बनाकर कार्य करें। बैठक में स्पीडी ट्रायल से संबंधित मामले एवं सामान्य वाद मामले की समीक्षा की गई। लंबित वादों के निष्पादन की धीमी गति पर नाराजगी प्रकट की गई। निर्देश दिया गया कि सभी विधि पदाधिकारी स्पीडी ट्रायल से संबंधित सभी मामलों का निष्पादन यथा शीघ्र करना सुनिश्चित करें साथ ही समान्य मामलो के निष्पादन में भी प्रगति लाएं।

साथ ही प्रत्येक वाद में राज्य का पक्ष दृढ़तापूर्वक रखा जाय जिससे कि विभिन्न वादों में अधिकाधिक दोष सिद्धि कराया जा सके। दोषसिद्धि के मामले की संख्या कम होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी प्रकट की गई एवं सख्त निर्देश दिया गया कि अधिकाधिक दोषसिद्धि करवाया जाए। उन्होंने सभी अभियोजन पदाधिकारियों को अपने कार्यों में पर्याप्त सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

अगले माह में प्रत्येक न्यायालय में दोष सिद्धि सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया गया। निष्पादन के अंतिम स्थिति वाले केसो में गवाहों की गवाही ससमय पूर्ण कराकर विचारण प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय द्वारा अभियुक्तों को जल्द सजा दिलाया जाए। जिला लोक अभियोजन पदाधिकारी एवं अपर लोक अभियोजकों को निर्देशित किया गया कि सभी थानेदारों के साथ अभियोजन की मासिक बैठक कर समीक्षा करें ताकि उनके द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत केस डायरी एवं चार्ज शीट की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

बैठक में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण संबंधी अधिनियम, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, मद्य निषेध आदि विषयों से संबंधित अभियोजन एवं उसके अनुसंधान पर भी चर्चा हुई। इसके




बैठक करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक व अन्य।

अतरिक्त जिला पदाधिकारी के द्वारा उत्पाद एक्ट के तहत वादों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक में एक्साईज एक्ट, पोक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी/ एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण और गंभीर मामलों को चिन्हित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है और हम सबकी यह प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम न्याय समय से दिला सके।

# सीतामढ़ी जिले के 17 प्रखंडों से कुल 76 पंचायतों को टीवी मुक्त घोषित किया गया

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** विश्व यक्ष्मा दिवस-2026 के अवसर पर समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी रिची पांडे द्वारा जिले के 17 प्रखंडों से कुल 76 पंचायतों को टीवी मुक्त घोषित किया गया एवं संबंधित मुखिया जी को प्रशस्ति पत्र एवं महात्मा गांधी जी की मूर्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रथम स्थान पर बेलसंड प्रखंड रहा जहां 10 में 9 पंचायत को टीवी मुक्त घोषित किया गया है, द्वितीय स्थान पर सुरसंड प्रखंड रहा जहां 17 में 8 पंचायत को टीवी मुक्त किया गया, तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से रीगा एवं सुप्पी प्रखंड रहा जहां 6-6 पंचायत को टीवी मुक्त घोषित किया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा मुखिया जी को यक्ष्मा उन्मूलन में सहयोग हेतु धन्यवाद देते हुए अपने पंचायत अंतर्गत सभी यक्ष्मा मरीजों को गोद लेने की अपील की गई एवं पंचायत स्तर पर यक्ष्मा मरीजों की सूची तैयार कर रजिस्टर में संधारित करते हुए नियमित इसका अनुश्रवण करने की अपील की गई साथ ही अपने सहभागियों जैसे प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सरपंच, वार्ड सदस्य आदि को निश्चय मित्र के रूप मे जोड़ने की अपील की गई।

### विश्व यक्ष्मा दिवस-2026 के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

### संबंधित पंचायतों के मुखिया जी को किया गया सम्मानित

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर जेड जावेद द्वारा बताया गया कि वर्ष 2026 का थीम ही है कि यस ! वी कैन एन्ड टीबी. लेड बाई भारत. पावर्ड बाई जनभागीदारी. बगैर जन सहयोग के एवं जन भागीदारी के हम लोग अकेले यक्ष्मा उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकते हैं इसमें आप सभी के सहयोग आवश्यक है।

अतः अपने घर परिवार समाज में अगर



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते जिला पदाधिकारी व अन्य।

कोई संदिग्ध यक्ष्मा के रोगी पाए जाते हैं तो तुरंत उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में बलगम एवं एक्स रे जांच हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भेजें। हमारे सभी स्वास्थ्य केंद्र पर निशुल्क सुविधा उपलब्ध है। यक्ष्मा का जांच, इलाज सहित सरकार द्वारा प्रत्येक माह1000 उन्हें पोषण हेतु दिया जाता है साथ ही निश्चय मित्र के सहयोग से उन्हें उनके इलाज अवधि तक फूड बास्केट भी प्रदान किया जाता है। जिले में वर्तमान में लगभग 6000 मरीज हैं इलाजरत हैं जिनमें से 425 एमडीआर मरीज है।

यक्ष्मा रोग के सामान्य लक्षण निम्न है जिसमें लगातार खांसी, दो सप्ताह ही अधिक समय तक खांसी आना, खांसी के साथ बलगम आना एवं खून भी आना, सांस लेने या खांसते समय सीने में दर्द महसूस होना, सांस फूलना, लंबे समय तक बुखार आना जो शाम को बढ़ जाता है, रात में पसीना आना, दिन भर थकान और कमजोरी महसूस होना, वजन में गिरावट आदि प्रमुख है।

सिविल सर्जन डॉक्टर अखिलेश कुमार द्वारा बताया गया कि सही आदतें डालकर यक्ष्मा से हम लोग बच सकते हैं जिसके लिए स्वच्छता बनाए रखें खांसते या छींकते समय रुमाल या गमछा या टिशु का प्रयोग करें, संक्रमित व्यक्ति हमेशा मास्क में रहे , संतुलित आहार और व्यायाम से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जा सकती है, तंबाकू धूम्रपान अल्कोहल अन्य नशा से बचे, लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाना आदि भी टीवी रोग को गंभीर बनाते हैं इन सब से बचाव करना चाहिए। डायबिटीज फेफड़ों की समस्या कैंसर हार्ट की बीमारी आदि का भी समुचित उपचार होना चाहिए ताकि टीवी का खतरा कम रहे।

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी द्वारा बताया गया की विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर माननीय स्वास्थ्य मंत्री, केंद्र सरकार डॉक्टर जेपी नड्डा द्वारा पुनः 100 दिवसीय कैम्पेनिंग की शुरूआत की गई है जिसके अंतर्गत सभी चिन्हित पंचायतों में कैंप लगाकर वनरेबल पापुलेशन का स्क्रीनिंग किया जाएगा एवं उनका एक्स-रे तथा बलगम जांच भी किया जाएगा। उक्त बैठक में सभी 76 पंचायत के माननीय मुखिया, यक्ष्मा पर्यवेक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, प्रयोगशाला प्राविधिक के साथ-साथ सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण में बुधवार को बिहार शिक्षा परियोजना के तहत जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, उप विकास आयुक्त ड प्रदीप कुमार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए अप्रैल 2026 के प्रथम दो सप्ताह में सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में जिला परिषद द्वारा पुस्तकालय स्थापित किए गए हैं तथा मडल स्कूलों में भी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि बिहार शिक्षा परियोजना के तहत विद्यालयों में आधारभूत संरचना के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्कूलों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, कंप्यूटर लैब, खेल सामग्री, इंटीग्रेटेड साइंस लैब एवं पुस्तकालय की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही इको क्लब, विज्ञान एवं गणित क्लब का गठन तथा बालिकाओं के लिए कराटे प्रशिक्षण भी कराया जा रहा है।उन्होंने बताया कि कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, पोशाक एवं छात्रवृत्ति दी जाती है। समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण पर भी जोर दिया गया। कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रहलाद प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी गोपाल ष्ण, अखिल बैभव, नित्यम कुमार गौरव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रामनवमी से पहले सड़कों पर उतरी पहाड़पुर पुलिस, कड़ा संदेश

**पहाड़पुर।** रामनवमी को लेकर पहाड़पुर पुलिस ने थाना अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में जोरदार फ्लैग मार्च निकालकर माहौल को पूरी तरह सख्त और नियंत्रित कर दिया।संवेदनशील इलाकों में गूंजते सायरन और पुलिस की मजबूत मौजूी ने साफ संदेश दे दियाकानून से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। आम लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की गई, वहीं असामाजिक तत्वों को खुली चेतावनी दी गई।थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने दो टूक कहाअफवाह फैलाने वालों पर तुरंत कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा, नियम तोड़ने वालों पर सीधा कानूनी शिकंजा कसा जाएगा।फ्लैग मार्च में अपर थाना अध्यक्ष अमन कुमार, सोनू कुमार, विवेक कुमार, मुकेश कुमार, सोनू बैठा, ग्रामीण चौकीदार व भारी संख्या में पुलिस बल शामिल रहे।

### 12 लीटर चुलाई शराब संग दो गिरफ्तार

**पहाड़पुर।** अवैध शराब के खिलाफ छेड़ी गई जंग में पहाड़पुर पुलिस ने बुधवार सुबह ऐसा जोरदार वार किया कि पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। थाना अध्यक्ष कुमार के नेतृत्व में चली इस सख्त कार्रवाई ने यह साफ कर दिया कि अब कानून के शिकंजे से बच पाना आसान नहीं।पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी में 12 लीटर चुलाई शराब बरामद की गई, वहीं मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोटर महतो (पितारू लोरिक महतो) एवं ललन महतो (पितारू श्री महतो) के रूप में हुई है, जो सिसवा कान्ही टोला के निवासी बताए जा रहे हैं।थाना अध्यक्ष ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि अवैध शराब के धंधे में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। अभियान लगातार जारी रहेगा और हर दोषी को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में जहां अपराधियों के बीच खौफ का माहौल है, वहीं आम जनता ने पुलिस की इस सक्रियता की खुलकर सराहना की है।दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# गेट 2026 में रोहित राज ऑल इंडिया रैंक 130 हासिल कर मोतिहारी का नाम किया रोशन

**मोतिहारी(एन एस बी)।** मोतिहारी के प्रतिभाशाली छात्र रोहित राज ने गेट 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय रैंक (।प्त) 130 हासिल कर जिले और विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। वर्तमान में वे महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में बीटेक (कंप्यूटर साइंस) के चौथे वर्ष के छात्र हैं।रोहित ने कंप्यूटर साइंस (बै) में 7458 अंक प्राप्त कर यह उल्लेखनीय रैंक हासिल की, साथ ही उनका ळ।ज्म स्कोर 871 रहा।

इसके अलावा उन्होंने डेटा साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (क।) में भी सफलता पाते हुए 3967 अंक के साथ ।प्त 2412 प्राप्त की, जिसमें उनका स्कोर 510 रहा। इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान ही यह उपलब्धि हासिल करना उनकी मेहनत और लगन को दर्शाता है।उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जीवन पब्लिक स्कूल, मोतिहारी से पूरी की। उनके पिता विश्वनाथ प्रसाद एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं,


रोहित राज।

जबकि माता उर्मिला कुमारी गृहिणी हैं। परिवार का सहयोग उनकी सफलता की सबसे बड़ी ताकत रहा।रोहित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बहन मुस्कान राज, अंशु प्रिया सहित कई प्रेरणादायक व्यक्तित्वों को दिया। उन्होंने ड़ लाल बाबू प्रसाद (उपमहापौर), ड़ शत्रुघ, ड़ इंस्पिता और गीता कुमारी के मार्गदर्शन को भी महत्वपूर्ण बताया।

शिक्षकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने विशेष रूप से अपने विभागाध्यक्ष ड़ विकास पारीक को इस सफलता का प्रमुख श्रेय दिया। साथ ही ड़ शुभम कुमार, ड़ सुनील कुमार, ड़ अरविंद शुक्ल, हर्षित कुमार और स्मृति जैन के सहयोग को भी याद किया।रोहित ने बताया कि दोस्तों के साथ समूह अध्ययन उनकी तैयारी का अहम हिस्सा रहा। कठिन विषयों को मिलकर समझने और निरंतर मोटिवेशन ने उन्हें आगे बढ़ने में मदद की। कई असफलताओं के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार प्रयास करते रहे।

# मोतिहारी मध्यस्थता केंद्र में न्यायाधीश की भावभीनी विदाई

**मोतिहारी(एन एस बी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी के अंतर्गत संचालित मिडिएशन फर द नेशन कार्यक्रम के समन्वयक सह मध्यस्थ एवं जिला अपर एवं सत्र न्यायाधीश श्री मुकुंद कुमार के स्थानांतरण पर जिला मध्यस्थता केंद्र, मोतिहारी में एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उनका स्थानांतरण बेगूसराय न्यायालय में हुआ हैस समारोह में न्यायिक पदाधिकारियों, मध्यस्थों एवं कार्यालय कर्मियों ने भाग लेकर उनके कार्यकाल की सराहना की। श्री मुकुंद कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान मध्यस्थता प्रक्रिया को सुढ़ एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में कई जटिल एवं लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव हो सका, जिससे न्यायालयों पर भार कम हुआ और पक्षकारों को त्वरित न्याय मिला।

कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री पुनीत कुमार तिवारी ने उनके कार्यशैली को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ किया। वहीं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती रेशमा वर्मा ने उनके सौम्य व्यवहार और नेतृत्व क्षमता की सराहना की।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन


विदाई समारोह में न्यायाधीशगण।

त्रिपाठी ने कहा कि मुकुंद कुमार के प्रयासों से जिला मध्यस्थता केंद्र को नई पहचान मिली है और उनकी कार्य-परंपराएं आगे भी मार्गदर्शक बनी रहेंगी। मध्यस्थ अशोक कुमार पाण्डेय ने भी उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने मध्यस्थता को न्याय का सशक्त माध्यम बनाया।समारोह के अंत में सभी कर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं नई जिम्मेदारियों में सफलता की कामना की।

# एसडीओ एवं डीएसपी ने की एससी/एसटी सतर्कता समिति की संयुक्त बैठक

## मुआवजा भुगतान व त्वरित जांच पर दिया जोर

**मोतिहारी(एन एस बी)।** अरेराज में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री अंजली शर्मा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रवि कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गईस बैठक के दौरान अधिकारियों एवं सदस्यों को अनुमंडल स्तर पर दर्ज सभी मामलों में से 60 दिनों के भीतर आरोप पत्र दाखिल करने तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर विस्तृत विमर्श किया गया। अधिकारियों ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित मामलों में त्वरित एवं निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया।बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता बरतते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि


बैठक में उपस्थित अधिकारी।

मुआवजा की प्रथम किस्त के भुगतान की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि द्वितीय किस्त के भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो।इस क्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पीड़ितों को न्याय और राहत समय पर मिल सकेस बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं नगर पंचायत अरेराज के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने की पंचायती राज कार्यों की समीक्षा

## सोलर लाइट व निर्माण कार्य में तेजी का दिया निर्देश

**मोतिहारी(एन एस बी)।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गईस बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सोलर स्ट्रीट लाइट के चौथे चरण में चल रहे अधिष्ठापन कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही स्थापित सोलर स्ट्रीट लाइट के विरुद्ध एजेंसी को ग्राम पंचायत स्तर से शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि पंचायत सरकार भवन में एलएईओ, भवन निर्माण विभाग एवं ग्राम पंचायत स्तर से जो निर्माण कार्य चल रहे हैं, उनका


समीक्षा करते डीएम।

नियमित निरीक्षण किया जाए। उन्होंने सभी निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता और प्रगति पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए।इसके अलावा 15वें एवं 6ठे वित्त आयोग से प्राप्त राशि के उपयोग में तेजी लाने को लेकर भी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्यो को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सुनिश्चित किया जाएस बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी रामजन्म पासवान, सहित सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं जिला समन्वयक (आधारभूत संरचना) उपस्थित रहे।

# अनुमंडल टपर बन छोटी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**अरेराज(एन एस बी)।** अनुमंडल क्षेत्र के भादा गांव निवासी राकेश गिरी की पुत्री छोटी कुमारी ने इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के विज्ञान संकाय में 500 पूर्णांक में 446 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।छोटी कुमारी ने इसका सारा श्रेय अपने माता पिता और अपने कोचिंग संस्थान मणि साइंस पइंट को दिया है।

संस्था की संचालक अर्चना कुमारी ने बताया कि छोटी कुमारी एक कुशाग्र छात्रा है ये पांचों विषयों में डिस्टिंक्शन मार्क्स लाकर अनुमंडल टपर बनी है। संस्थान के 39 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की है। इनमें से सात विद्यार्थियों ने 400 से अधिक अंक हासिल किए हैं, जबकि 28 विद्यार्थियों ने 300 से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान के उत्ष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन को साबित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद संस्थान परिसर में खुशी का माहौल है और छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकों में भी


अपने परिवार के साथ छोटी कुमाररी।

उत्साह देखा जा रहा है। संस्थान के शिक्षक प्रिंस कुमार ने बताया की यह उपलब्धि उसकी मेहनत, अनुशासन और संस्थान के बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन का परिणाम माना जा रहा है। उसने सभी विषयों में डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि सतत परिश्रम और सही दिशा मिलने पर बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है।400 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में उजाला कुमारी,ति कुमारी,अनिकेत कुमार,अविनाश कुमार सचिन कुमार,खुशी कुमारी, शामिल हैं।

### रामनवमी, 27 मार्च को श्रद्धा व परंपरा से मनाया जाएगा पर्व

**मोतिहारी(एन एस बी)।** रामनवमी का पावन पर्व 27 मार्च, शुक्रवार को पूरे देश में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है और भारतीय संस्ति में इसका विशेष महत्व है। महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास ने इसी दिन से रामचरितमानस की रचना प्रारंभ की थी, इसलिए इस अवसर पर रामचरितमानस जयंती भी मनाई जाती है। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार त्रेतायुग में अयोध्या नगरी में चैत्र शुक्ल नवमी के दिन भगवान भगवान विष्णु ने श्रीराम के रूप में राजा दशरथ और माता कौशल्या के यहाँ जन्म लिया था। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है और वे सदाचार, धर्म और आदर्श जीवन के प्रतीक हैं। उनका अवतार रावण के अत्याचारों को समाप्त कर धर्म की स्थापना के लिए हुआ था। प्राचार्य पाण्डेय ने कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन से हमें गुरु सेवा, भ्रातृ प्रेम, मातृ-पितृ भक्ति, शरणागत की रक्षा और समानता का संदेश मिलता है।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यार्थियों को दी गई डिजिटल सुरक्षा की सीख

**मोतिहारी(एन एस बी)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय इकाई द्वारा बुधवार को बृहस्पति सभागार में साइबर फ्रड जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं शिक्षकों को तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना एवं उनसे बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी प्रदान करना था।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डीएसपी अभिनव पाराशर ने कहा कि आज साइबर अपराधी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले जहां ठगी पारंपरिक माध्यमों से होती थी, वहीं अब सोशल मीडिया प्लेटफर्म जैसे फेसबुक के माध्यम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।उन्होंने विशेष रूप से सोशल इंजीनियरिंग, व्ज्च फ्रड, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डीपफेक तकनीक के बढ़ते खतरे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अब केवल एक मोबाइल नंबर, फोटो या छोटी सी जानकारी भी अपराधियों के लिए बड़ा हथियार बन चुकी है। वे मुख्य रूप से तीन चीजों का फायदा उठाते हैं लालच, डर और जल्दीबाजी। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उोधन में प्रो़ प्रसून दत्त सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डिजिटल युग में तकनीक का सही उपयोग करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी उसके जोखिमों को समझना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक और सतर्क रहने की सलाह दी।उत्तर बिहार के स्टूडेंट फार सेवा के प्रांत प्रमुख ड़ श्याम नंदन ने अपने संबोधन में कहा कि श्युवा वर्ग सोशल मीडिया का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है, इसलिए उन्हें सबसे अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी लापरवाहियाँ बड़े नुकसान का कारण बन सकती हैं। ।ठटच की ओर से जनजातीय कार्य प्रमुख ड़ आशा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन हमेशा छात्र हित और उनकी सुरक्षा के लिए कार्य करता रहा है। ड़अंजनी ने कहा कि आज के समय में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने छात्रों को डिजिटल अनुशासन अपनाने और अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने पर जोर दिया।वहीं ।ठटच के उपाध्यक्ष आयुष किशन ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर फ्रड एक गंभीर चुनौती बन चुका है, जिससे बचने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार हैस कार्यक्रम का संचालन महेश कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष ने कियास इस अवसर पर विश्वविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दैनिक कर्मचारियों ने बकाया वेतन को ले दिया धरना

**चकिया(एन एस बी)।** स्थानीय एसआरएपी कलेज परिसर में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दूसरे दिन बुधवार को भी धरना दिया। धरना से दूसरे दिन भी उनसे संबंधित कार्य ठप रहा।कर्मचारियों ने बताया कि अक्टूबर 2025 से अब तक उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। होली जैसे बड़े पर्व के समय भी वेतन नहीं मिलने के कारण उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और किसी तरह त्योहार मनाना पड़ा। कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले एक व दो दशक से महाविद्यालय में अल्प वेतन पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन पिछले छह महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण अब उनके सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कर्मचारियों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें नियमित रूप से वेतन भुगतान किया जाए और समान काम के बदले समान वेतन की व्यवस्था लागू की जाए। इसके अलावा उन्होंने सेवा समायोजन करने, स्वीत व रिक्तपदों पर कार्यरत कर्मचारियों का सेवा नियमितीकरण करने सहित अन्य मांगों को भी रखा।धरना के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं की गई तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखने को बाध्य होंगे। मौके पर कमलेश कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, खुशबू कुमारी, अजीत कुमार, राकेश कुमार, रिंकू कुमारी, जय प्रकाश भारती, रेयाज आलम, बिपिन कुमार, धर्मेन्द्र कुमार यादव, मो़ मुशाहिद आलम, सुरेश मली, संजीव कुमार सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

### स्कॉरपियो पर हुई फायरिंग मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**मोतिहारी (एस एन बी)।** इस वक्त की बड़ी खबर पूर्वी चम्पारण जिले से आ रही है। छतौनी छतौनी थाना स्थित भवानीपुर जिरात में हुई फायरिंग में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।जिसे पूछताछ के बाद आज बुधवार को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी उक्त मुहल्ला निवासी सह अधिवक्ता प्रियरंजन शर्मा बताया गया है। उक्त जानकारी सदर -1 के डीएसपी दिलीप कुमार ने पत्रकारों को दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात्रि करीब 12 बजे नगर थाना क्षेत्र के चांदमारी निवासी कार्तिक सिंह अपनी स्कॉरपियो से तीन अन्य लोगों के साथ सवार होकर अपने घर चांदमारी जा रहे थे।इसी दौरान जैसे ही वह भवानीपुर जिरात पहुंचे कि पूर्व से घात लगाए बैठे अधिवक्ता प्रियरंजन शर्मा,डॉक्टर धीरज शर्मा व प्रणव कुमार अंधाधुंध फायरिंग करने लगे।जो गोली स्कॉरपियो के पीछे लगी और बर्नट में जा फंसी। हालांकि कि इस दौरान किसी भी प्रकार की हताहत नहीं हुई। सूचना पर डीएसपी के अलावे एफ एस एल की टीम मौके पर पहुंच गहनता से जांच की। जहां गोली चलने की बात सत्य पायी गयी।इस दौरान दोनों पक्ष ने अपना-अपना आवेदन थाना में दिया।जिसपर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दी गयी। अनुसंधान के बाद अधिवक्ता प्रियरंजन शर्मा के दो लाइसेंसी हथियार एवं कारतूस जप्त कर अधिवक्ता प्रियरंजन शर्मा को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। डीएसपी श्री कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष आपस में संबंधी है और मामला जमीनी विवाद से जुड़ा है। पूर्व से ही दोनों पक्षों में जमीन को लेकर गाली गलौज हो रहा था।

### विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार का पीपराकोठी में स्वागत

#### चंपारण सत्याग्रह महोत्सव में शामिल होने जा रहे थे

**पीपराकोठी।** स्थानीय मुख्य चौराहे पर बुधवार के शाम बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वे कोटवा प्रखंड के जासौलिपट्टी में आयोजित चंपारण सत्याग्रह महोत्सव में शामिल होने जा रहे थे। यह स्वागत कार्यक्रम विधायक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष पवन राज, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, सुधांशू दुबे, बब्लू पासवान और मोहबुल हक सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त भाजपायुमो के प्रखंड अध्यक्ष गुंजन प्रकाश, उपेन्द्र चौधरी, कामेश्वर चौरसिया, गौरीशंकर साह, उमाशंकर शर्मा, संजय गिरी, रंजन गुप्ता, पवन गुप्ता, राजेश साह, गुड्डू कुमार और सुबोध सहनी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### रामनवमी को लेकर मोतिहारी में कड़ी सुरक्षा

#### शांति समिति की बैठक में कई अहम निर्देश जारी

**मोतिहारी(एन एस बी)।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से मोतिहारी सदर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि रामनवमी-2026 के अवसर पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जुलूस के दौरान नशा का सेवन करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जुलूस में भाला, गड़ासा एवं अन्य धारदार हथियार लेकर चलना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।उन्होंने बताया कि असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए जगह-जगह सादे लिवास में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा जुलूस की गतिविधियों पर निगरानी रखने हेतु ड्रोन कैमरों का भी उपयोग किया जाएगा। जिला नियंत्रण कक्ष से पूरे जिले की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि मोतिहारी, जो गंगा-जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता है, इस बार भी आपसी सौहार्द का उदाहरण प्रस्तुत करेगा।इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सरपंच के एयरगन से चली गोली दस वर्षीय बालक जख्मी, सरपंच अपने कुत्ता को मार रहे थे अचानक बालक आ गया निशाने पर



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** बसनही थाना क्षेत्र अन्तर्गत सहशौल ग्राम में एयरगन के गोली लगने से एक 10 वर्षिय बालक गंभीर रूप से जख्मी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बात मिली जानकारी अनुसार सहशौल ग्राम कचहरी के सरपंच संजीत कुमार सिंह बुधवार दोपहर एक कुत्ते को एयरगन से मारने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान निशाने पर पंकज साह का 10 वर्षीय पुत्र कृष्णा कुमार आ गया। एयरगन की गोली सीधे बालक के गाल में घुस कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों द्वारा जख्मी बालक को सहशौल के एक निजी चिकित्सक के पास इलाज हेतू ले जाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा एयरगन के गोली को निकाल कर सीएचसी सोनवर्षा ले जाया गया है। जहां बालक की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाबत सरपंच संजीत कुमार सिंह ने बताया की कुत्ते को मारने के दौरान गलती से गोली बालक को लग गई थी। गोली निकाल दिया गया है बालक स्वस्थ है।

### रामनवमी को लेकर बनमा ईटहरी थाना में शांति समिति की बैठक।



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना परिसर में आगामी रामनवमी पर्व को लेकर नवनिर्मित थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के आम नागरिक, गणमान्य व्यक्ति एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। थानाध्यक्ष ने सभी उपस्थित लोगों से पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रामनवमी जैसे धार्मिक आयोजनों में आपसी भाईचारा बनाए रखना जरूरी है। जुलूस के दौरान प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्गों का पालन करने, डीजे व ध्वनि पर नियंत्रण रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह से बचने की सलाह दी गई। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा। इस मौके पर पूर्व प्रमुख रमेश चंद्रा यादव, सत्यनारायण यादव, पवन यादव, प्रेम कुमार, जमील आफताब, विजय सिंह, दिलीप सिंह, शब्बर फरीदी, अनिल यादव, मो. सलाम, तमीज उद्दीन, दिनेश यादव, हरिशंकर सिंह,अबुल फरह शालजी, प्रभाष भगत, सोहन सिंह, पप्पू कुमार, मनोज ठाकुर सहित कई लोग मौजूद रहे।

### लोजपा ने संगठन मजबूती पर दिया बल।

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के कुशमी गांव में लोजपा (रा) की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार ने की, जबकि संचालन कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष सोहन सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि पंचायत स्तर पर संगठन की मजबूती से ही पार्टी को सफलता मिलती है।



उन्होंने बताया कि कार्यकत्ताओं की मेहनत के बल पर ही विधायक और सांसद सदन तक पहुंचे हैं। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा नेता अमरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि युवा पार्टी की रीढ़ होते हैं, इसलिए उनकी भागीदारी बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षों से अपील की कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के ह्लबिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्टह्व विजन को घर-घर तक पहुंचाएं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष केडी शर्मा, निरेश गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष संदीप पासवान, अबध राम, अमित यादव, प्रभात रंजन, बेचन साह, स्वेता कुमारी, अंजना रानी, मंजू देवी, गिरीश यादव, शम्भू राम, श्रीलाल शर्मा, दिनेश चैधरी, अरविंद यादव, अशोक कुमार, ओम कुमार, मंतोष कुमार, फुलेश्वर रजक, अनिल यादव, प्रवीण कुमार सहित कई कार्यकत्ता मौजूद रहे।

### अरसी में तीन-दिवसीय अष्टजाम यज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के पडरिया पंचायत अन्तर्गत अरसी उच्च विद्यालय के प्रांगण में तीन-दिवसीय अष्टजाम यज्ञ को लेकर बुधवार को 351 कन्या व महिलाओं के द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। इस दौरान विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मैना स्थित पवित्र सुरसर नदी में जल भरकर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पहुंचा।गाजेबाजे ढोल नगाड़ों व जय श्री राम के जयकारे व लाल पीले व भगुवा रंग के वस्त्र से माहौल भक्ति मय बना हुआ था। भव्य कलश शोभा यात्रा मैना, माली फतेहपुर होते हुए अरसी यज्ञस्थल पर पहुंचा।कलशयात्रा को लेकर आमजनों के द्वारा जगह जगह महिलाओं को शरबत व पानी व फल देकर सेवा करने में जुटे हुए थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष ब्रह्मदेव शर्मा ने बताया कि यज्ञ 25मार्च से लेकर 27 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।जिसमें पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी समुचित व्यवस्था किया गया है।कलश व शोभायात्रा में मुख्य रूप से यज्ञ समिति के अध्यक्ष रमेश साह, कोषाध्यक्ष सोनू सिंह, सचिव-अनोज कुमार, सचिव श्रीराम कुमार , जयकुमार, कौशल कुमार जयकृष्ण यादव ,राजकुमार , सनोज भारती, रमेश शमी. श्रीकांत यादव, अरविंद यादव , दिनेश साह, राहूल साह, राकेश शर्मा, कैलाश यादव, मनोज शर्मा , आशीष यादव सहित सैकड़ों गणमान्य ग्रामीण शामिल थे।

### विगत 45 वर्षों से हो रहा पंचवटी चैक पर रामनवमी पूजन व शोभा यात्रा का आयोजन

**घुड़दौर प्रतियोगिता 28 मार्च को सफल प्रतिभागी होगें पुरस्कृतः रमेशचन्द्र यादव।**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** स्थानीय पंचवटी में विगत सन 1981ई० से विराट श्री रामनवमी मेला का आयोजन होता रहा है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विराट श्री रामनवमी मेला का आयोजन किया गया है।इसके संस्थापक रमेश चंद्र यादव हैं। मेला में अपराह्न 4:00 बजे भव्य शोभा यात्रा, संयोजक कुन्दन वर्मा के नेतृत्व में निकाला जाएगा।मेला सदस्य शशि सरोजनी रंगमंच सेवा संस्थान के नाट्य निर्देशक सह सदस्य अभिनेता सह नाट्य निर्देशक कुन्दन वर्मा ने बताया कि इस निमित्त 19 मार्च को कलश स्थापना किया गया।वही भगवान राम लक्षण एवं सीता की भव्य प्रतिमा कलाकार द्वारा बनाए गए है।वही मूर्ति पूजन, मेला उद्घाटन का कार्यक्रम 03:00 बजे दिन के बाद भव्य शोभा यात्रा का आयोजन 04:00 बजे अपराह्न तथा रामनाम संकीर्तन रात्रि 08:00 बजे होगा तथा 28 मार्च को घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता पटेल मैदान में आयोजित की जाएगी।जिसमें तेज गति व धीमी चाल की प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को ईनाम देकर पुरस्कृत किया जाएगा।इसके अगले दिन रविवार को प्रतिमा विसर्जन रात्रि 09:00 बजे में किया जाएगा।मेला को सफल बनाने में अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ह्लचमन,राजीव कुमार भगत, दुर्मिल मिश्र, उपाध्यक्ष राम प्रकाश सिंह, सचिव राम विनय सिंह,मुरारी प्रसाद यादव, संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, संगठन सचिव दीनानाथ यादव, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार पासवान एवं श्यामाचरण झा, हर्ष राज, हिमांशु राज, तिलक राज, तनुज कृष्णा सहित अन्य सदस्य गण लगे हुए हैं।



# रामनवमी व चैती दुगार्पूजा के दृष्टिगत विधि व्यवस्था को लेकर डीएम व एसपी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**पीएनजी कनेक्शन हेतु लगभग 65 किलोमीटर में पाइप बिछाने का कार्य पूर्णः डीएम**



बैठक में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** बुधवार को स्थानीय प्रेक्षा गृह में जिलाधिकारी दीपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हिमांशु द्वारा रामनवमी पर्व एवं चैती दुगार्पूजा के दृष्टिगत विधि व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों हेतु समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा के क्रम में रामनवमी, चैती पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था के समुचित संधारण निमित सदर अनुमंडल में चिन्हित स्थलों पर कुल 98 दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल क्षेत्र में 44 दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सूचनाओं के आदान प्रदान, त्वरित कार्रवाई के उद्देश्य से जिला नियंत्रण कक्ष 26 मार्च से 28 तक निरंतर कार्यशील रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया की सतत निगरानी की जा रही है, सोशल मीडिया के माध्यम से आपसी सद्भाव में खलल उत्पन्न करने की चेष्टा के विरुद्ध कठोरतम कारवाई सुनिश्चित की जाएगी। ह्लआसन्न पर्व त्योहार के अवसर पर डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगाह्व। आज आयोजित संयुक्त संबोधन क्रम में सभी संबंधित दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों को निर्धारित दायित्वों के सम्यक निर्वहन का निर्देश दिया गया है। उक्त अवसर पर पुलिस अधीक्षक हिमांशु, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। वही दुसरी ओर जिलाधिकारी द्वारा भ्रमण क्रम में नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत डुमरैल से संबंधित यादव चैक पर आईओसीएल द्वारा पीएनजी कनेक्शन हेतु किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया। वर्तमान में कार्यकारी एजेंसी द्वारा संदर्भित स्थल पर डीआरएस कार्य प्रगति पर है, शेष ढलाई कार्य को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। वर्तमान में पीएनजी कनेक्शन हेतु लगभग 65 किलोमीटर में पाइप बिछाने का कार्य पूर्ण हो गया है, शेष चिह्नित स्थलों पर पाइप बिछाने हेतु आवश्यक कार्रवाई प्रगति पर है। कार्यकारी एजेंसी को पीएनजी की यथाशीघ्र उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण क्रम में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, अपर समाहर्ता निशांत सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी ने किया नव सृजित प्राथमिक विद्यालय का उद्घाटन, बच्चों को मिलेगा नजदीक में शिक्षा का अवसर



उद्घाटन करते डीएम व अन्य

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सौर बाजार अंतर्गत रहीमपुर गोठ में नव सृजित प्राथमिक विद्यालय का उद्घाटन जिला अधिकारी दीपेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने अपर समाहर्ता निशांत, जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद्र एवं विद्यालय निर्माण हेतु जमीन दान करने वाले जयराम प्रसाद सिंह सहित अन्य अतिथियों को पाग एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति समाज, राज्य एवं राष्ट्र के समेकित विकास में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें, जो विकसित समाज की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं, अपर समाहर्ता निशांत ने कहा कि इस नव सृजित प्राथमिक विद्यालय के प्रारंभ से रहीमपुर गोठ एवं आसपास के क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने का सुगम अवसर प्राप्त होगा। अब गांव के बच्चों को पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने जिला अंतर्गत चिन्हित क्षेत्रों में प्रत्येक दो किलोमीटर की दूरी पर विद्यालय निर्माण का प्रस्ताव बताते हुए कहा कि शिक्षा कार्यालय द्वारा इस हेतु सर्वेक्षण कार्य तेजी से प्रगति पर है।कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना से लगभग 1500 आबादी वाले इलाके में शिक्षा का प्रसार होगा तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी। उक्त अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक, जमीन दाता जयराम प्रसाद सिंह सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने विशेष रूप से जमीन दाता जयराम प्रसाद सिंह को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में गांव के सैकड़ों महिलाएं, पुरुष, शिक्षक एवं बच्चे भी शामिल हुए, जिन्होंने इस पहल का स्वागत किया।

## महाचेकिंग अभियान में रेल यात्रियों से वसूले गए 3,16,905, डीसीआई संजय शर्मा के नेतृत्व में किया गया महाअभियान

सहरसा (एनएसबी)। सहरसा में रेलवे द्वारा चलाए गए विशेष महाचेकिंग अभियान में रेल यात्रियों के बीच मचा हड़कंप इस सघन जांच अभियान के दौरान कुल 453 यात्रियों पर कार्रवाई करते हुए 3,16,905 की राजस्व वसूली की गई है। यह अभियान मंगलवार को सहरसा के विभिन्न ट्रेनों में चलाया गया। रेलवे के अनुसार, यह महाचेकिंग अभियान सहरसा डीसीआई संजय शर्मा के नेतृत्व में संचालित किया गया। खास बात यह रही कि इस पूरे अभियान में आरपीएफ की भागीदारी शून्य रही, फिर भी टिकट जांच दल ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में अनियमित यात्रियों को पकड़ा।, जांच के दौरान 327 यात्री बिना टिकट या नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए। इनसे कुल 3,10,605 का जुमार्ना वसूला गया। इसके अलावा अनबुक्ड लगेज के 126 मामलों में भी कार्रवाई की गई, जिसमें 6,300 की अतिरिक्त राशि वसूल की गई। इस तरह कुल 453 मामलों में 3.16 लाख से अधिक की वसूली दर्ज की गई। यह अभियान कई महत्वपूर्ण ट्रेनों में चलाया गया, जिनमें 15565, 55566, 75202, 63379, 75258, 75261, 15284, 11401, 13228, 22914 और 15566 शामिल हैं। इन ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों की सघन जांच की गई, जिससे बिना टिकट यात्रा करने वालों में हड़कंप मच गया।, रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को नियमों के प्रति जागरूक करना और बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह के विशेष महाचेकिंग अभियान लगातार चलाए जाएंगे।



### विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता नें वनगांव हाइवे का किया निरीक्षण



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा सदर विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता ने जनहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए बुधवार को अचानक बनगांव हाईवे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि महवा गांव में रविदास एवं सहनी समाज के कई गरीब परिवार को आने-जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विधायक श्री गुप्ता ने मौके पर ही समस्या की गंभीरता को समझते हुए संबंधित अधिकारियों से बातचीत की और तत्काल इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम जनता की बुनियादी सुविधाओं से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और हर हाल में पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाई जाएगी। उन्होंने प्रशासन को शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा, ताकि स्थानीय लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी से जल्द निजात मिल सके। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो जाता, वे स्वयं इस मामले की निगरानी करते रहेंगे। इस दौरान स्थानीय लोग उमेश मुखिया, रत्नेश मुखिया, धीरेन्द्र राम, दिनेश राम उर्मिला देवी, सीता देवी, रतन कुमार, राम कुमार, अमित कुमार ने विधायक के इस संवेदनशील पहल की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## सेरेब्रल पॉलिसी की जागरूकता को लेकर वर्चुअल अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



अभिभावक जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय न्यास भारत सरकार नई दिल्ली के निदेर्शानुसार सेरेबल पॉलिसी के जागरूकता को लेकर अभिभावक जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया।जिसके अंतर्गत बच्चों में सबसे आम शारीरिक और क्षमता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय सेरेब्रल पॉलिसी जागरूकता दिवस का आयोजन किया जाता है। कोसी दिशा केंद्र पटुआहा में कोसी क्षेत्रीय विकलांग विधवा ब्रिज कल्याण समिति प्रधान कार्यालय के अध्यक्ष बोर्ड सदस्य मोहन कुमार के उपस्थिति में अभिभावक जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उन्होंने कहा कि सेरेब्रल पाल्सी सीपी विकासशील मस्तिष्क में क्षति के कारण होने वाला एक आजीवन न्यूरोलॉजिकल विकार है। जो मांसपेशियों के नियंत्रण, संतुलन और गतिशीलता को प्रभावित करता है। यह मुख्य रूप से बच्चों में जन्म से पहले या उसके दौरान होता है, जिससे मस्तिष्क विकास धीमा होता है।इसका कोई इलाज नहीं है, लेकिन थेरेपी और दवाओं से स्थिति सुधारी जा सकती है।जिसमें सेरेब्रल पॉलिसी से ग्रसित बच्चों को उनके अभिभावकों और संरक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर ग्रसित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को अपने-अपने बच्चों की समुचित देखभाल एवं उनका स्वास्थ्य संबंधित जानकारी अध्यक्ष के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय न्यास के निर्धारित मीटिंग लिंक पर वर्चुअल अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी अभिभावकों ने भाग ली। वर्चुअल अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेरेबल पॉलिसी बच्चों के लिए दिए गए जानकारी से सभी अभिभावकों को अधिक से अधिक लाभ हुआ ।इस अवसर पर कोसी दिशा केंद्र के फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर अबू सालेह, विशेष शिक्षक दयानंद कुमार,उपेंद्र कुमार साह, शिवराम शर्मा,जयंती कुमारी,प्रभारी प्रचारक सुनील ठाकुर, काउंसलर डोली कुमारी, केयर गवर आशीष कुमार, सहायक शिक्षक सोनू कुमार, सहायक शिक्षक ज्योति कुमारी, सहायक शिक्षिका उपेंद्र शाह आदि ने उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अपना सहयोग प्रदान किया।

## बाल हितैषी पंचायत बनाने हेतु विविध हितधारकों के साथ कवच परियोजना के तहत समन्वय बैठक आयोजित

**बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्यः भगवान जी पाठक**




बैठक में बाल समन्वय परियोजना अधिकारी ।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला बाल संरक्षण इकाई और समग्र शिक्षण एवं विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सुपौल स्थित बहुउदेशीय सभाकक्ष में बाल संरक्षण तंत्र के सुदृढ़ीकरण बाल संरक्षण समितियों के सशक्तिकरण तथा बाल हितैषी पंचायत बनाने हेतु विविध हितधारकों के साथ एक दिवसीय समन्वय बैठक बुधवार को कवच परियोजना के अंतर्गत आयोजित की गयी ।इसमें सहरसा, मधेपुरा, अररिया एवं सुपौल जिला के जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशकों एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए दिवेश कुमार शर्मा ने कहा कि प्रासंगिक बाल अधिकार से सम्बंधित मुद्दों तथा इनके समुचित समाधान के लिए सरकारी व्यवस्थाएं व प्रावधानों एवं बाल अधिकार संरक्षण में सरकारी हितधारकों के साथ साथ गैर सरकारी संगठनों की भूमिका बहुत आवश्यक है । यह विदित हो कि कोशी क्षेत्र के जिलों में विभिन्न भौगोलिक सामाजिक आर्थिक कारणों से बाल विवाह का स्तर ऊँचा है लेकिन आशा है कि कवच परियोजना के अंतर्गत हमें बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों के साथ ही बाल हितैशी ग्राम पंचायतों की दिशा में आगे बढ़ने में सहयोग मिलेगा ।इसके बाद पीपीटी के माध्यम से कवच के परियोजना समन्वयक प्रकाश ने परियोजना की उदेश्यों, प्रक्रियाओं और अपेक्षित परिणामों पर विस्तार से चर्चा की।वही प्रशिक्षक भगवान जी पाठक द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुपौल में कवच परियोजना के औपचारिक आरम्भ की घोषणा की। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के सामाजिक कार्यकत्ता एवं श्रम अधीक्षक सुशील कुमार यादव एवं किशोर न्याय परिषद् के सदस्यों ने भाग लिया।श्रम अधीक्षक सुशील कुमार यादव ने बताया कि बाल हित से सम्बंधित सभी विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। साथ ही इस हेतु हमें एक स्पष्ट कार्य योजना बनाने एवं उसके क्रियान्वयन हेतु उसकी अनुसरण की भी जरुरत है।कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई के, सुपौल के अध्यक्ष ईश्वर चन्द्र मिश्रा ने बाल संरक्षण से सम्बंधित गीत गाकर शमा बाँध दी ।कार्यक्रम में लगभग 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।कार्यक्रम में पंचम सिंह, सिद्धार्थ कुमार, चांदनी कुमारी, लील मुर्मू, रामनरेश कौशिक, भास्कर कश्यप,अफसारी इल्ताफ, कौशलेन्द्र कुमार और जनमन संस्था के नवाज ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### हिन्दू जागृति मंच के युवाओं ने निकाला बाइक जुलूस

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी)** । रामनवमी को लेकर हिन्दू जागृति मंच के युवाओं के द्वारा बुधवार को मुख्यालय क्षेत्र में बाइक रैली निकाली गई बाइक रैली का जत्था अजगैबी काली दुर्गा मंदिर प्रांगण से निकलकर मुख्यालय क्षेत्र



बाइक जुलूस में शामिल युवक ।

के सभी मुख्य मार्गों का भ्रमण करते पुनः अजगैबी काली दुर्गा मंदिर प्रांगण में पहुंच सम्पन्न हुआ बाइक रैली में शामिल युवा हाथों में जय श्री राम लिखे पताके लेकर एवं जय श्री राम के नारा लगाते चल रहे थे मौके पर बाइक रैली में शामिल हिन्दू जागृति मंच के अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर हर बार की तरह निकलने वाली शोभायात्रा में अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने को लेकर जागरूकता के उद्देश्य से बाइक रैली निकाली गई है बताया कि इसके अलावे दो दिनों से प्रचार के माध्यम से भव्य शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की जा रही है रामनवमी से पूर्व मुख्यालय क्षेत्र के सभी मुख्य मार्गों को पताके से सजाया गया है ।

### अगलगी की घटना में दो घर सहित हजारों की सम्पत्ति जले

**पिपरा (सुपौल) (एनएसबी)** । थाना क्षेत्र के थुमहा पंचायत स्थित बेलोखरा वार्ड नंबर 4 में मंगलवार की रात अचानक लगी आग में दो अलग-अलग



राख को निहारते गृहस्वामी।

लोगों का एक एक घर एवं घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया पिडित गृह स्वामी दिनेश मंडल के एक घर व घर में रखा खाने पीने की समान सहित चार बकरी जलकर राख हो गए। वहीं चन्देश्वरी मंडल का भी एक घर जल गए। घटना के समय घर में मौजूद परिवार के सदस्यों ने किसी तरह से अपनी जान बचाई। आग लगने की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी। पीड़ित परिवार को प्रशासन की ओर से मदद का आश्वासन दिया गया है।

### भगवान भास्कर को अर्ध देने के साथ ही चैती छठ का हुआ समापन

**वीरपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** नगर क्षेत्र सहित बसंतपुर प्रखंड में उदयगामी भगवान भास्कर को अर्ध देकर बुधवार को चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ का समापन हो गया . चैत्र मास में होने वाले छठ पर्व को लेकर



पिछ्ले चार दिनों से तैयारी की जा रही थी और रविवार से महापर्व की शुरूआत हुई थी. नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा नगर क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों पर छठ घाट का निर्माण भी किया गया था. हालांकि इसके अलाव नगर क्षेत्र में ही अन्य जगहों पर भी आस्था का पर्व छठ मनाया गया. कोसी बराज के घाट पर भी इस साल छठ पर्व को लेकर लोगों की भीड़ देखी गई. बुधवार की सुबह अर्ध के साथ ही छठ व्रतियों ने 36 घंटे के अखंड निर्जला व्रत को तोड़कर पारन किया. वही इस दौरान छठ घाट पर ही प्रसाद का वितरण किया गया. पूछे जाने पर नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सुशील कुमार ने बताया कि चैती छठ के मुख्य दो घाट के अलावे वार्ड संख्या 02, 10, 11 और दहिया धार में भी कुछ कुछ लोगों ने छठ मनाया है. शांतिपूर्ण माहौल में छठ पर्व का समापन कर लिया गया है ।

### चैती नवरात्र पर महासप्तमी में पट खुलते ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**वीरपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** बसंतपुर प्रखंड के भगवानपुर पंचायत अंतर्गत सार्वजनिक चैती दुर्गा मंदिर, शिवनगर-समदागढ़ में चैती नवरात्र के सातवें दिन महासप्तमी के अवसर पर मां कालरात्रि की विधिवत पूजा-अर्चना की गई।



सार्वजनिक चैती दुर्गा मंदिर, शिवनगर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।

बुधवार को जैसे ही मंदिर का पट खुला, दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्तजन मंदिर पहुंचने लगे और मां के दर्शन कर पूजा-अर्चना के साथ अपनी मनोकामनाएं मांगीं। मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चारण से गूंज उठा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पंडित नीरज झा एवं मनीष झा ने बताया कि महासप्तमी के दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा की जाती है, जो अपने रौद्र रूप के बावजूद भक्तों का कल्याण करने वाली मानी जाती हैं। उन्होंने बताया कि मां कालरात्रि की उपासना से भय, रोग, दुर्घटना और नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है, इसलिए इन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि पूरे नवरात्र में मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। वहीं रामनवमी के दिन से मंदिर परिसर में मेला भी आयोजित है जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। वही श्रद्धालुओं ने बताया कि मंदिर में विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव होता है।

# डीएम ने अभियोजन पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, वाद का किया समीक्षा

## सजा दिलाने में अक्षम रहे अभियोजन पदाधिकारी को लगाई फटकार, मानदेय भी रोका

**सुपौल (एनएसबी)** । समाहरणालय स्थित लहटन चौधरी सभागार में सावन कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में अभियोजन पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई । जिसमें पुलिस अधीक्षक, सुपौल, सिविल सर्जन, सुपौल, सभी नवनियुक्त विशेष लोक अभियोजक, लोक अभियोजक, सहायक लोक अभियोजक एवं अभियोजन पदाधिकारीगण भाग लिये। जिलाधिकारी द्वारा अभियोजन पदाधिकारीवार तथा न्यायालयवार वाद की समीक्षा की गई तथा न्यायालय द्वारा अभियुक्तों को सजा नहीं दिला पाने के लिये अभियोजन पदाधिकारियों को कड़ी फटकार



बैठक में शामिल डीएम व अन्य ।

लगाई गई। लोक अभियोजक द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने तथा सजा के बिंदु पर कार्य नहीं करने के लिये काफी नाराजगी व्यक्त की गई तथा प्रभारी पदाधिकारी, जिला विधि शाखा, सुपौल को उनका मानदेय भुगतान नहीं करने के साथ-साथ उनके द्वारा विगत महीनों के कृत कार्य का समीक्षात्मक प्रतिवेदन तैयार कर विभाग को भेजने का निदेश दिया गया। सभी अभियोजन पदाधिकारियों को न्यायालय में अभियोजन पक्ष दृढ़ता से रखने के साथ-साथ वाद निष्पादन हेतु अधिकतम प्रयास करने का निदेश दिया गया अन्यथा की स्थिति में मानदेय भुगतान रोकने तथा उनके एवं संबंधित अभियोजन पदाधिकारी के क्रियाकलाप के संबंध में विभाग को प्रतिवेदित करने की हिदायत दी गई।

## रामनवमी की शोभायात्रा को लेकर तैयारी पूरी, शुक्रवार को निकलेगी शोभायात्रा



शहर में लगा भगूआ पताखा ।

**वीरपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । रामनवमी को लेकर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 06 काली मंदिर से निकलने वाली शोभायात्रा की सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है. रामनवमी को लेकर नगर में पताके लगाए जा रहे हैं. हर दुकान, घर, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, चौक - चौराहे और मंदिरों में भगवा लगाया गया है जिससे नगर की शोभा बढ़ी हुई है. जानकारी देते हुए नगर मुख्य पार्षद सह हिन्दू धर्म रक्षा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि रामनवमी को लेकर सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है. शोभायात्रा नगर के काली मंदिर से निकलकर हटिया चौक तक जाएगी, जिसके बाद हटिया चौक से सुभाष चौक और कारगिल चौक के रास्ते, चकबंदी चौक के एसएसबी मुख्यद्वार के सामने से प्रोफेसर कॉलोनी स्थित चैती दुर्गा मंदिर होते हुए बर्मा सेल के रास्ते गोल चौक पहुंचेगी. वही गोल चौक से प्रारंभ होकर वीरपुर मेन रोड के रास्ते पुरानी बाजार और भगत मोहल्ला होते हुए मिलन चौक और बॉर्डर रोड से अस्पताल मोड़ और गोल चौक पहुंचेगी, जहां शोभायात्रा का दूसरा पड़ाव होगा. पुनः गोल चौक से थाना और कोशिकी भवन के रास्ते श्रीरामजानकी मंदिर में शोभायात्रा का समापन होगा. शोभायात्रा की शुरूआत शुक्रवार की दोपहर 1:30 बजे होगी और समापन संध्या 5:50 बजे की जाएगी. आगे उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में लगभग पांच हजार लोगों की संभावित भीड़ हो सकती है जिसमें महिलाओं की मुख्य भागीदारी रहेगी जो सनातनी पारंपरिक वेश भूषा में होंगी. एसडीएम नीरज कुमार ने शांति समिति की बैठक के दौरान ही कहा था कि रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान पुलिस और प्रशासन मौजूद रहेंगे. वही उपद्रवियों पर नकेल कसने के लिए प्रशासन का कैमरा शोभायात्रा के आगे और पीछे रहेगा ।

## डीपीओ आईसीडीएस ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश



केन्द का निरीक्षण करते डीपीओ।

**सुपौल (एनएसबी)।** जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस, सुपौल द्वारा बाल विकास सुपौल परियोजनान्तर्गत कुल 06 आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र सं0- 34, 191, 192, 194, 197, एवं 199 का औचक निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सेविका/सहायिका उपस्थित पायी गई। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0 सुपौल द्वारा सभी सेविका, सहायिका को निदेशित किया गया कि बच्चों को समय से नाश्ता एवं खाना, स्कूल पूर्व शिक्षा देने ह्यह्यपोषण भी पढ़ाई भीह्यह्य गतिविधियाँ गुणवत्तापूर्ण कराने, बच्चों को साफ-सफाई एवं स्वच्छता के साथ-साथ सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। पोषक क्षेत्र के सभी पात्र लाभुकों को ऋक्ष्र के माध्यम से टेक होम राशन का वितरण किया जाय। साथ ही सभी सेविकाओं को प्रधानमंत्री वंदना योजना में प्रति केन्द्र 08 लाभुक एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के प्रति केन्द्र 03 पात्र लाभुकों का पंजीकरण करने, केन्द्रों का संचालन विभागीय मार्गदर्शिका के अनुरूप अनुपालन करने एवं उपरोक्त केन्द्रों के संबंधित म0पर्य0 को गंभीरता से सतत निरीक्षण एवं अनुश्रवण करने का भी निदेश दिया गया। सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को निदेशित किया गया कि आंगन ऐप के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के क्रम में एउउए गतिविधियों से संबंधित प्रतिवेदन को पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोडिंग करना सुनिश्चित करें।

## पुलिस ने कांण्ड में नामजद व महिला शराब कारोबारी को भेजा जेल

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी)** । पुलिस ने लुट मामले में दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 357/25 के अभियुक्त मधेपुरा जिला के साहूगढ़ वार्ड 15 निवासी कुन्दन कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है वहीं मुख्यालय क्षेत्र अन्तर्गत पतरघटी वार्ड नंबर 4 में छापेमारी कर 10 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद करते हुए मौके से महिला कारोबारी रेखा देवी पति सिकन्दर सरदार को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है । मामला दर्ज कर गिरफ्तार नामजद महिला कारोबारी को भी



न्यायिक हिरासत सुपौल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है ।

## सत्संग से आपसी सद्भावना की जागृति होती है : स्वामी सत्यानंद जी महाराज

**किशनपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । प्रखंड मुख्यालय स्थित किशनपुर उत्तर पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनपुर के मैदान में दो दिवसीय संतमत सत्संग के अंतिम दिन वुधवार को महर्षि मेही आश्रम हरिद्वार से आए स्वामी सत्यानंद जी महाराज के वाणी से उपस्थित श्रोतागण धर्म आस्था के अथाह सागर में डूबकी लगाए । जहां स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने अध्यात्म ज्ञान, सद्भावपूर्ण जीवन के वर्णन के साथ हीं राष्ट्र सेवा पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। उन्होंने कहा कि सत्संग से आपस में सद्भावना की जागृति होती है। समाज के लोग सद्भावपूर्ण जीवन जीते हैं। मनुष्य अपने कर्तव्य को पहचान कर समाज एवं राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहता है। राष्ट्र की समुचित उन्नति आध्यात्मिक लोगों से ही संभव है। सत्संग सुनकर लोग सदाचारी बनते हैं और नशाओं से अपने जीवन को मीलों दूर रखते हैं। खासकर युवा भाई बहन जब सत्संग का ज्ञान उनके अंदर प्रवेश करता है तो वे अपने आप नशा से मुक्त हो जाते हैं । सत्संग से



प्रवचन देते स्वामी सत्यानंद जी महराज व पंडाल में मौजूद श्रद्धालुजन

**उच्च विद्यालय किशनपुर मैदान में आयोजित दो दिवसीय संतमत सत्यसंग का हुआ समापन**

देश और समाज की भलाई होती है। लोग गलत व्यसन से मुक्त होकर अपने जीवन को सम्यक रूप में सजा लेता है। कहा सबों को सत्संग अवश्य सुनना चाहिए। शिक्षित साधुजन समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित रहते हुए लोगों को उत्तम ज्ञान देकर देश के नींव को मजबूत करते हैं। यह सेवा एक तरह से सामाजिक और राष्ट्रीय सेवा है। सत्संग को स्वामी अयोधी बाबा, स्वामी मनोज बाबा, स्वामी कल्याण बाबा, स्वामी आत्मानंद बाबा सहित अन्य ने अपने प्रवचन से श्रोताओं को सराबोर किया। वहीं डॉ कंचन प्रिया ने अपने संगीत से लोगों का मन को मोह लिया। सत्संग ज्ञान यज्ञ को सफल बनाने में अरुण कुमार चौधरी, विनोद कुमार चौधरी (बजाज ) दुर्गा प्रसाद चौधरी, गौपाल चौधरी सहित समस्त कुमरगंज वासी के अलावे आसपास के गांवो का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## उप विकास आयुक्त ने सात निश्चय थ्री के तहत हर खेत तक सिंचाई कार्यक्रम को लेकर की समीक्षा बैठक

**सुपौल (एनएसबी)।** सुश्री सारा अशरफ, उप विकास आयुक्त, सुपौल की अध्यक्षता में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सुपौल जिला एवं कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, सुपौल के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सात निश्चय- 3 के तहत हर खेत तक सिंचाई का पानी कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई ' उक्त बैठक में कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, सुपौल द्वारा जानकारी दी गई कि विभागीय निदेशानुसार सात निश्चय-3 के तहत हर खेत तक सिंचाई का पानी कार्यक्रम अंतर्गत छुट्टी हुई योजनाओं का सर्वेक्षण कार्य लघु सिंचाई प्रमंडल, सुपौल के कनीय अभियंताओं द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर सुपौल जिला अंतर्गत योजनाओं का चयन किया गया है ' चयनित सभी योजनाओं का सीमांकन



बैठक में शामिल डीडीसी सारा अशरफ व अन्य।

करवाया जाना है एवं नजरी नक्शा भी तैयार करवाया जाना है ' उप विकास आयुक्त, सुपौल द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सुपौल जिला को निदेशित किया गया कि लघु सिंचाई प्रमंडल, सुपौल द्वारा चयनित सभी योजनाओं का सीमांकन करवाते हुए नजरी नक्शा तैयार करवाकर कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, सुपौल को एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। साथ ही कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, सुपौल को निदेश दिया गया कि वे अपने प्रमंडल अंतर्गत पदस्थापित कनीय अभियंता/सहायक अभियंता को प्रखंड विकास पदाधिकारी/प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को उक्त कार्य में सहयोग करने लिए निदेशित करेंगे।

## अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत अग्निशामक विभाग ने निकाली रैली



**वीरपुर (सुपौल) (एनएसबी )** । अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत वीरपुर अग्निशामक विभाग की ओर से एक रैली निकाली गई. रैली में स्थानीय स्कूल और कोचिंग सेंटर के बच्चों के साथ साथ वीरपुर अग्निशामक विभाग के कर्मी और पदाधिकारी शामिल रहे. जागरूकता अभियान के तहत आग से बचाव और आग लगने पर किए जाने वाले उपायों की जानकारी स्लोगन के माध्यम से दी गई ताकि आने वाले आगलगी के समय लोग अपने घरों, खेत और खलिहानों को आग से बचाव कर सके. जागरूकता रैली अग्निशामक कार्यालय वीरपुर कोसी कॉलोनी से निकलकर कोसी क्लब, कोसी हाईस्कूल के रास्ते गोल चौक तक पहुंची. अग्निशामक के पदाधिकारी ददन कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले समय में पछुआ हवा से आगलगी का प्रकोप बढ़ेगा . इसलिए लोगों के बीच जागरूकता को लेकर यह अभियान चलाया गया था जिसमें स्थानीय स्कूल के बच्चे और फायर स्टेशन के सभी पदाधिकारी वी कर्मी शामिल थे ।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मुखिया का निधन, शोक की लहर

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के बोबील पंचायत के पूर्व मुखिया ब्रह्मदेव पासवान की मौत बुधवार को हृदय गति रुकने से हो गयी। पूर्व मुखिया लंबी बीमारी से जूझ रहे थे। 85 वर्षीय ब्रह्मदेव पासवान हमेशा लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते थे। उनके निधन पर प्रखंड क्षेत्र के कई राजनीतिक नेताओं ने शोक व्यक्त किया। उनके निधन पर समाज सेवी ऋषिव कुमार,जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह,पूर्व मुखिया जय किशोर यादव,पूर्व सरपंच बिन्देश्वरी साह, पंचायत समिति प्रतिनिधि मनोज रजक,सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार मिश्र समेत दर्जनों जनप्रतिनिधियों ने शोक प्रकट किया है।

### फरार चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**पसराहा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बसुआ गांव के लंबे समय से फरार चल रहे एक अपराधी को पुलिस ने दबोच लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बसुआ निवासी सर्वेश यादव के पुत्र भगत यादव उर्फ सुमित कुमार के रूप में हुई है। यह मामला वर्ष 2022 का है, जब एक महिला के साथ मारपीट करने और अवैध रूप से रुपयों की मांग करने के गंभीर आरोप में उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के बाद से ही आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष नवित कुमार ने बताया कि अभियुक्त भगत यादव पसराहा कांड संख्या 103ध्22 का नामजद आरोपी था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

### तीन दिवसीय रामधुनी यज्ञ का समापन

**बेलदौर।** नगर पंचायत क्षेत्र के सोनमा वासा में तीन दिवसीय रामधुनी यज्ञ बुधवार को संपन्न हो गया। रामधुनी यज्ञ बीते सोमवार को शुरू हुई थी जो बुधवार को पूरी श्रद्धा के साथ समापन किया गया। जिसमें बड़ी तादाद में श्रद्धालु रामधुनी यज्ञ में चढ़कर हिस्सा लिया। बताते चलें कि उक्त रामधुनी यज्ञ में नीरपुर मंडली का भजन सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए।यज्ञ में गवास, मधेपुरा, बेगुसराय एवं स्थानीय मंडली का दबदबा बना रहा। रामधुनी यज्ञ में अध्यक्ष विद्यानंद यादव, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार,सचिव नीरज गुप्ता,व्यवस्थापक विपिन यादव,सुदर्शन गुप्ता, रंजीत गुप्ता के अलावे ग्रामीणों का सहयोग भरपूर रहा।

### लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करें : डीएम




**खगड़िया।** जिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत समीक्षात्मक बैठक सह मेगा ऋण कैम्प का आयोजन किया गया। बैठक में वरीय उप समाहर्त्ता (बैंकिंग), जिला उद्योग केन्द्र, खगड़िया के महाप्रबंधक , अग्रणी बैंक प्रबंधक तथा जिले के विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक, जिला उद्योग केन्द्र के पदाधिकारी एवं शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक में दोनों योजनाओं की बैंकवार एवं योजनावार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ बैंकों द्वारा लक्ष्य के अनुरूप प्रगति संतोषजनक है, जबकि कुछ बैंकों की प्रगति अपेक्षात धीमी है। अपर समाहर्त्ता द्वारा सभी बैंकों को लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करते हुए अधिकतम 05 दिनों के भीतर स्वीति एवं वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कमजोर प्रदर्शन करने वाले बैंकों को विशेष रूप से चेतावनी दी गई तथा योजनाओं में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, वहीं उत्त्ट प्रदर्शन करने वाले बैंकों की सराहना की गई। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि राज्य स्तर पर खगड़िया जिला का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है कि योजना में स्वीति में 7वाँ स्थान एवं वितरण में 5वाँ स्थान प्राप्त हुआ है, जबकियोजना में स्वीति में 17वाँ तथा वितरण में 8वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। अपर समाहर्त्ता ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे और बेहतर करने हेतु सभी बैंकों को सामूहिक प्रयास करने का निर्देश दियझं बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी बैंक लंबित आवेदकों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र निष्पादन करें तथा पोर्टल पर अद्यतन जानकारी समय पर अपलोड करें।

### जो सत्संग में भाग लेते हैं वे भवसागर से तर जाते हैं : नरसिंह बाबा

**खगड़िया।** जिले के परबत्ता प्रखंड के सौढ़ उत्तरी पंचायत के बुद्धनगर भरतखण्ड गांव में शिक्षक श्रवण कुमार साह के आवास पर एक दिवसीय संतमत सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरसिंह बाबा नेकिया। इस अवसर पर महर्षि मेही आश्रम बुद्धनगर भरतखण्ड से आये नरसिंह बाबा ने कहा कि भगवान से ेह सद्गुरु महाराज के शरण में जाने से प्राप्त होता है। सद्गुरु महाराज का शरण तभी मिलेगा जब श्रद्धापूर्वक सत्संग में भाग लिया जाएगा। उन्होंने जोर दिया कि जिस कार्य में श्रद्धा होती है वह सफल होता है। स्वामी नरसिंह बाबा ने सत्संग महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस स्थान पर सत्संग किया जाता है वह स्थान पवित्र हो जाता है। वहीं जो भक्त सत्संग में भाग लेते हैं वह भवसागर से तर जाते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने मानव रूपी शरीर दिया है। यह मानव शरीर पूर्व जन्मों की कठिन तपस्या से प्राप्त होता है इसलिए मानव को अपना जीवन बेकार व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। उन्होने कहा कि जिस तरह सरोवर जल में ान करने के लिए उसमें जो काई होती है उसे हटाकर तब डुबकी लगाते हैं उसी तरह जो मन में है उसे हटाना होगा। जैसे मन साफ होगा, वैसे प्रभु की परछाई पड़ेगी। उन्होने बताया कि मनुष्य को दैनिक कार्यो में लीन रहते हुए समय निकालकर सत्संग करना चाहिए ताकि मन को आत्मीय सुख प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि यदि श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक सत्संग में भाग लेंगे, तो जमीन पर बैठकर भी सत्संग सुनेंगे और उन्हें सुरु महाराज के शरण में जाने से कल्याण होगा। जिससे मनुष्य जीवन सफल हो जाएगा। कपिलदेव यादव ,श्रवण कुमार साह और रामचरित शर्मा ने बताया कि संतों के शरण में आकर मनुष्य को ईश्वर तक पहुंचने का अवसर प्राप्त होता है इसीलिए मनुष्य को सत्संग में शामिल होकर आत्मीय लाभ उठाना चाहिए। मौके पर शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, श्रवण कुमार साह, राधेश्याम साह, नित्यानंद यादव,उत्कर्ष कुमार, सार्थक कुमार, अघोरी पासवान, रामचरित शर्मा,कपिलदेव यादव, टुनटुन साह, बमबम शर्मा,पुष्पा कुमारी, प्रतीक कुमारी,दीक्षा कुमारी, माही कुमारी, नीलम देवी, संजुला देवी,बिलास साह,मनोरंजन कुमार सहित सैकड़ों सत्संगी मौजूद थे।

### उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न

गोगरी। उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चौती छठ संपन्न हो गया। गोगरी बाजार भोजुआ,ब्राह्मण टोला गोगरी लक्ष्मीनगर हाट, गोगरी बाजार, राटन, समसपुर सहित कई इलाके में छठ वतियों द्वारा बड़े ही श्रद्धा से चौती छठ किया गया। धन धान,लम्बी आयु एवं देश व दुनिया की कल्याण के साथ लोगो के प्रगति की कामना छठ वतियो ने की। इससे पूर्व छठ वतियों ने मंगलवार की संध्या अस्ताचलगामी भगवान भास्कर की आराधना की जबकि बुधवार की सुबह उदयीमान भगवान भास्कर की आराधना की। छठ वतियों ने गोगरी गंडक के तट पर तो कई छठ वतियों ने अपने घर के आंगन में ही छठ घाट बनाकर पूजा अर्चना की।

# महद्दीपुर में राजकीय चैती दुर्गा मेले की धूम, रामनवमी पर उमड़ेगा आस्था का सैलाब





**पसराहा (एनएसबी)।** खगड़िया जिले के पसराहा थाना अंतर्गत महद्दीपुर में चार दिवसीय राजकीय दुर्गा मेला की तैयारियाँ इन दिनों पूरे परवान पर हैं। आध्यात्म और आस्था के संगम के रूप में विख्यात महद्दीपुर की मां दुर्गा के प्रति भक्तों में अटूट विश्वास है। माना जाता है कि यहाँ स्थापित मां दुर्गा भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं, यही कारण है कि इस मंदिर की ख्याति अब केवल बिहार तक सीमित न रहकर देश के कोने-कोने में फैल चुकी है।

मंदिर की अद्भुत कलात्मक शैली और वहाँ स्थापित मां दुर्गा की जीवंत व आकर्षक संगमरमर की प्रतिमा श्रद्धालुओं को अपनी ओर बरबस ही आकर्षित कर लेती है। लोक मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से मैया के इस दरबार में हाजिरी लगाता है, वह कभी खाली हाथ वापस नहीं लौटता।

स्थानीय निवासियों और श्री श्री 108 चैती दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के अनुसार, दशकों से यहाँ रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी मेले को ऐतिहासिक बनाने के लिए भव्य पंडाल और आकर्षक तोरण द्वारों का निर्माण किया जा रहा है, जबकि मूर्तिकार प्रतिमा को अंतिम रूप देने में दिन-रात जुटे हुए हैं। मेले की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यहाँ राज्य के विभिन्न हिस्सों से लाखों की संख्या में

**आध्यात्म और आस्था के संगम के रूप में विख्यात महद्दीपुर की मां दुर्गा के प्रति भक्तों में है अटूट विश्वास**

श्रद्धालु उमड़ते हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष रोहीन कुमार सिंह, सचिव अरुण सिंह और अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार मेले में पहली बार जम्मू की तर्ज पर बनी वैष्णो देवी गुफा और श्जल परीश मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे। इसके अतिरिक्तमीना बाजार, मौत का कुआं, टावर झूला और ड्रैगन ट्रेन जैसे मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध रहेंगे।

सांस्कृतिक और पारंपरिक खेलों के प्रति भी यहाँ विशेष उत्साह देखा जा रहा है। अखाड़ा प्रभारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित होने वाले कुश्ती दंगल में नेपाल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और बिहार के नामी पहलवान अपने जौहर दिखाएंगे। अभिनय निर्देशक रणधीर कुमार तथा प्रोन्टियर सुनील सिंह व सुनील मेहता ने बताया मेले के दौरान सांसतिक कार्यक्रमों की भी धूम रहेगी, जिसमें 28 मार्च को भव्य देवी जागरण के पश्चात आगामी दिनों में श्एक और जल्लादश, श्सूर्यपुत्र कर्णश और श्पराजयश जैसे नाटकों का मंचन किया जाएगा।

# अफवाह फैलाने और जमाखोरी करने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने वीडियो कांफ्रेस कर जिले के तेल कंपनियों के प्रबंधकों एवं एलपीजी गैस वितरकों के साथ समीक्षा की गई।

इसमें उपस्थित भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम इंडियल अयल के क्षेत्रीय प्रबंधकों ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है। सभी गैस वितरकों को उनके मांग के अनुरूप स-समय गैस की आपूर्ति की जा रही है। सभी गैस एजेन्सी ने भी तेल कंपनियों के प्रबंधकों की इस बात का समर्थन किया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से गैस की संभावित कमी संबंधी भ्रामक सूचनाएँ प्रसारित की जा रही है, जिससे आम लोगों में अनावश्यक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

**गैस की अनावश्यक बुकिंग व भंडारण से बचें**

**तेज कंपनियों ने किया आश्वस्त-जिले में एलपीजी की कोई कमी नहीं**

**किसी भी प्रकार की सहायता या सूचना के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06244-222384 पर करें संपर्क**

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने फिर से कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अफवाह फैलाने वाले एवं जमाखोरी करने वाले या गैस की कालाबाजारी करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा कि जैसा कि तेल कंपनियों के प्रबंधकों ने गैस की पूर्ण उपलब्धता की जानकारी दी है उसके आलोक में गैस उपभोक्ता अनावश्यक रूप से अतिरिक्त गैस सिलेंडर की बुकिंग या घरों में गैस सिलेंडरों का भंडारण न करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से गैस उपलब्ध हो सके।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग, अनधित भंडारण या अवैध वितरण करना कानूनी रूप से गलत है। और जांच के दौरान पकड़े जाते हैं तो उसपर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी गैस वितरकों को निर्देश दिया कि वे उपभोक्ताओं को निर्धारित नियमों के अनुसार समय पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की अनियमितता न होने दें। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को एलपीजी गोदामों, वितरण केंद्रों एवं अन्य संदिग्ध स्थलों पर नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए तथा आवश्यकता पड़ने पर तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई करने को कहा। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे संयम बनाए रखें, अफवाहों से दूर रहें तथा प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि तेल कंपनियों के उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य चल रही है और किसी भी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने पुनः कहा कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले को चिन्हित कर भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होने कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता या सूचना के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर सर 06244-222384 पर करे संपर्क। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, खगडिया सदर, अनुमंडल पदाधिकारी, गोगरी एवं सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, खगड़िया, जिला परियोजना अभियंता आपूर्ति सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### श्रद्धा के साथ मनाया गया चार दिवसीय चैती छठ महापर्व



**पसराहा (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के महद्दीपुर दुर्गा मंदिर पोखर के तट पर चार दिवसीय चेती छठ महापर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। नहाय-खाय से शुरू हुए इस कठिन अनुष्ठान के चौथे दिन उद्यीमान सूर्य को अर्घ्य दिया गया। पवित्र जल में खड़े होकर श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य की उपासना की और सुख-समृद्धि की कामना की। ठेकुआ और मौसमी फलों से सजी सूपों की कतारें और पारंपरिक छठ गीतों की मधुर गूँज ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। चौत्र की गर्मी के बीच वतियों का कठिन निर्जला उपवास उनकी अटूट आस्था को दर्शाता है। प्रति और स्वच्छता के इस महान पर्व ने महद्दीपुर के परिवेश को सात्विकता और सामूहिकता के अनूठे रंग में सराबोर कर दिया।

### 60 लीटर शराब के साथ कारोबारी को दबोचा

**बेलदौर (एनएसबी)।** खैरा वासा निवासी दिलखुश कुमार को पुलिस ने गश्ती के दौरान 60 लीटर देसी शराब के साथ-साथ गिरफ्तार किया। बताते चलें कि शराब कारोबारी सहरसा जिले के सोतारी गांव से शराब लेकर बोबील नहर होकर अपने गांव जा रहे थे। उसी दौरान पुलिस को शक हुआ कि कहीं शराब तो नहीं है, जब जांच किया गया तो शराब कारोबारी भागने का प्रयास किया। लेकिन खदेड़कर पुलिस ने शराब कारोबारी दिलखुश कुमार को मोटरसाइकिल के साथ 60 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। उक्त कार्रवाई बेलदौर थाना में पदस्थापित एस आई शक्कल साह ने पुलिस बल के सहयोग से की है।

# पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन



**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले में पशुपालन को सशक्त बनाने और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नगर परिषद खगड़िया क्षेत्र के वार्ड संख्या-37 अंतर्गत हरदाशचक स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग द्वारा आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-2 कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया।

शिविर का उद्घाटन नगर सभापति अर्चना कुमारी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पशुपालकों की आर्थिक मजबूती के लिए इस तरह के शिविर अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि पशुओं में बांझपन की समस्या किसानों के लिए बड़ी चुनौती होती है, जिसे वैज्ञानिक तरीके से दूर कर उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पशुओं के स्वस्थ रहने से दूध उत्पादन बढ़ेगा और इससे पशुपालकों की आय में सीधा इजाफा होगा। शिविर के दौरान पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा पशुओं की निःशुल्क जांच, उपचार और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। साथ ही पशुपालकों को बांझपन के कारण, उसके उपचार, टीकाकरण और सही देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पशुपालकों को यह भी बताया गया कि संतुलित आहार, समय पर उपचार और वैज्ञानिक तरीके अपनाने से पशुओं की उत्पादन क्षमता को बढ़ाया जा सकता है।

इस शिविर में बड़ी संख्या में पशुपालकों ने भाग लेकर अपने पशुओं का इलाज कराया और विशेषज्ञों से परामर्श लिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में काफी उपयोगी साबित होते हैं और इससे पशुपालन को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी, पशु चिकित्सक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी रही। इस शिविर का आयोजन राजकीय पशु औषधालय, खगड़िया द्वारा किया गया।

# संक्रमण काल से गुजर रही कांग्रेस : छत्रपति



**चौथम (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित धीरज सिंह के निजी आवास पर कांग्रेस के पूर्व विधायक छत्रपति यादव के द्वारा एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गयी। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कांग्रेस के विचारधाराओं को जहां जन-जन तक पहुंचाने की बात की। उन्होने कहा कि हम कांग्रेस से जुड़े सभी पुराने और नये परिवारों से मिलकर कांग्रेस के प्रति उनके सुझाव एवं सलाह ले रहे हैं। पूर्व विधायक के द्वारा कहा गया कि समर्पित कांग्रेसजन तथा जनता के साथ कांग्रेस में बदलाव के लिए आपका साथ होना आवश्यक है। श्री यादव ने कहा कि इसको लेकर प्रत्येक प्रखंड में घर-घर जाकर लोगों से राय मसविरा करेंगे तथा 21 अप्रैल को खगड़िया में होने वाले सम्मेलन में भाग लेने के लिए भी अपील की जाएगी। पूर्व विधायक द्वारा कहा गया कि वर्तमान समय में कांग्रेस संक्रमण काल से गुजर रही है। कांग्रेस के सच्चे सिपाही आज हासियें पर हैं। उन्होने कहा कि 2025 विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट वितरण में हुए धांधली और गड़बड़ी किसी से छिपी हुई नहीं है। बिहार कांग्रेस में संगठन सृजन के नाम पर सिर्फ धोखा हो रहा है। समर्पित कांग्रेस जन मुकदर्शक बने हुए हैं, जबकि कहा गया कि सामाजिक राजनीतिक यात्रा से मेरा जीवन और समाज की बुनियादी बातों का अवलोकन करने की तीव इच्छा रही है। उन्होने कहा कि पिछले 5 वर्षो की राजनीतिक यात्रा के दौरान मैंने जो विचार और व्यवहार समाज के सामने रखने का प्रयास किया आज पीछे मुड़कर देखता हूं तो आत्मीय संतोष और खुशी का अनुभव होता है, मैं ऐसा कर सका। यह यात्रा मेरे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण बातें बनती है।

# ईश्वर भक्ति से आध्यात्मिक सुख की प्राप्ति होती है : महाराज

**बेलदौर (एनएसबी)।** बेलदौर नगर पंचायत वार्ड नंबर 10 में स्वर्गीय जयप्रकाश शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर स्वामी अनुभव आनंद, महाराज ज्ञानी बाबा, बाबा सुरेशानंद, बाबा गौतम बाबा वगैरा ने ईश्वर भक्ति की चर्चा की। वही अनुभव आनंद महाराज ने कहा कि ईश्वर भक्ति का अर्थ है पवित्र होना और मसीह के हमारे जीवन में किए गए कार्यो के कारण ईश्वर और दूसरों के प्रति अच्छा आधार पूर्ण जीवन जीना। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को ईश्वर भक्ति करनी चाहिएं। इसके लिए झूठा, चोरी, नशा, हिंसा का त्याग करें और सदाचार का पालन कर सात्विक जीवन जीये। सुबह शाम नित्य प्रतिदिन प्रतिदिन सत्संग करें। ईश्वर की भक्ति पढ़ें, अनपढ,घ धनी, निर्धन सभी प्रकार के मनुष्य कर सकते हैं। ईश्वर भक्ति से मनुष्य को आध्यात्मिक सुख की प्राप्ति होती है। मौके पर शिक्षक अनंत शर्मा, रमेश कुमार ,केदार शर्मा, अमर प्रकाश, आभा प्रकाश, भास्कर शर्मा, उमेश प्रसाद यादव, राजेश शर्मा, वीरेंद्र भगत, फूलचंद शर्मा, राजेंद्र शर्मा, घनश्याम शर्मा समेत दर्जनों सत्संग प्रेमी मौजूद थे।

# मां कात्यानी महोत्सव को लेकर लोगों में है जबरदस्त उत्साह

**चौथम (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित मां कात्यानी मंदिर परिसर में मां कात्यानी महोत्सव 2026 का आगाज किया गया। इस महोत्सव के दौरान प्रसिद्ध भक्ति रस के गायक लखबीर सिंह लक्खा भी पहुंच चुके हैं।

कार्यक्रम में उनके प्रसिद्ध भक्ति गायिकी का लोग आनंद उठा पाएंगे। इससे पूर्व स्थानीय कलाकारों के द्वारा भी मंच से अपने भजनों की प्रस्तुति दे पाएंगे। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है, जिसको लेकर जिला प्रशासन के द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। यह कार्यक्रम चौत्र नवरात्रि सप्तमी से आरंभ रामनवमी के शुभ अवसर पर नवरात्र एवं रामनवमी पूजा को खास बनाने के उद्देश्य से यह महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारी भी पूरी कर ली गई है। इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनाती की गई है, जबकि कई अधिकारियों की भी प्रति नियुक्ति इस कार्यक्रम को लेकर की गई है। कार्यक्रम को लेकर आशा जताई जा रही है कि इस कार्यक्रम में काफी लोग इस महोत्सव में भाग ले सकते हैं एवं भजन संगीत का आनंद भी ले सकेंगे। जिसको लेकर जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन भी काफी मुस्तैद दिखे रहे हैं।

# सामाजिक समरसता के लिए व्यावहारिक शिक्षा जरूरी : रोशन रवि

**गोगरी (एनएसबी)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित केडीएस कलेज में प्राचार्य डॉ. रोशन रवि की अध्यक्षता में शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा आसपास के क्षेत्र में जाकर लोगों को शिक्षा के लिए जागरूक करने हेतु सामुहिक अभियान चलाया गया।

महाविद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. रोशन रवि ने कहा कि शिक्षा वह साधन है, जो राष्ट्र की प्रगति के लिए संसाधन उपलब्ध कराता है। सामाजिक समरसता के लिए व्यावहारिक शिक्षा जरूरी है। विद्यार्थियों के लिए सामाजिक दायित्व का निर्वहन भी जरूरी है। महाविद्यालय में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन सिखाया जाता है। अनुशासित विद्यार्थी ही अपने सामाजिक दायित्वों का निर्माण करने में पूर्ण रूप से सक्षम हो सकते हैं और राष्ट्र के नव निर्माण में सहायक भी हो सकते हैं। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष ब्रज विनोद गौतम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा मौलिक अधिकार भी है शिक्षा बेहतर भविष्य निर्माण के लिए अत्यन्त आवश्यक है।



जागरूकता अभियान में शामिल डॉ. रोशन रवि व अन्य

**केडीएस कलेज में प्राचार्य डॉ. रोशन रवि की अध्यक्षता में चलाया गया शिक्षा जागरूकता अभियान**

हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ एनएसएस की गतिविधि भी विद्यार्थियों के लिए जरूरी है। ड अजीत कुमार गौतम ने कहा कि शिक्षा मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है। सरकार की योजनाओं के माध्यम से ऐसे और बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल ठाकुर ने कहा कि आज के युग में डिजिटल शिक्षा भी जरूरी है। राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ. स्मृति कुमारी ने कहा कि शिक्षा सभ्य समाज की नींव है। शिक्षकेत्तर कर्मचारी इंद्रदेव मंडल, पंकज कुमार, अमिता कुमार, बबलू कुमार पवन यादवेश, मीरा देवी इत्यादि ने कार्यक्रम में भागीदारी की। कार्यक्रम में अपनी भागीदारी की। इस अभियान में सामाजिक कार्यकर्ता डबलू यादव, रुस्तम अली, विसप कुमार इत्यादि ने भाग लिया। इस अभियान में महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं अंकुश, रागिनी, संजीत, हर्षित, रितिका प्रियांशु, राहुल, जेबा परवीन, अक्षय इत्यादि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रेल कलोनी क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रही अवैध लटरी

**जमालपुर (मुंगेर)।** शहरी क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहे एवं बाजारों में अवैध लटरी का कारोबार जारी रहने से लोग पैमाल हो रहे हैं। शहरी क्षेत्र के अलावा अब इस अवैध कारोबार का धंधा रेल कलोनी मैं भी होने लगा है। इस अवैध कारोबार का संचालन रेल दौलतपुर, ईस्ट कलोनी एवं रामपुर कलोनी के मुख चौक के अलावे चाय पान नाश्ता के दुकानों में देखा जा सकता है। रेल क्षेत्र में इस अवैध कारोबार के संचालन होने से रेल परिवारों ने जिला एवं रेल प्रशासन से इस दिशा में अभिलंब कार्रवाई करने की मांग की है। रेल परिवार ने बताया कि रामपुर कलोनी के आर्य समाज चौक, वर्कशप रोड, अल्बर्ट रोड, दौलतपुर कलोनी मोर सुबह दोपहर शाम इस अवैध कारोबार के संचालन होने से आने जाने वाले रेल परिवार को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अवैध लटरी के संचालन होने से कलोनी में कई अनजान चेहरों का आवागमन होने लगा है जिससे रेल परिवार डरे समय दिख दिख रहे हैं।

### गैस आपूर्ति को लेकर उपभोक्ता ने एजेंसी में की तोड़फोड़

**जमालपुर (मुंगेर)।** गैस आपूर्ति को लेकर जमालपुर में लगातार उपभोक्ता के द्वारा हंगामा किया जा रहा है। बुधवार को खेमका गैस एजेंसी में गैस को लेकर एक उपभोक्ता ने हंगामा करते हुए एजेंसी मालिक के साथ दुर्गा व्यवहार करते हुए तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया। एजेंसी में हुए तोड़फोड़ के बारे मे मालिक ज्योति खेमका ने बताया कि जिला प्रशासन के मिले निर्देश का पालन करते हुए हमारे एजेंसी में उपभोक्ता को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो इसका ख्याल रखते हुए गैस आपूर्ति किया जा रहा है। होम डिलीवरी हो या एजेंसी से गैस का कूपन काटने से लेकर गोदाम से गैस वितरण करने की प्रक्रिया पुलिस प्रशासन के निगरानी में किया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ उपभोक्ता अपनी दबंगता दिखाते हुए गाली गलौज हंगामा करने लगते हैं। आज हुए हंगामा में जहां एजेंसी का दरवाजे का शीशा तोड़ा गया। इसकी जानकारी जमालपुर पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस पहुंचकर उक्त उपभोक्ता को हिरासत में लेकर थाना ले गई। जहां माफी नाम देने के बाद उक्त उपभोक्ता को छोड़ दिया गया। इधर मामले को लेकर जमालपुर थाना के एसआई लक्ष्मी नारायण ने बताया कि गैस एजेंसी में तौर पर मामले को लेकर एक को हिरासत में लिया गया था जिसे चेतावनी एवं लिखित माफी नाम के बाद छोड़ दिया गया।

### यात्रियों के सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर जागरूकता अभियान

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेलवे सुरक्षा बल यार्ड पोस्ट जमालपुर के इंस्पेक्टर राजीव नयन के नेतृत्व में रेल सुरक्षा एवं यात्री जागरूकता को लेकर प्लेटफार्म पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान इंस्पेक्टर की टीम ने स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर यात्रियों को चलती ट्रेन में न चढ़ने-उतरने, ट्रैक पार न करने, और हेल्पललाइन नंबर 139 का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया है। साथ ही ट्रेन पर पत्थरबाजी रोकने और अनधित वेंडरों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। अभियान के बारे में इंस्पेक्टर ने यात्रियों को सलाह देते हुए बताया कि ट्रेन की छत या पायदान पर यात्रा न करें और पटरी पार करने के लिए पैदल उपरिगामी पुल का उपयोग करें।अपराध और पत्थरबाजी को रोकने के लिए आरपीएफ ने यात्रियों को जागरूक किया। वहीं महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से यात्रियों को महत्वपूर्ण जानकारी दिए।इसके अलावे स्टेशनों के आसपास अतिक्रमण हटाने और ट्रैक के किनारे रहने वालों को सावधान रहने के लिए प्रेरित किया।

# लखीसराय में बिहार दिवस का भव्य समापन कवि सम्मेलन और मुशायरे ने बांधा समां

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में तीन दिवसीय बिहार दिवस समारोह 2026 का भव्य समापन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह के अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन एवं मुशायरा कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में बाहर से आए प्रतिष्ठित साहित्यकारों के साथ-साथ जिले के शिक्षकों एवं स्थानीय रचनाकारों ने अपनी सशक्त काव्य प्रस्तुतियों से शाम को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, प्रख्यात शायर शंकर कैमूरी, सैयद इसराफिल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों एवं अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर वक्ताओं ने बिहार की समृद्ध सांस्तिक विरासत और गौरवशाली साहित्यिक परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह का मुख्य आकर्षण जिले के प्रतिभाशाली छात्र



दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते डीएम ।

चंद्रदीप का सम्मान रहा। इंटर कला संकाय में पूरे बिहार में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन करने वाले चंद्रदीप को जिला पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरा सदन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके साथ ही, समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने वाले आपदा मित्रों को भी उनके उत्ष्ट कार्यो के लिए मंच पर सम्मानित किया गया।साहित्यिक सत्र के दौरान शंकर कैमूरी, सैयद इसराफिल, पूनम श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश मिश्र, दशरथ महतो और प्रियंका कुमारी जैसे रचनाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। देशभक्ति, सामाजिक सरोकारों, प्रेम और मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत कविताओं और गजलों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रोताओं का उत्साह चरम पर रहा।इस समापन समारोह में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। बिहार दिवस का यह तीन दिवसीय आयोजन सांस्तिक समृद्धि, प्रतिभा सम्मान एवं सामाजिक सहभागिता का उत्ष्ट उदाहरण पेश करते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## मिशन परिवार विकास, लखीसराय की आशा और फैसिलिटेटर सम्मानित

लखीसराय (एनएसबी)। लखीसराय में मिशन परिवार विकास के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को सुढ़ बनाने और परिवार नियोजन के क्षेत्र में बेहतर परिणाम देने वाली कर्मियों के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित इस सम्मान समारोह में मुंगेर प्रमंडल के आरएडी एवं आरपीएम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में जिले की उन आशा कार्यकर्ताओं और आशा फैसिलिटेटरों को पुरस्त किया गया, जिन्होंने अपने क्षेत्र में मिसाल पेश की है। समारोह के दौरान विशेष रूप से सूर्यगढ़ा प्रखंड की आशा कार्यकर्ता रेखा कुमारी को श्अंतराश गर्भनिरोधक इंजेक्शन के प्रति महिलाओं को जागरूक करने और इसमें उत्ष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, आशा फैसिलिटेटर सुनैना कुमारी को परिवार



आशा को सम्मानित करते अतिथि।

नियोजन से संबंधित सभी स्वास्थ्य गतिविधियों और कार्यो में निरंतर सक्रियता व बेहतरीन तालमेल के लिए पुरस्त किया गया। व्यक्तिगत उपलब्धियों के साथ-साथ पूरे लखीसराय जिले के लिए भी यह गौरव का क्षण रहा, जब पीएआईयूडीसी में शानदार कार्य के लिए जिले को सामूहिक रूप से पुरस्त किया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान से न केवल आशा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता है, बल्कि यह अन्य कर्मियों को भी जनसेवा और स्वास्थ्य लक्ष्यों के प्रति उत्साहित करने में सहायक सिद्ध होता है।

### उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** रेल कालोनी दौलतपुर रामपुर एवं केशोपुर मसौमटिया तालाब, सूर्य मंदिर बीएमपी, के अलावे छठवंती अपने-अपने घरों के आंगन एवं छत पर चौती छठ महापर्व के चौथे दिन उदीयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य संपन्न किया गया।इस दौरान वतियों ने सूर्य देव से सुख-समृद्धि की कामना की। चौती छठ मैया की भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की गई। महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति और धार्मिक हर्षोल्लास के साथ पूजा-अर्चना की। उत्साही युवाओं ने आतिशबाजी भी की। रेल कलोनी में जहां काफी उल्लास के साथ छठ पूजा मनाई गई। श्रद्धालु मनीष मंडल, राजू यादव, सन्नी, पीयूष, सोल्जर, विकास ने बताया कि साल में दो बार छठ पूजा मनाई जाती है लोक आस्था का महापर्व छठ होता है तो दूसरा चौती छठ दोनों में रीति रिवाज एवं आस्था से जुड़ा हुआ होता है।

## स्टेशन पर 3 घंटे बिजली गुल, लिफ्ट-एस्कलेटर हुए बंद, यात्री रहे परेशान

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर स्टेशन पर लगातार यात्री सुविधा का अनदेखी किया जा रहा है। बुधवार को स्टेशन पर अचानक बिजली गुल हो गई। लगभग 3 घंटे तक गुल रहे बिजली के कारण लिफ्ट एवं एस्कलेटर बंद हो गया जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह करीब 10: 30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक बिजली गुल रहने से स्टेशन की एस्कलेटर भी पूरी तरह बंद पड़ी रही।



इससे बुजुर्ग, महिलाएं व पुरूषों और छोटे बच्चों के साथ सफर कर रहे यात्रियों की मुश्किलें काफी बढ़ गईं। बिजली नहीं रहने के कारण यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का सहारा लेना पड़ा। भारी सामान के साथ सीढ़ियां चढ़ना-उतरना लोगों के लिए बेहद कठिन साबित हुआ। कई यात्रियों ने बताया

**यात्री सुविधा का लगातार स्टेशन पर किया जा रहा अनदेखी**

कि ट्रेन पकड़ने की जल्दी में उन्हें दौड़भाग करनी पड़ी, जिससे अफरातफरी का माहौल बना रहा।यात्रियों में नसीम खान, पुरुषोत्तम, चंदन कुमार, सुधा देवी, अरुण पासवान, नीतीश कुमार, अक्षय,गोपाल प्रसाद ने कहां स्टेशन पर सुविधाएं पहले से ही सीमित हैं, ऐसे में लिफ्ट खराब होने और बिजली गुल रहने से स्थिति और बिगड़ गई।

उनका कहना था कि मरम्मत कार्य के दौरान एस्कलेटर को बंद नहीं किया जाना चाहिए था। प्लेटफर्म नंबर 3 की एक लिफ्ट पूरी तरह बंद थी, जबकि दूसरी का गेट जाम हो गया था। बताया गया कि लिफ्ट की क्षमता 12 लोगों की है, लेकिन अक्सर 20 तक लोग सवार हो जाते हैं, जिससे तकनीकी खराबी उत्पन्न होती है। स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि लिफ्ट में आई खराबी को दूर करने के लिए बिजली गुल हुई हुई थी जिसे दोपहर बाद ठीक कर लिया गया। इस बीच यात्रियों को हुई परेशानी को लेकर रेल प्रशासन खेद जताती है।

## ट्रैफिक थाने के पास चला सघन वाहन जांच अभियान
### नियमों का उल्लंघन करने वालों में मचा हड़कंप

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी के विशेष निर्देशानुसार आज दिनांक 25 मार्च 2026 को स्थानीय ट्रैफिक थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना और यातायात व्यवस्था को सुढ़ बनाना रहा। इस अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी ने किया, जिनके साथ टीम में एमवीआई प्रतीक कुमार, विपिन कुमार और ईएसआई सीमा कुमारी मुख्य रूप से शामिल रहीं।

जांच के दौरान अधिकारियों ने वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, सीट बेल्ट और प्रदूषण मानकों की बारीकी से पड़ताल की। इस अचानक हुई कार्रवाई से वाहन चालकों के बीच हड़कंप की स्थिति बनी रही और नियमों की अनदेखी करने वाले कई चालकों के खिलाफ मौके पर ही जुर्माना वसूलते हुए सख्त हिदायत दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों से समझौता करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह की कड़ी कार्रवाई जारी रखें



वाहन जांच करते डीटीओ।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**लखीसराय (एनएसबी)।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। लखीसराय समाहरणालय स्थित मंत्रणा कक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रशिक्षुओं में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने पिछले दो दिनों के विषयों की पुनरावृत्ति कराते हुए फील्ड वर्क से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। विशेष रूप से प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को डिजिटल माध्यम से गणना कार्य करने का अभ्यास कराया गया, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटि से बचा जा सके। प्रशिक्षण के अंतिम दिन डेटा की शुद्धता, समय पर डेटा अपलोडिंग और फील्ड में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर विशेष बल दिया गया। प्रशिक्षुओं को निर्देशित किया गया कि मकान सूचीकरण के दौरान हर प्रविष्टि अत्यंत सावधानी से भरी जाए। साथ ही परिवार के निवास स्थान के निर्धारण, किरायेदार और






प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

मालिक की पहचान तथा अस्थायी व स्थायी निवास से संबंधित तकनीकी बारीकियों को भी स्पष्ट किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि जनगणना देश के सर्वांगीण विकास की आधारभूत प्रक्रिया है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े ही भविष्य की सरकारी योजनाओं और नीतियों के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार की जनगणना पूरी तरह डिजिटल प्रणाली पर आधारित है, जिससे कार्य में पारदर्शिता और सटीकता आएगी। डीएम ने सभी कर्मियों को पूरी निष्ठा के साथ दायित्व निभाने और प्रशिक्षण में सीखे गए कौशल को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मकान सूचीकरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पर्यवेक्षकों को नियमित रूप से कार्यो की निगरानी करने को कहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी अधिकारियों और कर्मियों को आगामी कार्यो के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर अपर समाहर्ता नीरज कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी राम विनोद यादव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला योजना पदाधिकारी आशुतोष कुमार सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी पिंटू कुमार और विशिष्ट शिक्षक कुमार गौरव ने तकनीकी मार्गदर्शन दिया, जबकि राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी राधेश्याम कुमार भी इस दौरान उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति मुंगेर की समीक्षात्मक बैठक

**मुंगेर (एनएसबी)।** जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति मुंगेर की समीक्षात्मक बैठक बुधवार को संग्रहालय सभागार में संजय कुमार मंत्री गन्ना उद्योग विभाग बिहार-सह-प्रभारी मंत्री मुंगेर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, लोहिया स्वच्छ भारत अभियान, जीविका, मनरेगा, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, षि, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, उर्जा, राजस्व एवं भूमि सुधार, उद्योग, नगर विकास एवं आवास, श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर बिंदुवार चर्चा करते



हुए उसकी समीक्षा की गई। इसके पूर्व मुख्य मंत्री समग्र शहरी विकास योजना की समीक्षा की गई, जिसमें जिले के विकास के लिए संचालित एवं कार्यान्वित योजनाओं के गुणवत्ता पूर्ण कार्य करते हुए उसे ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में सदस्य बिहार विधान परिषद समीर कुमार सिंह, जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, जमालपुर विधायक नचिकेता, समिति के उपाध्यक्ष, नगर आयुक्त पार्थ गुप्ता दीक्षित, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित समिति के सदस्य एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मंत्री ने कहा कि मुंगेर जिला प्रभारी मंत्री बनने के पश्चात आज जिले में पहली बार मुझे यह बैठक करने का मौका मिला है। सभी लोगों को कार्य का मौका मिला है और मुंगेर का विकास हम सब की जिम्मेवारी है। आज की बैठक में समीक्षोपरांत जितनी भी बातें समस्याएं सामने आई है, उसका शीघ्रताशीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करें तथा शीघ्र ही बैठक कर आज की समीक्षा में जितने भी मामले आएं हैं, उसकी समीक्षा कर अद्यतन प्रतिवेदन तैयार करें। तीन महीने बाद मेरे द्वारा दूसरी बैठक कर सभी समस्याओं के समाधान अथवा अग्रेतर कार्रवाई से संबंधी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से भी कहा कि आप सभी किसी भी समस्याओं को छिपाएं नहीं, बल्कि उसे सामने रखें, ताकि उसका ससमय और उचित समाधान कर आमजनता को उसका लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि समीक्षा में जो भी जानकारी अथवा निदेश दिए गए हैं उसकी कार्रवाई सिर्फ कागजों पर ही सीमित न हो, यही ख्याल रखें। उस कार्य को हर हाल में जमीनी स्तर पर कराएं ताकि योजनाओं का ससमय क्रियान्वयन हो सकें तथा विकास में गति दिखे। उन्होंने कई विभागों के कार्यो कों लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करने की जहां सराहना की वहीं विद्युत एवं पीएचईडी विभाग द्वारा कार्यो की सही जानकारी नहीं देने पर नाराजगी व्यक्त की।

### सूर्यगढ़ा में अनियंत्रित होकर टोटो पलटी, महिला समेत चार लोग घायल

**लखीसराय/सूर्यगढ़ा।** सूर्यगढ़ा बाजार स्थित बड़ी दुर्गा मंदिर के समीप एनएच-80 पर बुधवार की सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते बचा, हालांकि इस दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब नौ बजे यात्रियों से भरी एक टोटो रिक्शा अपनी गति से जा रही थी, तभी अचानक सड़क पार कर रही एक महिला को बचाने के प्रयास में टोटो अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर ही पलट गई। इस हादसे में टोटो चालक सहित उस पर सवार चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद सूर्यगढ़ा थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सूर्यगढ़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दो लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखीसराय सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। रेफर होने वालों में टोटो चालक और कटेहर निवासी एक वृद्ध महिला शामिल हैं। अन्य घायलों का उपचार स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है।

### मां दुर्गा का पट खुलते ही मंदिरों एवं पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** चौत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि को जोगी बाबा दुर्गा स्थान रामपुर, दौलतपुर एवं गौरीपुर, नयागांव दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा के पट खुलते



ही मंदिरों और पूजा पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी है। इस दिन माता के कालरूपा (काली) या अन्य दिव्य स्वरूपों की पूजा की जाती है और श्जय माता दीश के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। पुजारी प्रकाश पाठक ने बताया कि सप्तमी की सुबह माता का पट भक्तों के लिए खोला जाता है, जो देवी के जागरण का प्रतीक है।पट खुलते ही श्रद्धालु साक्षात मां के दर्शन के लिए आतुर हो जाते हैं और पंडालों में दर्शन करने उमड़ पड़ते हैं।सप्तमी के दिन माता के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा की जाती है, साथ ही माता की आंखों का अनावरण (चक्षुदान) भी किया जाता है।यह दिन नवपत्रिका पूजा और महासप्तमी के अनुष्ठानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इधर मंदिर में पाठ खुलने के बाद उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित एवं नियंत्रण करने को लेकर पूजा समिति के पदाधिकारी सदस्य विपिन सिंह, सनी कुमार,टुनटुन सिंह,अजय सिंह,संजय सिंह किसान, सतीश सिंह, राम सिंह,संतोष कुमार,राजा,राहुल कुमार,सानू कुमार के अलावा कई मौजूद थे।

### उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न

**लखीसराय (एनएसबी)।** आस्था, श्रद्धा और अटूट परंपरा का प्रतीक चार दिवसीय महापर्व चौती छठ पूजा बुधवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ श्रद्धापूर्वक संपन्न हो गया। महापर्व के चौथे और अंतिम दिन श्उषा अर्घ्यश के अवसर पर लखीसराय शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भक्ति का अनुपम नजारा देखने को मिला। सुबह की पहली किरण के साथ ही वतियों ने नदी, तालाब, पोखर और घरों की छतों पर बने त्रिम घाटों पर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना की। छठ पूजा का सबसे महत्वपूर्ण चरण माना जाने वाला उषा अर्घ्य पूरी निष्ठा और कड़े नियमों के साथ संपन्न किया गया। इस अवसर पर छठ वती चंदा रानी ने बताया कि सूर्यदेव की आराधना से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-शांति का वास होता है। उन्होंने साझा किया कि उपासना के दौरान होने वाले शारीरिक कष्ट पर भी भक्ति के कारण खुशी की अनुभूति होती है, क्योंकि यह पर्व व्यक्तिगत सुख के साथ-साथ पूरे समाज के कल्याण के लिए किया जाता है। बुधवार तड़के से ही शहर के किउल नदी स्थित विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी थी। पारंपरिक वेशभूषा में सजे महिला और पुरुष वती अपने हाथों में सूप, डाला, ठेकुआ, फल और गन्ना लेकर जल में खड़े होकर सूर्य देव की प्रतीक्षा करते नजर आए। घाटों पर बज रहे छठ गीतों की मधुर ध्वनि और ष्छठी मईयाष के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# सीएम ने भोजपुर को दी 466 करोड़ की योजनाओं की सौगात

## 197 करोड़ की 494 योजनाओं का उद्घाटन, 269 करोड़ की 227 योजनाओं का शिलान्यास

**आरा (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के क्रम में भोजपुर जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

सीएम ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर में 100 शैय्या वाले सीसीबी (क्रिटिकल केयर ब्लॉक) के निर्माण कार्य (लागत 4450 लाख रुपये) का शिलान्यास किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने हॉस्पिटल बिल्डिंग, चिकित्सक एवं कर्मचारी आवास आदि के निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली और अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने इसी परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर भोजपुर जिले के लिए 197 करोड़ रुपये की लागत से 494 योजनाओं का उद्घाटन एवं 269 करोड़ रुपये की लागत से 227 योजनाओं का शिलान्यास किया। मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी, उप मुख्यमंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चैधरी, श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, डीएम तनय सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक राज सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**अधिकारियों को दिये तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश**


फीता काटते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, साथ में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा व मंत्री विजय चौधरी।

## सीएम ने 29,112 समूह की दीदियों को 236 करोड़ का सांकेतिक चेक सौंपा, स्टॉलों का किया निरीक्षण

**आरा (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों द्वारा जीविकोपार्जन कार्य से जुड़े हुए विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 29,112 जीविका स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 236 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया।

वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि आपने महिलाओं की तरक्की के लिए काफी काम किया है। हम सभी जीविका दीदियां सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं से काफी तरक्की कर रही हैं। हमारा परिवार आगे बढ़ रहा है। आपकी कृपा से हमलोग खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपलोग ऐसे ही काम करते रहिए और आगे बढ़िए। सरकार हरसंभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के 78 लाभुकों को 3 करोड़ 90 रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यिकी विकास योजना, अंतजार्तीय विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना सहित अन्य विभागों की योजनाओं के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, समाज कल्याण विभाग, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, कृषि विभाग, उद्योग विभाग के स्टॉलों का निरीक्षण कर विभाग द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को देखा और उसकी सराहना की।


निरीक्षण करते मुख्यमंत्री, विप सभापति व मंत्रीगण।

## संक्षिप्त खबरें

### पीरो में नहीं निकलेगा रामनवमी जुलूस

#### आयोजन समिति ने स्थगित किया इस वर्ष का कार्यक्रम

**पीरो (एनएसबी)।** चैत्र नवरात्रि के मौके पर पीरो में आयोजित होने वाली भव्य रामनवमी जुलूस सह शोभा यात्रा को इस वर्ष स्थगित कर दिया गया है। रामनवमी जुलूस आयोजन समिति के अध्यक्ष रवि केशरी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित एक आपात बैठक में मौजूद समिति के सदस्यों में इस आशय का निर्णय लिया है। कहा गया है कि इस वर्ष अपरिहार्य कारणों से आयोजन को स्थगित किया जा रहा है। अगले वर्ष परंपरानुसार रामनवमी जुलूस सह शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में संतोष सिंह, महेंद्र सिंह, दीपक आर्य, बमबम केशरी, टुन्नी गुप्ता, सुरेश गुप्ता, राहुल कुमार, अंकित कुमार, गणेश प्रसाद, आलोक कुमार, मोनू कुमार, मनीष कुमार, निर्मल कुमार, रोहित वर्मा, मिट्ठू कुमार, धर्मवीर कुमार, हरेराम कुमार समेत दर्जनों लोग शामिल थे। बता दें कि मंगलवार को दिन दहाड़े पीरो अनुमंडल प्रशासनिक कार्यालय सह रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में हुई गोलीबारी में कुल सात लोग जख्मी हो गए थे जिनमें से चार को गंभीर स्थिति में आरा रेफर किया गया है। तनाव के माहौल के मद्देनजर संभवतः आयोजन समिति की ओर से सतर्कता बरती जा रही है।

### एमडीजे पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**आरा (एनएसबी)।** एमडीजे पब्लिक स्कूल लोहई टोला रामप्रवेश नगर बाली सोनबरसा को 17वे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन कुल 36 खेलों के फाइनल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन थाना प्रभारी सोनबरसा संतोष कुमार तथा विद्यालय के निदेशक डॉ नंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम आविष्कार हाउस एवं संस्कार हाउस के बीच फाइनल क्रिकेट मैच खेला गया संस्कार हाउस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया, खेल का शुभारंभ सोनबरसा थाना प्रभारी संतोष कुमार के द्वारा बल्लेबाजी कर आरंभ किया गया अविष्कार हाउस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 111 रनों का विशाल स्कोर बनाया लक्ष्य का पीछा करने उतरी संस्कार हाउस ने निर्धारित 8 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 82 रन ही बना पाई और अविष्कार हाउस ने 29 रनों से इस मैच को जीत लिया मैन ऑफ द मैच कप्तान आदित्य राज क्लास टप तथा मैन ऑफ द सीरीज रोहित कुमार क्लास प को प्रदान किया गया विद्यालय में आयोजित सभी खेलकूद के विजेताओं को गोल्ड, सिल्वर तथा ब्रॉन्ज मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विद्यालय के निदेशक डॉ नंदकुमार सिंह ने बच्चों में शारीरिक विकाश के महत्व को बताते हुए कहा की स्वस्थ मस्तिष्क के लिए स्वस्थ शरीर तथा स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद अत्यंत महत्वपूर्ण है उन्होंने खेलकूद में आगे बढ़ते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय के खेल शिक्षक, सभी शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक स्टाफ, उपस्थित थे।



### महंत महादेवानंद महिला महाविद्यालय में द वेगन चॉइस विषय पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

**आरा (एनएसबी)।** महंत महादेवानंद महिला महाविद्यालय में 24 एवं 25 मार्च को द वेगन चॉइस विषय पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उद्धारिणी फाउंडेशन द्वारा एनिमल क्लाइमेट हेल्थ सेव फाउंडेशन एवं आरएसडब्ल्यूएफ के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. एनपी पालित, डॉ स्मृति चैधरी, स्वर्णिका सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। प्राचार्य डॉ पालित ने पर्यावरण संरक्षण, पशुओं की सुरक्षा तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवन शैली के लिए पर्यावरण-अनुकूल वेगन आहार अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। सुश्री स्वर्णनिका राज सिंह एवं जिशु दयाल द्वारा वेगनिज्म के महत्व पर विचारपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। संचालन डॉ. स्मृति चैधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन वेगन आहार एवं जीवन शैली को प्रोत्साहित करने हेतु एक पाक-कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 30 प्रतिभागियों ने अपने वेगन व्यंजन प्रस्तुत किए। मानसी एवं शिखा ने नारियल दूध की खीर बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा उन्हें 5000 की नकद राशि प्रदान की गई। खुशी ने बिना डेयरी उत्पादों के वेगन रस मलाई बनाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और 3000 की पुरस्कार राशि प्राप्त की। मनीषा, अदिति, रिमझिम एवं पूजा को उनके उत्कृष्ट एवं अभिनव वेगन व्यंजनों के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, टी-शर्ट एवं वेगन कुकबुक प्रदान की गई। मौके पर डॉ. राजीव कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. अवधेश प्रसाद, डॉ. अमरेश कुमार, डॉ. शिखा, डॉ. राघवेंद्र विकास सिंह, डॉ. अमरजीत कुमार, डॉ. जुगल प्रसाद, डॉ. राखी सिंह, डॉ. स्वाति, डॉ. पूनम, डॉ. सरोज, डॉ. सुधा निकेतन रंजनी, डॉ. प्रीति कुमारी आदि थे।




## सीएम ने योजनाओं को तेजी से पूर्ण करने का दिया निर्देश

**आरा (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री आरा शहर के जीरोमाइल में रुके और वहां जिले में चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक कार्यों की जानकारी ली। इस क्रम में भोजपुर जिला अंतर्गत जीरोमाइल से असनी फ्लाईओवर (एनएच.-30 का लेफ्ट आउटर भाग) तक टू लेन आरओबी सहित फोर लेन में चैड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य, आरा शहर हेतु रिंग रोड योजना के तहत पथों एवं फ्लाईओवरों का निर्माण, आरा-बक्सर फोर लेन (एन.एच.-922) से छपरा (भाया बबुरा) पथ का फोर लेन से सिक्स लेन में परिवर्तन कार्य, रेलवे स्टेशन से कतिरा पथ एवं रमना मैदान भाया एसपी आवास, कृषि भवन, प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय, जिला न्यायाधीश आवास पथ का चैड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य, चंदवा से धरहरा तक आरा शहर सुरक्षा बांध का सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण कार्य, संदेश से अखगांव होते हुए कोईलवर तक नहर के बांध पर पथ का निर्माण कार्य, देव सूर्य मंदिर परिसर का विकास कार्य एवं सौंदर्गीकरण कार्य सहित अन्य क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को योजनाओं को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### जीविका मार्ट सह प्रशिक्षण केंद्र भवन का किया निरीक्षण

**आरा (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन बाजार समिति, आरा पहुंचे जहां उन्होंने कृषि उत्पादन बाजार समिति प्रांगण का जीर्णोद्धार एवं निर्माण (लागत 5785.50 लाख रुपये) का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने परिसर का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान वहां लगाए गए कृषि उत्पाद, फल आदि का अवलोकन किया और उत्पाद की गुणवत्ता एवं उसके उत्पादन के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर में जीविका मार्ट सह प्रशिक्षण केंद्र भवन का निर्माण एवं असैनिक कार्य (लागत 29.99 लाख रुपये) का शिलापट्ट अनावरण कर फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने जीविका मार्ट सह प्रशिक्षण केंद्र भवन का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं एवं कार्य पद्धतियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे जीविका दीदियों को स्वरोजगार में और सहूलियत होगी तथा उनके उत्पादों को और बेहतर बाजार और मूल्य मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कृषि उत्पादन बाजार समिति प्रांगण में स्वादिका कैफे का निर्माण कार्य एवं असैनिक कार्य (लागत 20.75 लाख रुपये) का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने वहां की सुविधाओं की जानकारी ली।

## भोजपुर में सीएम की समृद्धि यात्रा से जिलेवासियों में मायूसी : मनोज

**आरा (एनएसबी)।** राजद नेता मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री का भोजपुर जिला में समृद्धि यात्रा सिर्फ पिकनिक बनकर रह गया। जिला के आम अवाम उत्साहित होकर प्रतिक्षा कर रही थी कि मुख्यमंत्री आरा में घोषणा कर देंगे शाहाबाद कमिश्नरी बनाने का। लेकिन आज का समृद्धि यात्रा सिर्फ सरकारी खजाने का लूट प्रशासन तक सीमित रह गया। मुख्यमंत्री जी का भाषण भी सिर्फ पहले की सरकार क्या किया और भारत सरकार की उपलब्धि गिनाने में बीत गया। शायद मुख्यमंत्री जी भूल गए लालू जी के राज में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, पावर ग्रिड, आरा-सासाराम रेलवे लाइन, कस्तूरबा विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, दो अनुमंडल, दो प्रखंड, डेयरी, महादलितों का घर और फोर लाइन रोड बना। मुख्यमंत्री कृषि का चर्चा कर रहे थे कि चैथे कृषि रोड मैप हम लागू कर दिए। मुख्यमंत्री जी को यह भी बताना चाहिए किस तरह इस राज्य में प्रखंड से लेकर जिला तक बिना पैसा के चढ़ावा दिए एक काम नहीं होता है। आज के भाषण से मुख्यमंत्री जी का लग रहा था कि यह उनकी विदाई यात्रा चल रही है।

**राजद नेता बोले-उत्साह था कि मुख्यमंत्री करेंगे कमिश्नरी की घोषणा**

## 30 अप्रैल तक कमिश्नरी की घोषणा नहीं होने पर होगा आंदोलन : धीरेंद्र

**आरा (एनएसबी)।** शाहाबाद कमिश्नरी निर्माण संघर्ष समिति ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक ज्ञापन सौंपकर भोजपुर, बक्सर, कैमूर और रोहतास जिलों को मिलाकर शाहाबाद कमिश्नरी बनाने तथा उसका मुख्यालय आरा में स्थापित करने की मांग की। इसी दौरान विधायक श्रीभगवान सिंह ने भी मुख्यमंत्री से प्रमंडल गठन और मुख्यालय आरा में घोषित करने की जोरदार मांग की। मुख्यमंत्री ने तालियां बजाकर प्रस्ताव का समर्थन किया, लेकिन सभा के अंत तक कमिश्नरी के गठन और मुख्यालय को लेकर कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की गई।

संघर्ष समिति के संयोजक धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि वर्ष 1996 से शाहाबाद को कमिश्नरी बनाने का आंदोलन लगातार जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार सरकार जानबूझकर इसकी घोषणा में देरी कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 30 अप्रैल तक कमिश्नरी की घोषणा नहीं की गई, तो आंदोलन फिर से शुरू किया जाएगा। विधायक राधा चरण साह ने पूर्व में विधानसभा में इस मुद्दे को सरकारी संकल्प के माध्यम से उठाया था। समिति ने अन्य जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपील की। संयोजक ने कहा कि अप्रैल के पहले सप्ताह में शाहाबाद के सभी जनप्रतिनिधियों से मिलकर उन्हें इस संबंध में पत्र सौंपा जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि शाहाबाद कमिश्नरी बनने से शिक्षा, कृषि, उद्योग और व्यापार समेत सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास होगा। समिति ने शहाबाद की जनता की ओर से मुख्यमंत्री से 30 अप्रैल तक कमिश्नरी की घोषणा करने की मांग की है, अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा।

## पांच छात्र-छात्राओं दिया गया प्रमाण पत्र



**आरा (एनएसबी)।** समृद्धि यात्रा के दौरान बुधवार को सुबह के सीएम नीतीश कुमार व डिप्टी सीएम का निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज में आगमन हुआ,जिसमें सात निश्चय योजना के अंतर्गत स्थापित सात योजनाओं के संदर्भ में स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर युवा रोजगार संघ कौशल विभाग के अंतर्गत कुशल युवा कार्यक्रम मालती तकनीकी एवं सामाजिक कल्याण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके पांच छात्र-छात्राओं विशाखा, पीयूष, अंजली, संयम, पूजा को प्रमाण पत्र दिया गया एवं स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का लाभ लेकर रोजगार प्राप्त करने वाले बीपीएससी शिक्षिका आफरीन आलमी, डॉ. उत्कर्षणी, अंजली, जय गोविंद एवं रेनू को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीन एवं टूल किट का वितरण भी किया गया। इस मौके पर डीएम तनय सुल्तानिया, डीडीसी डॉ. गुंजन सिंह, जिला नियोजन पदाधिकारी प्रणव प्रतीक, जिला कौशल प्रबंधक राकेश कुमार, संजय कुमार, अमृता मैनेजर रवि शंकर, कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र संचालक सत्य प्रकाश एवं डॉ. विकास कुमार आदि उपस्थित रहें।

### श्री दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में फुलवारी लीला का मंचन

**आरा (एनएसबी)।** आरा-सासाराम स्टेट हाइवे के किनारे थाना भवन के समीप चल रहे श्री दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा सह पंचकुण्डीय महायज्ञ में रामलीला के कलाकारों ने फुलवारी लीला का मंचन किया। फुलवारी लीला में राम और लक्ष्मण गुरु की आज्ञा से पुष्प वाटिका में पुष्प लेने के जाते हैं जहॉ सहेलियों संग सीता को देखते हैं। लता ओट तब सखिन्ह लखाए। स्यामल गौर किशोर सुहाए देखि रूप लोचन ललचाने। हरषे जनु निज निधि पहिचाने। वहीं मंच पर विराजमान रामायणी के सधे स्वर का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। कलाकारों के बेहतरीन संवाद, संगीत और अभिनय से लीला मंचन में चार चांद लग गया। रामलीला मंचन के दौरान कलाकारों में महंत पिंटू मिश्रा, ब्यास श्रीकांत राय, अमित कुमार, कमलेश जी, रामानंद राय सहित कई लोग मौजूद रहें।

## 19.35 लाख की ठगी मामले में शातिर गिरफ्तार

**आरा (एनएसबी)।** ब्लैकमेलिंग एवं धोखाधड़ी कर 19.35 लाख की ठगी मामले में साइबर पुलिस ने एक अपराधी को चार मोबाईल सहित गिरफ्तार किया। प्रमोद कुमार राय अंधारी, थाना-चैरी, भोजपुर वर्तमान पता न्यू कॉलोनी सतिवाड़ा मोड़, पकड़ी, थानाआरा नवादा, भोजपुर जो वर्तमान में अधिवक्ता एवं नोटरी पब्लिक के रूप में व्यवहार न्यायालय भोजपुर, में कार्यरत है ने एक आवेदन दिया था कि मेरे कार्य के दौरान मो० आदिल मेरे संपर्क में आया एवं उसके माध्यम से उसकी कथित बहन नेहा कुमारी के जरिए मेरे संपर्क में आई फिर मुझे प्रेम जाल में फसा कर मेरे निजी विडियो/फोटो से आपत्तिजनक समाग्री तैयार कर मुझे ब्लैकमेल कर मुझसे अब तक कुल-19,35,000 रू० ले लिया गया। उक्त कांड के उद्भेदन तथा घटना में शामिल साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्नेह सेतु, पुलिस उपाधीक्षक-सह-थानाध्यक्ष भोजपुर साइबर थाना के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक (परि०) कोमल मेहता, गॉधी नाथ पाठक, स्वाती रानी, सरिता कुमारी, लव कुमार, दीपू सिंह तथा थाना के सशस्त्र बलों एवं टेकनिकल टीम के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना का वैज्ञानिक एवं तकनीकि विश्लेषण तथा मानवीय सूचना के आधार पर अभियुक्त आदिल राशिद, पिता-हिदायत हुसैन, दौलतपुर, थाना-आरा (मु०) गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा घटना को कारित करने की बात स्वीकार किया गया। उसने शपथपत्र बनाने के दरम्यान मेरी मुलाकात प्रमोद राय से हुई थी। बाद मैं अपने मोबाईल से प्रमोद राय को व्हाट्सप पर मैसेज किया तो उन्होंने पूछा कि कौन, मैने बोला नेहा, तो प्रमोद राय के द्वारा दिलचस्पी लेते हुए बाते शुरू कर दिया गया। मेरे द्वारा अलग-अलग बहाना बनाकर प्रमोद राय से पैसे की मांग की जाने लगी और वे पैसा देते गए।




### बाबू कुंवर सिंह के बेहद करीबी थे महान योद्धा वीर देवी ओझा : शंभु शरण मिश्र

## स्वतंत्रता सेनानी देवी ओझा को दी गई श्रद्धांजलि

**शाहपुर (एनएसबी)।** प्रखंड परिसर में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा वीर देवी ओझा की स्मृति दिवस श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन देवी ओझा मेमोरियल ट्रस्ट एवं शाहपुर जागरण क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षाविद श्यामनंदन ओझा, वरिष्ठ भाजपा नेता शंभु शरण मिश्र, पूर्व जिप सदस्य नंदकुमार ओझा, डीलर संघ अध्यक्ष गुलाब सिंह, डा. एस कुमार व मुखिया संघ के जिला सचिव मनोज ठाकुर ने किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष उमेश चंद्र पांडे व सचिव अभिनव कुमार ओझा ने बताया कि वीर देवी ओझा के जीवन पर आधारित एक स्मारिका शीघ्र ही प्रकाशित की जाएगी, जिससे नई पीढ़ी उनके शौर्य और योगदान से परिचित हो सके। श्यामनंदन ओझा ने कहा कि अंग्रेजी शासन काल में देवी ओझा का नाम सुनते ही भय का माहौल बन जाता था। शंभु शरण मिश्र ने कहा कि अपने अद्भुत युद्ध कौशल के कारण देवी ओझा, बाबू कुंवर सिंह के बेहद करीबी थे और कारीसाथ छावनी के प्रमुख भी रहे। पूर्व जिप सदस्य नंदकुमार ओझा, सत्यदेव राय व सुरेमन चैधरी ने कहा कि देवी ओझा अमूल्य धरोहर हैं, वक्ताओं ने बताया कि अपनी रणकौशल के कारण वे कभी अंग्रेजों के हाथ नहीं आए। सहजौली गांव के रेमन चैबे ने देवी ओझा उनके पैतृक गांव सहजौली पर आधारित कविता सुनाई गई। कार्यक्रम में शिक्षाविद पिंटू भैया, पैक्स अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, सत्यदेव पांडे, मुकेश मिश्र, रबिन्द्र ओझा, हीरालाल ओझा सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि ऐसे वीरों की स्मृतियों को सहेजना ही सच्ची देशभक्ति है। संचालन मुक्तेश्वर मिश्र उर्फ सरजी ने किया। मौके पर चंचल ओझा, नन्हकू ओझा, मैना ओझा, मंटू दुबे, रबिन्द्र चैधरी, वृजराज चैधरी, संजय चैधरी, सुरेश राय सहित कई उपस्थित रहे।




**जल्द प्रकाशित होगी जीवनी स्मारिका**

### जन समाधान पोर्टल का हुआ विधिवत विमोचन

**आरा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जन समाधान पोर्टल का विमोचन किया गया। यह पोर्टल भोजपुर जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से विभिन्न माध्यमों से प्राप्त परिवादों एवं शिकायतों के ऑनलाइन मॉनिटरिंग एवं ट्रैकिंग के उद्देश्य से विकसित किया गया है। वर्तमान में जिले के 150 से अधिक कार्यालयों को इस पोर्टल से जोड़ा जा चुका है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पहल नागरिकों के सशक्तिकरण, पारदर्शिता एवं ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर, अपर समाहर्ता, भूमि एवं राजस्व उप समाहर्ता, आरा सदर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# उदितमान सूर्य को अर्घ्य के साथ ही छठ महापर्व संपन्न

**शकुराबाद (जहानाबाद)(एनएसबी)।** रघुनाथगंज सूर्य मंदिर परिसर में लोक आस्था तथा विश्वास के महान पर्व छठ का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया, जिसमें हजारों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। महापर्व के चौथे दिन उदितमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व संपन्न हुआ।

रघुनाथगंज छठ पूजा समिति के सदस्यों ने पूरी व्यवस्था इस ढंग से की कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। सभी ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ महापर्व की हर गतिविधि में हिस्सा लिया। पूजा को सफल बनाने में स्थानीय प्रशासन ने भी भरपूर सहयोग दिया।

सोमवार की संध्या छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया था। मंगलवार की सुबह उदितमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। इस अवसर पर रघुनाथगंज सूर्य मंदिर समिति की अध्यक्ष और बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि छठ पर्व प्रकृति का पर्व है। इस महापर्व में लोकगीतों की भी विशिष्ट भूमिका है और जितने भी प्रकार की पूजा होती है, उन सभी के लिए अलग-अलग प्रकार के लोकगीत हैं।

उन्होंने कहा कि छठ पूजा सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है। संतान प्राप्ति, सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश तथा विश्व के कई देशों में कार्तिक एवं चैत्र शुक्ल षष्ठी को यह पर्व मनाया जाता है। यह चार दिवसीय कठिन निर्जला व्रत पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समानता और कृतज्ञता का प्रतीक है। मुख्य रूप से महिलाएं संतान की लंबी उम्र, उनके स्वस्थ भविष्य और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए यह कठिन व्रत रखती हैं। सूर्य देव को जीवन और ऊर्जा का स्रोत माना गया है। छठ में सूर्य की पूजा से स्वास्थ्य लाभ मिलता है। यह पर्व पूरी तरह से प्रकृति को समर्पित है। इसमें नदी, तालाब, सूप, फल और गन्ने का उपयोग होता है, जो जल संरक्षण और पर्यावरण के प्रति सम्मान दर्शार्ता है।

नहाय-खाय से शुरू होकर 36 घंटे तक चलने वाले इस व्रत में कड़ी स्वच्छता और सात्विकता का पालन किया जाता है। यह पर्व ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाकर सभी धर्म-जाति के लोगों को एक ही घाट पर इकट्ठा कर सामूहिक पूजा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। रघुनाथगंज सूर्य मंदिर पर भी ऐसी ही अद्भुत सामूहिक पूजा संपन्न हुई, जिसके लिए सभी ग्रामवासी बधाई के पात्र हैं। सभी पर छठी मैया की कृपा बनी रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रघुनाथगंज सूर्य मंदिर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार, कोषाध्यक्ष मंटू कुमार, सचिव दीपु कुमार, रतनी पंचायत समिति के राजेश्वर प्रसाद, अजय प्रसाद, शंकर प्रसाद, उदय प्रसाद, सुनील प्रसाद, पुरुषोत्तम कुमार, गौतम कुमार, चंदन कुमार, सलमान कुमार, मुकेश कुमार, धीरज कुमार, विक्रांत कुमार, बिट्टू कुमार, सुधीर कुमार, मन्नू और निक्कू कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



जहानाबाद के रघुनाथगंज सूर्य मंदिर परिसर में अर्घ्य देने पहुंचीं लोकगायिका नीतू कुमारी नवगीत व अन्य श्रद्धालु।

## जेल से रिहा होने के बाद राजपाल यादव को मददगारों की आई याद

**पटना (एनएसबी)।** बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर और कॉमेडियन राजपाल यादव 9 करोड़ रुपये के चेक बाउंस मामले में तिहाड़ जेल की सजा काटने के बाद बाहर आ चुके हैं। जेल से रिहा होने के 35 दिन बाद राजपाल ने एक वीडियो जारी कर उन लोगों का शुक्रिया अदा किया है, जिन्होंने उनकी आर्थिक तंगी के समय हाथ थामा था। वीडियो मैसेज में राजपाल ने कहा कि मैं इंद्रजीत भाई और तेज प्रताप यादव जी का दिल से आभारी हूं। राजपाल ने तेज प्रताप को उनके राजनीतिक भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव ने 11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की थी।

जब राजपाल ने कोर्ट में सरेंडर किया था, तब उनके पास कर्ज चुकाने के लिए राशि नहीं थी। ऐसे समय में सोनू सूद जैसे कलाकारों के साथ-साथ राजनीतिक गलियारे से भी मदद के हाथ बढ़े। बता दें कि राजपाल यादव की मदद के लिए जेम ट्यून्स के फाउंडर और म्यूजिक प्रोड्यूसर राव इंद्रजीत यादव की ओर से 1.11 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद की थी। साथ ही सोशल मीडिया पर राजपाल के बैंक अकाउंट डिटेल्स साझा कर लोगों से भी मदद की अपील की थी।

सोनपुर मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

# हिंदी भाषा के प्रोत्साहन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलवे के अधिकारी व कर्मचारी सम्मानित

**मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन ने की बैठक की अध्यक्षता**

**सोनपुर (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेल, सोनपुर मंडल के अंतर्गत दिनांक 25 मार्च 2026 को मंडल सभाकक्ष में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन द्वारा की गई।

बैठक में राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग की प्रगति तथा रेलवे बोर्ड के दिशा-निदेशों के अनुरूप कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के दौरान हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने हेतु आयोजित हिंदी पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निम्नलिखित पुरस्कार प्रदान किए गए :

प्रथम पुरस्कार - श्रीमती रेशमा रानी
द्वितीय पुरस्कार -श्री पवन कुमार एवं श्री मुकेश कुमार
तृतीय पुरस्कार - श्री नीरज कुमार शर्मा एवं श्री सुजीत कुमार प्रसाद
प्रेरणा पुरस्कार - श्री प्रवीण कुमार, श्री गौतम देव, श्री चंदन कुमार पाण्डेय एवं श्री रोशन कुमार महतो

आलोच्य तिमाही में हिन्दी में सार्वाधिक कार्य करने के लिए कार्मिक विभाग के श्री दिलीप पासवान वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी को मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के द्वारा अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री सुमन कुमार तांती, राजभाषा अधिकारी श्री अनिल कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री दिलीप कुमार एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित सदस्यों को हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया तथा राजभाषा के प्रभावी उपयोग पर बल दिया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा अधिकारी द्वारा किया गया।

**संक्षिप्त खबरें**

## आरा में निःशुल्क आईवीएफ परामर्श शिविर का आयोजन

**आरा (एनएसबी)।** आज सवेरा इमरजेंसी हॉस्पिटल, मिल्लत कॉलोनी में जीशान अली और डॉ. पूजा कुमारी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय आईवीएफ शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य निसंतान दंपत्तियों को आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के प्रति जागरूक करना और उन्हें कम लागत में इलाज की सुविधा प्रदान करना था।



मरीज को परामर्श देतीं डॉक्टर।

आईवीएफ साइकिल पर मिलने वाली विशेष छूट और इलाज की आसान मासिक किस्तों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में जीशान अली ने स्वास्थ्य कर्मियों और शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

## शेरशाह शूरी का मकबरा व मां ताराचंडी के मंदिर से रूबरु हुए छात्र

**पीरो (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री बिहार दर्शन कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक परिभ्रमण पर निकले उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसडीहां के छात्र-छात्राओं ने सासाराम स्थित शेरशाह शूरी के ऐतिहासिक मकाबरा व मां ताराचंडी मंदिर सहित कई अन्य ऐतिहासिक महत्व के धरोहरों से रुबरु होकर उनके संबंध में विस्तार से जानकारी हासिल किया। छात्र-छात्राओं को पायलट बाबा धाम का भ्रमण कराया गया। दल के साथ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुशीला कुमारी, सुनील कुमार शर्मा आदि शिक्षक बच्चों के मार्गदर्शन के लिए मौजूद थी।

## मेगा स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक मरीजों की जांच, मुफ्त दवा वितरण

**आरा (एनएसबी)।** उषा हॉस्पिटल द्वारा उर्सुलिन इंग्लिश मीडियम स्कूल कारिसाथ के सहयोग से आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. सनी तथा दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि प्रभाकर ने 100 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ चार दिवसीय चैती छठ महापर्व

**आरा (एनएसबी)।** शहर सहित पूरे भोजपुर में बुधवार को भगवान भास्कर का चार दिवसीय चैती छठ महापर्व उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही श्रद्धा एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। छठ को लेकर व्रतधारियों ने बुधवार की सुबह नदी, तालाब, नहर, कुआं तथा पोखर के पास उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा-अर्चना की। इसके अलावे कई लोगों ने घर की छतों पर ही उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान छठ व्रतियों ने परिवार, मानव तथा विश्व कल्याण की कामना की। पर्व को लेकर पुलिस-प्रशासन चैकस दिखा। जगह-जगह दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी के साथ सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। नगर एवं नवादा थाना इंचार्ज इलाके में गश्त लगाते रहें। इसके अलावे डायल 112 टीम के जवान गश्त लगाते दिखे।

## सप्तमी तिथि पर आरण्य देवी मंदिर में उमड़ी आस्था की भीड़

**आरा (एनएसबी)।** नवरात्र की सप्तमी तिथि के मौके पर बुधवार को शहर की अधिष्ठात्री देवी मां आरण्य देवी के मंदिर में श्रद्धालु-भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। हजारों की संख्या में महिला-पुरुष भक्तों ने मां के दरबार में पूजा-अर्चना कर मत्था टेका। इस दौरान ह्यह्यमां आरण्य देवी की जयह्यह्य और सच्चे दरबार की जय के जयघोष से पूरा इलाका गूंज उठा।

## अज्ञात अधेड़ की मौत

**आरा (एनएसबी)।** आरा स्टेशन के समीप अप मेन लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात 55 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# सोनपुर मंडल में अलार्म चैन पुलिंग के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई

**सोनपुर (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल द्वारा रेल यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध बनाए रखने के उद्देश्य से अलार्म चैन पुलिंग (अउढ) की अनधिकृत घटनाओं के विरुद्ध सघन एवं सशक्त अभियान चलाया गया। यह अभियान दिनांक 17.03.2026 से 24.03.2026 के बीच मंडल के विभिन्न रेलखंडों एवं स्टेशनों पर प्रभावी रूप से संचालित किया गया।

अभियान के दौरान रेलवे अधिनियम 141 की संबंधित धाराओं के अंतर्गत कुल 35 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 35 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान दोषियों से 15,000/- की राशि जुमार्ने के रूप में रेल राजस्व में प्राप्त की गई।

सोनपुर मंडल प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई यात्रियों की सुरक्षा, ट्रेन परिचालन की निरंतरता तथा अनावश्यक विलंब को रोकने के उद्देश्य से की गई है। अनधिकृत अउढ से न केवल रेल परिचालन प्रभावित होता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडल द्वारा नियमित जांच, निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन में रेल सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग एवं परिचालन विभाग के समन्वित प्रयासों से यह अभियान सफल रहा। यात्रियों से अपील की जाती है कि आपात स्थिति को छोड़कर अलार्म चैन का दुरुपयोग न करें, ताकि सुरक्षित, सुगम एवं समयबद्ध रेल सेवा सुनिश्चित की जा सके।

सोनपुर मंडल भविष्य में भी यात्रियों की सुरक्षा एवं रेल अनुशासन बनाए रखने हेतु इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रखेगा।

# राज्य की पंचायती राज संस्थाओं को मिला 1203 करोड़ का अनुदान

**मंत्री दीपक प्रकाश ने केंद्रीय पंचायती राज मंत्री ललन सिंह को धन्यवाद दिया**

**पटना (एनएसबी)।** केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और महाराष्ट्र में पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई), ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को 15वें वित्त आयोग के तहत टाइड और अनटाइड अनुदान के रूप में 4,383.98 करोड़ रुपए जारी किए हैं।

इसके तहत बिहार के त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को टाइड अनुदान की दूसरी किश्त के रूप में 1203.60 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। इसके साथ ही पहली किश्त के रोके गए हिस्से से 2.09 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि उन तीन ब्लॉक, पंचायतों और सात ग्राम पंचायतों के लिए भी जारी कर दी गई है, जो अब पात्र हो गई हैं। बता दें कि 27 जनवरी को पंचायती राज विभाग के मंत्री दीपक प्रकाश ने केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की थी और विभाग से जुड़े विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञापन सौंपा था।

15वीं वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित अनुदान के तहत 803.79 करोड़, स्वास्थ्य क्षेत्र अनुदान के रूप में अवशेष 2622.65 करोड़ रुपए और राज्य की ग्राम पंचायतों में निर्मित पंचायत सरकार भवनों के क्रियान्वयन एवं रख-रखाव के लिए प्रति वर्ष वित्तीय सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया था। उन्होंने राज्य के जिला पंचायत संसाधन केंद्रों में कंप्यूटर लैब के सुदृढ़ीकरण और ई-गवर्नेंस कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन और पंचायत स्तर पर आईटी आधारित सेवाओं के सुचारु क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के लिए बजट में वृद्धि प्रदान करने का आग्रह किया था।

बिहार के मंत्री दीपक प्रकाश ने इसके लिए केंद्रीय पंचायती राज मंत्री ललन सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस राशि से राज्य की ग्राम पंचायतों में संचालित जनकल्याणकारी कार्यों को नई गति प्राप्त होगी। राज्य की ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों को स्वच्छता, ओडीएफ की स्थिति के संरक्षण व सुरक्षित पेयजल जैसी आधारभूत सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेगी।

# जियर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में अयोध्या में हो रहा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

**आरा (एनएसबी)।** श्री जियर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में राजघाट अयोध्या में चल रहे 10 दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आज सातवें दिन सैकड़ो बाल ब्रह्मचारियों को उपनयन संस्कार कराया गया। बिहार झारखंड उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के श्रद्धालु श्री जीयर स्वामी जी महाराज के दर्शन हेतु आ रहे हैं। अयोध्या के प्रसिद्ध मठ मंदिरों के संत महात्मा श्री जीयर स्वामी जी महाराज से मिलकर उनको सम्मानित किये।

उन लोगों ने स्वामी जी से कहा कि आपने इस पावन धरती अयोध्या में आकर इतना बड़ा भव्य यज्ञ करा कर हम सबको धन्य कर दिया। यह पहली बार है कि अयोध्या में एक यज्ञ मंडप में 5000 यजमान एक साथ आहुति दे रहे हैं। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि यज्ञ समिति के अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री श्री दयाशंकर सिंह प्रचारक कमलेश सिंह राहुल सिंह रोहित सिंह, दीपक तिवारी बच्चा जी उर्फ रामानुज दुबे सहित काफी संख्या में स्वामी जी के शिष्य यज्ञ को सफल बनाने में लगे हुए हैं.उत्तर प्रदेश सरकार के कई मंत्री तथा विधायक प्रतिदिन स्वामी जी के दर्शन करने हेतु आ रहे हैं। हजारों की संख्या में महिला तथा पुरुष यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर रहे हैं. तो दूसरी तरफ भव्य बने प्रवचन पंडाल में दूर-दूर से आए संत महात्मा का लोग प्रवचन सुन रहे हैं। यह दृश्य दूर से ही अद्भुत दिखाई दे रहा है। 28 मार्च 2026 को यज्ञ की पूर्णाहुति है जिसके लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्था की जा रही है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग प्रसाद ले रहे हैं तथा पूरे अयोध्या नगर का दर्शन कर रहे हैं। आचरण और गरिमा ही मनुष्य को सभी योनियों से अलग बनाता है। इसलिए मनुष्य को अपनी मयार्दा के अंदर रहनी चाहिए।



जियर स्वामी जी महाराज ।

## बंगाल की जनता अपने वोट से ममता को सत्ता से आउट करेगी : रामकृपाल

**पटना (एनएसबी)।** पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार सरकार में मंत्री रामकृपाल यादव ने सीएम ममता बनर्जी पर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान बंगाल की जनता अपने मत का प्रयोग कर ममता बनर्जी को बंगाल से आउट करेगी।

पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान बिहार सरकार में मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऐसे कई काम किए हैं, जिनके नतीजे उन्हें भुगतने पड़ेंगे। सबसे पहले तो, जनता उन्हें अपने वोट से सत्ता से बाहर कर देगी, उन्होंने जिस तरह का भ्रष्टाचार, जुल्म और कानून तथा संविधान की अवहेलना की है। जनता उसका सबक सिखाएगी।

उन्होंने कहा कि क्या आपने नहीं देखा कि ईडी की कार्रवाई के दौरान हस्तक्षेप करने के लिए प्रदेश की सीएम पहुंच गईं। उन्होंने कार्रवाई को बाधित करने का भरपूर प्रयास किया।

मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि ममता बनर्जी ने आईपैक पर ईडी की कार्रवाई के दौरान दस्तावेजों और सामग्री को अपने कब्जे में ले लिया। क्या कभी कोई मुख्यमंत्री ऐसा करता है? मुझे लगता है कि उनकी दुर्गति होने वाली है, उन्हें इसका अंजाम आगे भुगतना होगा।

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच भारत सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक पर रामकृपाल यादव ने कहा कि पूरी दुनिया संकट के दौर से गुजर रही है। पीएम मोदी ने लोकसभा और राज्यसभा में भारत की तैयारियों से देश को अवगत कराया है।

उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों को लेकर देश और बिहार में असर पड़ रहा है और इसकी चिंता हमारे प्रधानमंत्री को भी है। मुझे विश्वास है कि वे सभी को एक साथ लाकर इस समस्या का निदान करेंगे। अमेरिका से भी बातचीत चल रही है। देश को पीएम मोदी पर भरोसा है कि वे जरूर इस समस्या का समाधान निकालेंगे।

# सनातनी बनकर शोभा यात्रा में भाग लें : शिवनाथ जी

**आरा (एनएसबी)।** शिवनाथ दासजी महाराज की अध्यक्षता में मैना सुंदर धर्मशाला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संतश्री देवराहा शिवनाथ दासजी महाराज ने कहा कि अयोध्या में लगा भगवान राम का विग्रह धीरे-धीरे पूरे विश्व में लगेगा। आज वही राम की मूर्ति धीरे-धीरे पूरे विश्व में लोग अपने घरों में लगाकर उसकी पूजा कर रहे हैं।

संत श्री ने आगे कहा कि यह प्रभु श्रीराम की ही कृपा है कि रामनवमी के अवसर पर लोगों को भगवा गमछा से सम्मानित किया जा रहा है। संतश्री ने कहा कि हमलोग सनातनी हैं और सनातन धर्म का पालन करने वाले हैं। इसलिए सभी रामभक्तो से आग्रह है कि सनातनी बनकर शोभायात्रा में अधिक से अधिक शामिल हों। जिससे यह शोभायात्रा ऐतिहासिक हो जाए। वहीं समिति के महासचिव श्री शंभू प्रसाद चैरसिया ने कहा कि इस बार हमलोग भगवान श्रीराम का 26वां जन्मोत्सव हमलोग मनाने जा रहे हैं। इसलिए हम सभी लोगों से आग्रह कर रहे हैं कि जात-पात की करो विदाई। हम सब हिन्दू भाई भाई। वहीं इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू सिंह बबुआन, कोषाध्यक्ष गोकुल सिंह सह कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, सुरक्षा प्रमुख राजेश्वर पासवान, स्टार प्रचारक सरोज पांडेय, प्रचार रथ ड्राइवर अभय सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष सन्नी पांडे, विक्की उपाध्याय, उपाध्याय नवीन प्रकाशजी, सचिव सुधीर सिंह, सदस्यता शुल्क प्रभारी अजय कुमार सिन्हा, सजावट प्रमुख बादल जालान, झांकी प्रमुख शंभू सिंह सह प्रमुख हरिओम सिंह, हर्ष राज मंगलम, आदित्य प्रकाश जी, शैलेन्द्र कुमार सुमन, शैलेन्द्र सिंह, हर्ष राज मंगलम, सहित सभी रामभक्त थे।



सम्मान समारोह का हुआ आयोजन।

## राजग में हिम्मत है तो बिहार में यूसीसी लागू करे : भाई वीरेंद्र

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक भाई वीरेंद्र ने यूसीसी के मुद्दे पर बिहार की डबल इंजन सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस सरकार में हिम्मत है तो प्रदेश में यूसीसी लागू कराकर दिखाए। हम बिहार में यूसीसी लागू नहीं होने देंगे। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक भाई वीरेंद्र का यह बयान उस वक्त आया है, जब गुजरात विधानसभा ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित कर दिया है। गुजरात यूसीसी लागू करने वाला दूसरा राज्य बन गया है। गुजरात से पहले उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने यूसीसी लागू की थी। पटना में आईएएनएस से बातचीत में राजद विधायक ने कहा कि यह सरकार जो कानून ला रही है और कई नई चीजों को लेकर बात करती है।